

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




03 दिल्ली : अरविंद केजरीवाल ने पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के रजिस्ट्रेशन ... | महाराष्ट्र में भाजपा अकेले ही निकायचुनाव लड़ने ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 256 | नई दिल्ली, बुधवार, 01 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

प्रातः किरण परिवार की ओर से समस्त देश वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## दल्लेवाल को मेडिकल सहायता मामले में उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार को दिया तीन दिन का अतिरिक्त समय

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक महीने से अधिक समय से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल को मेडिकल सहायता देने के अपने आदेश पर अमल करने के लिए पंजाब सरकार को उसके अनुरोध पर मंगलवार को तीन दिन यानी दो जनवरी तक की अतिरिक्त मोहलत दी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने इस संबंध में पंजाब सरकार द्वारा दायर एक आवेदन और राज्य के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की मौखिक गुहार पर गौर करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष पंजाब के महाधिवक्ता श्री सिंह ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसानों ने प्रस्ताव दिया है कि अगर केंद्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों पर उनसे बात करने के लिए तैयार हो तो उनके नेता दल्लेवाल मेडिकल सहायता लेंगे। श्री सिंह यह भी कहा कि केंद्र को प्रस्ताव दिया गया है और यदि वह बातचीत के लिए तैयार है तो दल्लेवाल चिकित्सा सहायता लेने के लिए तैयार हैं। महाधिवक्ता ने कहा कि सोमवार को कुछ हस्तक्षेपकर्ता दल्लेवाल से बात करने गए थे। उन्होंने कहा कि बंद का आह्वान किया गया



था जिसके परिणामस्वरूप पूरे राज्य में नाकेबंदी की गई। इस पर पीठ ने कहा, 'हम यह देखने के लिए समय देंगे कि क्या सभी पक्षों के लिए कुछ सहमत है।' पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'परिस्थितियों की समग्रता को ध्यान में रखते हुए और न्याय के हित में हम इस अदालत द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन के लिए कुछ और समय देने के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए इच्छुक हैं।' पीठ ने 26 नवंबर से आमरण अनशन कर रहे दल्लेवाल को मेडिकल सहायता लेने के लिए मनाने के अनुरोध पर पंजाब सरकार को तीन दिन का अतिरिक्त समय देते हुए यह भी कहा, 'हम इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे कि क्या चल रहा है या बातचीत के बारे में क्या है। अगर कुछ ऐसा होता है जो सभी पक्षों को स्वीकार्य है तो हम समान रूप से खुश हैं।' शीर्ष अदालत इस मामले में दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राज्य सरकार द्वारा भूख हड़ताल पर बैठे दल्लेवाल को 20 दिसंबर के अदालती आदेश के अनुसार चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में विफल रहने के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 28 दिसंबर 2024 को पंजाब सरकार को फटकार लगाई थी और दल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया है। इसके साथ ही यह भी कहा था कि राज्य सरकार को यदि जरूरत पड़े तो वह केंद्र सरकार से सैन्य सहायता लेने के लिए स्वतंत्र है। गैर-राजनीतिक संगठन एसकेएम और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर धरने पर बैठे हुए हैं। उस दिन पुलिस ने उनके दिल्ली मार्च को वहां रोक दिया था। उन आंदोलनकारी किसानों में से 101 किसानों के एक समूह ने छह से 14 दिसंबर के दौरान तीन बार पैदल दिल्ली मार्च करने का प्रयास किया लेकिन हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। ये आंदोलनकारी किसान कर्ज माफी, पेंशन, बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी पर लगाम लगाने, आंदोलनकारी किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय की भी मांग कर रहे हैं।

## भारत का रक्षा निर्यात 10 वर्षों में रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये के हुआ पार: राजनाथ सिंह

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मध्य प्रदेश के दौरे के दौरान महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, अब 21,000 करोड़ रुपये के प्रभावशाली स्तर को पार कर गया है। इसी के साथ हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में बनाए गए उपकरणों (मेड इन इंडिया इक्विप्मेंट) को दूसरे देशों में भेजा जा रहा है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

महू (मध्य प्रदेश)। भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के 2,000 करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मध्य प्रदेश के दौरे के दौरान महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, अब 21,000 करोड़ रुपये के प्रभावशाली स्तर को पार कर गया है। इसी के साथ हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में बनाए गए उपकरणों (मेड इन इंडिया इक्विप्मेंट) को दूसरे देशों में भेजा जा रहा है। सिंह ने कहा कि लगातार



आगे बढ़ते और विकसित होते समय में एडवांस टेक्नोलॉजी में निपुणता हासिल करना समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा कि सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में कहा, इंफॉर्मेशन वॉरफेयर, एआई बेस्ड वॉरफेयर, प्रॉक्सी वॉरफेयर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वॉरफेयर, स्पेस वॉरफेयर और साइबर अटैक बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित होने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन्फेंट्री स्कूल में वेपन ट्रेनिंग, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) में एआई और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग के जरिए इंटीग्रेशन बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, कुछ अफसर भविष्य में दूसरे देशों में दूतावास या उच्चायोग में नियुक्त होंगे, जिनकी जिम्मेदारी अहम होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन अधिकारियों को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ह्वआर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसी तरह, सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।ह्व रक्षा मंत्री सिंह ने सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना की।

## मोदी के 'संविधान विरोधी राज' में गरीब, वंचित, मनुवाद का दंश झेल रहे हैं: खरगे

**खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, संसद में गृहमंत्री अमित शाह, बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित-विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी जाती है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दलित और आदिवासी समुदायों के लोगों के खिलाफ अपराध की कुछ हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार के संविधान विरोधी राज में गरीब तथा वंचित मनुवाद का दंश झेल रहे हैं। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, संसद में गृहमंत्री अमित शाह, बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित-विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी जाती है। ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा जाता है। हरियाणा के भिवानी में दलित छात्रा को बीए परीक्षा की फीस न भर पाने पर आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के पालघर में एक आदिवासी गर्भवती महिला को आईसीयू की तलाश में 100 किलोमीटर जाना पड़ता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में तीन दलित



परिवार पलायन के लिए मजबूर कर दिए जाते हैं क्योंकि उन पर जातिसूचक हमले होते हैं और पुलिस मौन रहती है। उन्होंने दावा किया, ये जगजाहिर है कि मोदी सरकार के संविधान-विरोधी राज मेंदलित, आदिवासी, पिछड़ेव अल्पसंख्यक वर्ग के खिलाफ लगातार अत्याचार हो रहे हैं। जो गरीब हैं, वंचित हैं वो मनुवाद का दंश झेल रहें हैं। खरगे ने कहा, ह्यदलित-आदिवासी महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हर घंटे एक अपराध होता है और एनसीआरबी(राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) के मुताबिक ये आंकड़े 2014 से दोगुने हो गए हैं। उन्होंने कहा, ह्यकांग्रेस पार्टी 140 करोड़ भारतीयों के संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होने देगी और भाजपा -आरएसएस की संविधान-विरोधी सोच का मुकाबला करती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### इसरो जनवरी में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार : सोमनाथ

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी-60/ स्पैडेक्स अंतरिक्षयानों के एक मील के पत्थर मिशन के साथ नए साल की शुरूआत करने के बाद जो भविष्य के अंतर-ग्रहीय मिशनों और पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए महत्वपूर्ण था , जनवरी के मध्य में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ प्रक्षेपणों की शताब्दी के लिए तैयार होकर एक और इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सफल स्पैडेक्स मिशन और पीएसएलवी चौथे चरण के वाहन पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में 24 वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए टीम इसरो को बधाई देते हुए कहा, हमारा अगला मिशन जनवरी के मध्य में जीएसएलवी है जो नए साल 2025 का पहला प्रक्षेपण होगा। उन्होंने कहा कि 2025 में हमारे पास कई मिशन होंगे और सबसे पहले हम जीएसएलवी द्वारा एनवीएस-02 (नाविक समूह का एक उपग्रह) का प्रक्षेपण करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यजब तक हम आपको जीएसएलवी मिशन के बारे में अपडेट नहीं देते, मैं आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि कल रात का पीएसएलवी-सी60स्पैडेक्स मिशन इसरो का 99वां मिशन था और जनवरी के मध्य में जीएसएलवी मिशन 100वां प्रक्षेपण होगा जो प्रक्षेपणों की एक शताब्दी को चिह्नित करेगा। श्री सोमनाथ ने स्पैडेक्स मिशन पर कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग अनुसंधान अंतरिक्ष में निर्माण, मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, उपग्रहों के रखरखाव और सेवा में मदद करेगा। उन्होंने कहा यह मुख्य रूप से एक अनुसंधान और विकास डॉकिंग है। यह अंतरिक्ष स्टेशनों को विकसित करने में हमारी मदद करेगा।

### वर्ष 2024 किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने वाला रहा : शिवराज सिंह चौहान

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्प की सिद्धि का आधार बना है। किसानों की आय बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि का आधार बना है। इस दौरान कृषि क्षेत्र में भी हमने अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्रधानमंत्री द्वारा प्रत्येक कैबिनेट में कृषि और किसान से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सौगात दी गईं। इस दौरान किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने आगे कहा किसान की सेवा मोदी सरकार के लिए भगवान की पूजा है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल का शुभारंभ पीएम किसान सम्मान निधि राशि जारी करने के साथ किया और 9.26 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ सीधे भेजे।

## नए साल के जश्न को लेकर देशभर में पुलिस अलर्ट

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कुछ घंटों के बाद पूरा देश नए साल के जश्न में डूब जाएगा। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए गए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, झारखंड में डैम के इर्दगिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है, पंजाब में भी व्यवस्था दुरुस्त है तो चेन्नई में ड्रोन और सीसीटीवी संग 25,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने उन सभी इलाकों को चिन्हित कर लिए हैं, जहां अमूमन इस तरह के मौकों पर वाहनों का दबाव रहता है। दक्षिण दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमों को तैनात किया गया है, जो कि हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर बनाकर रखेंगे। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कोई भी निर्धारित नियमों का उल्लंघन ना करें। उन्होंने कहा कि



आमतौर पर नए साल के मौके पर लोग नशे में गाड़ी चलाते हुए देखे जाते हैं, जिसे देखते हुए 21 महत्वपूर्ण स्थानों पर सांस विश्लेषक वाली सुरक्षा चौकियां लगाई गई हैं। वहीं त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) 15 अहम जगहों पर तैनात किए जाएंगे और 38 पीसीआर वैन तैनात किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की बात करें, तो यहां भी नए साल के जश्न को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि हम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील हैं। सभी शहरों में पुलिस को फ्लैग मार्च करने को कहा गया है, ताकि कोई अप्रिय स्थिति पैदा न हो। हॉट स्पॉट इलाकों को चिन्हित करने को कहा गया है। प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, क्योंकि आमतौर पर लोग अपने नए साल की शुरूआत भगवान के दर्शन के साथ करना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में इस बात की उम्मीद है कि इस बार करीब आठ लाख लोग श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन कर सकते हैं। जिसे देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ ही प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। झारखंड में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। राज्य पुलिस की तरफ से प्रदेश के सुरक्षा की दृष्टि से सभी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां पुलिस बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की आमद बढ़ गई है, जिसे देखते हुए पुलिस ने कमर कस ली है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि नए साल के मद्देनजर राज्य के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सभी पार्कों, डैम, पर्यटन स्थलों के इर्द-गिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। मजिस्ट्रेट भी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। साथ ही न्यू ईयर पार्टियों पर भी ध्यान रखने को कहा गया है। झारखंड के अलावा बिहार में नए साल के मौके पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी कमर कस ली है। नए साल के मौके पर बिहार संग्रहालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर पंकज कुमार ने बिहार में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अगर नए साल के मौके पर जारी किए गए दिशानिर्देशों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। चेन्नई और उसके उपनगरों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तमिलनाडु पुलिस ने 25,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इन कर्मियों को ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी के जरिए सुरक्षा में सहायता दी जाएगी। इस सुरक्षा व्यवस्था में ग्रेटर चेन्नई पुलिस, तांबरम और अवाड़ी शहर पुलिस के पुलिसकर्मी शामिल हैं। कुल तैनात बल में से, 1,500 होम गार्ड की मदद से 19,000 पुलिस कर्मी जीसीपी क्षेत्र में तैनात किए जाएंगे। जबकि तांबरम और अवाड़ी शहर पुलिस में से प्रत्येक ने 3,000 कर्मी तैनात किए हैं।

## 3,000 पुलिसकर्मी करेंगे निगरानी, 3 सुपरजोन और 115 पाइंट पर होगी चेकिंग

नोएडा/एजेंसी। नए साल के जश्न को लेकर दो दिनों तक भीड़ भाड़ वाले स्थानों मॉल और बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रहेगी। इसके लिए पूरे शहर को 3 सुपर जोन और 10 जोन और 27 सेक्टर और 119 सब सेक्टर में बांटा गया है। तीनों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में उपलब्ध पुलिस बल की ऑडिटिंग करते हुए गौतमबुद्ध नगर के नोएडा, सेंट्रल नोएडा, ग्रेटर नोएडा जोन में 8 डीसीपी, 5 एडीसीपी, 15 एसीपी 75 एसएचओ, निरीक्षक, 750 उपनिरीक्षक, 117 महिला उपनिरीक्षक, 1470 हेड कांस्टेबल, 473 पुलिस कर्मियों की दिन और रात्रि में ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा 7 कंपनी पीएसी बल की भी ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी दंगा निरोधक उपकरणों से सुसज्जित रहेंगी।

पीआरवी व पीसीआर वाहनों द्वारा भी लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। इसके अलावा पिनाक कमांडो एवं क्यूआरटी की टीमें विभिन्न लोकेशन पर रिजर्व रखी गई है। डॉग स्वायड व बीडीएसएस टीम द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। माल व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ड्रोन सर्विलान्स की विभिन्न टीमों को नियुक्त करके चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है।

दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिग-जैग बैरियर, ब्रेथ एनालाइजर एवं स्पीडोमीटर के द्वारा ट्रैफिक पुलिस एवं जोन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से नोएडा जोन में सेक्टर-18, अट्टा मार्केट, जीआईपी मॉल, गार्डन गलैरिया व सेंट्रल नोएडा जोन के गौर सिटी मॉल, सेक्टर-110 मार्केट, एच ब्लॉक मार्केट, एडवांट माल व ग्रेटर नोएडा जोन के जगत फार्म, वेनिस मॉल, परी चौक व अन्य महत्वपूर्ण चौराहों पर चेकिंग की जाएगी।

**आंदोलन** | पप्पू यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की तो प्रशांत किशोर मुख्य सचिव के पास छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर पहुंच गए।

## पटना में बीपीएससी परीक्षा रद्द कराने को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन बन गया राजनीतिक 'अखाड़ा'!

प्रात : किरण/ एजेंसी

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने और इसकी फिर से परीक्षा लेने की मांग को लेकर शुरू हुए छात्र आन्दोलन में राजनीतिक दलों के नेताओं के कूद जाने के बाद अब यह आन्दोलन राजनीतिक अखाड़ा बनते जा रहा है। दरअसल, करीब सभी राजनीतिक दल अगले साल होने वाले चुनाव की तैयारी में जुटे हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि इस मामले के जरिये राजनीतिक दल युवाओं और छात्रों के हितैषी बनने का यह मौका छोड़ना नहीं चाहते। कहा तो यहां तक जा रहा है कि चुनावी साल में करीब सभी राजनीतिक दल इस आंदोलन की गर्मी में राजनीतिक रोटी सेंकना चाह रहे हैं।

वैसे देखा जाए तो इस परीक्षा की शुरूआत में ही नॉर्मलाइजेशन को लेकर छात्र सड़कों पर उतरे थे। हालांकि आयोग की सफाई के बाद यह मामला शांत हो गया। लेकिन पीटी की परीक्षा के दौरान हुए पटना के बापू भवन स्थित परीक्षा केंद्र में अनियमितता को लेकर



हुए हंगामे और इस परीक्षा केंद्र पर हुई परीक्षा को रद्द करने और फिर से पुनर्परीक्षा लिए जाने के आयोग के निर्णय के बाद अभ्यर्थी पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे और धरना पर बैठ गए।

अब अभ्यर्थियों की नाराजगी का मुद्दा बड़ा हो गया है। बीते करीब दो सप्ताह से चल रहा बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन अब राजनीतिक रूप ले चुका है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने जब धरनास्थल पहुंचकर छात्रों के आन्दोलन का समर्थन दिया तो फिर जन सुराज प्रशांत किशोर और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भी मोर्चा संभाल लिया। पप्पू यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की तो प्रशांत किशोर मुख्य सचिव के पास छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर पहुंच गए। फिलहाल परीक्षा रद्द करने को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ लेकिन इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक बयानबाजियों का दौर जारी है। नेता एक -दूसरे को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का खेल कर रहे हैं। इधर, राजनीति के जानकार अजय कुमार कहते

**दरअसल, करीब सभी राजनीतिक दल अगले साल होने वाले चुनाव की तैयारी में जुटे हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि इस मामले के जरिये राजनीतिक दल युवाओं और छात्रों के हितैषी बनने का यह मौका छोड़ना नहीं चाहते। कहा तो यहां तक जा रहा है कि चुनावी साल में करीब सभी राजनीतिक दल इस आंदोलन की गर्मी में राजनीतिक रोटी सेंकना चाह रहे हैं। वैसे देखा जाए तो इस परीक्षा की शुरूआत में ही नॉर्मलाइजेशन को लेकर छात्र सड़कों पर उतरे थे। हालांकि आयोग की सफाई के बाद यह मामला शांत हो गया। लेकिन पीटी की परीक्षा के दौरान हुए पटना के बापू भवन स्थित परीक्षा केंद्र में अनियमितता को लेकर हुए हंगामे और इस परीक्षा केंद्र पर हुई परीक्षा को रद्द करने और फिर से पुनर्परीक्षा लिए जाने के आयोग के निर्णय के बाद अभ्यर्थी पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे और धरना पर बैठ गए। अब अभ्यर्थियों की नाराजगी का मुद्दा बड़ा हो गया है। बीते करीब दो सप्ताह से चल रहा बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन अब राजनीतिक रूप ले चुका है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने जब धरनास्थल पहुंचकर छात्रों के आन्दोलन का समर्थन दिया तो फिर जन सुराज प्रशांत किशोर और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भी मोर्चा संभाल लिया।**

हैं कि चुनावी वर्ष की शुरूआत होने वाली है। कोई भी दल इस मौके के जरिये अपने वोट बैंक में इजाफा करने की चेष्टा करेगा। छात्र भी इस स्थिति में हैं कि जो भी इनकी मदद की बात करते नजर आता है, उनके साथ ये हो लेते हैं। हालांकि, इस आन्दोलन की शुरूआत करने वाले छात्र नेता दिलीप कुमार कहते हैं कि जो भी पार्टी विपक्ष में रहती है, उस पार्टी के नेता हो रहे आंदोलन के साथ चले जाते हैं। वह समर्थन देने का दिखावा करते हैं। लेकिन जब सरकार में आते हैं, तो चुप्पी साध लेते हैं, लाठी चार्ज करवाते हैं। वे चाहे किसी भी पार्टी के नेता हों। उन्होंने यह भी कहा कि इस आन्दोलन का पूरा राजनीतिकरण कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी। बीपीएससी ने बापू परीक्षा परिसर में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया है। दूसरी तरफ छात्र पूरी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में धरने पर बैठे हुए हैं। बहरहाल, अब देखना होगा कि छात्रों की मांगों को लेकर सरकार या आयोग क्या निर्णय लेती है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, बुधवार, 01 जनवरी,2025




## संक्षिप्त समाचार

### ांग्रेस ने अध्यक्ष पद पर सागर ानवाल को उतारा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर पालिका डोईवाला ा अध्यक्ष पद पर कांग्रेस ने जौलीग्रांट के पूर्व ाधान और कांग्रेस के प्रदेश सचिव सागर ानवाल को उतारा है। सागर मनवाल निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा मनवाल के भतीजे हैं और उनके प्रतिनिधि के तौर पर नगर पालिका के कामकाज का अनुभव रखते है। कांग्रेस ने नगर पालिका डोईवाला के अध्यक्ष पद के लिए सागर ानवाल को मैदान में उतारने की घोषणा की। ुवाओं और अल्पसंख्यक समुदाय में पकड़ खने वाले सागर मनवाल का परिवार लंबे समय से राजनीति से जुड़ा रहा है। उनके पिता ुंवर सिंह मनवाल पूर्व ग्राम प्रधान भी रह चुके ै। वर्ष 2018 में पालिकाध्यक्ष पद की सीट पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित होने पर उनकी ाची सुमित्रा मनवाल को कांग्रेस का अधिकृत ात्याशी बनाया गया था। जिन्होंने तत्कालीन ुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस को जीत दिलाकर काफी बड़ा उलटफेर ार दिया था। कांग्रेस की बड़ी जीत में सागर ानवाल की भूमिका को बेहद अहम माना गया ा। जिसके तहत अनारक्षित अध्यक्ष पद पर ागर मनवाल की मजबूत दावेदारी बनकर ाभरी और पार्टी हाईकमान ने उनके नाम पर ाुहर लगा दी।

### ास का स्टीयरिंग हुआ जाम, ाालक की सूझबूझ से बची ाात्रियों की जान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लक्ष्मणझूला-नीलकंठ ार्ग पर खैरखाल के समीप श्रद्धालुओं को ाीलकंठ मंदिर ले जा रही एक बस का ाटीयरिंग जाम हो गया। चालक की सूझबूझ के ालते यात्रियों की जान बच गई। रविवार सुबह ारीब 10 बजे लक्ष्मणझूला-नीलकंठ मार्ग पर ाैरखाल के समीप एक प्राइवेट बस का ाटीयरिंग अचानक जाम हो गया। जिसके ारण बस अनियंत्रित होने लगी। इस दौरान ास चालक ने अपनी सूझबूझ और अनुभव ा परिचय दिया। चालक ने बस को काफी हद ाक नियंत्रित किया। जिससे बस सड़क किनारे ाहाड़ी से टकराकर हल्के झटके के बाद रुक ाई। गनीमत रही कि बस अनियंत्रित होकर खाई ां नहीं गिरी। जिससे बड़ा हादसा होने से बच ाया। इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को चोट ाहीं आई। लक्ष्मणझूला थाना प्रभारी निरीक्षक ावि सैनी ने बताया कि बस में 20 सवारियां ाौजूद थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना के ाद सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई थी। ाजसके बाद थाना पुलिस ने सड़क पर लगे ाम को खुलवाया।

### ारोड़ों से धौन दियूरी सड़क ाा होगा निर्माण

**ांपावत, एजेंसी।** जिले की धौन दियूरी ाड़क का निर्माण कार्य करोड़ों की लागत से ाकया जाएगा। इस सड़क के बनने से कई गांवों ाी बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। ाीएमजीएसवाई की धौन से दियूरी 11 किमी ाड़क का निर्माण कार्य 11 करोड़ से अधिक ाी लागत से होगा। नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री ाप कार्यालय केदार सिंह बृजवाल ने बताया ाक आदर्श चंपावत की परिकल्पना को लेकर ाार्य किए जा रहे हैं। इस सड़क के निर्माण से ाोगों के लिए आवाजाही सुगम होगी। उन्होंने ाताया कि दियूरी से चल्थी 10.15 किमी ाोटर मार्ग का निर्माण कार्य वन विभाग की ानापत्ति के लिए नोडल अधिकारी भारत ारकार को सैद्धांतिक स्वीकृति के लिए भेजा ाया है। धूरा मंडल अध्यक्ष नवीन भट्ट ने बताया ाक सड़क के बनने से इस क्षेत्र की दर्जनों गांव ाैसे बजोंन, नायला, आगर, बस्तियागूंठ आदि ा ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

### ाोडवेज कर्मियों, यात्रियों ने ाड़क से हटाया मलबा

**ाीठा साहिब (चंपावत), एजेंसी।** बारिश से ाीठासाहिब-हल्द्वानी मार्ग पर मलबा आ गया। ाीठासाहिब से हल्द्वानी जा रहे यात्रियों को ाड़क पर आए मलबे को हटाना पड़ा। शनिवार ाात हुई बारिश के बाद रविवार को रीठा और ाभंगराड़ा के बीच सड़क पर मलबा, पत्थर और ाड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया था। सुबह ारीब छह बजे रीठा साहिब से हल्द्वानी जाने ाली रोडवेज की बस जब मौके पर पहुंची तो ार्ग के बंद होने की जानकारी मिली। इसके ालते बस में सवार यात्रियों ने जगह-जगह बंद ाड़क से मलबा हटाया। बस चालक जावेद ाौर परिचालक सुनील जोशी ने बताया कि ाड़क पर मलबे की वजह से चंपावत पहुंचने ां दो घंटे की देरी हो गई।

### ाोम्योपैथिक पद्धति पर निर्भर ारीजों की घट रही संख्या

**ाशीपुर, एजेंसी।** डेढ़ साल बाद भी ाचिकित्सक के अभाव में होम्योपैथिक पद्धति पर ानिर्भर मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा ाही है। इस दौरान फार्मासिस्ट मरीजों को दवा ाांटकर काम चलाने में लगे हैं। इसके बावजूद ाविभाग की ओर से कोई ठोस कदम उठाए नहीं जा ाहे हैं। एलडी भट्ट राजकीय उप जिला ाचिकित्सालय परिसर में वर्ष 2003 में राजकीय ाोम्योपैथिक विभाग की स्थापना हुई है। यहां ाामनगर, जसपुर, बाजपुर, अलीगंज, सुल्तानपुर ाट्टी आदि स्थानों के मरीज आते हैं। अस्पताल में ाुकाम, बुखार, खांसी, त्वचा रोग, खुजली, पेट ांबंधी बीमारियों का इलाज होता है। दुष्प्रभाव न ाोने के कारण मरीजों का होम्योपैथिक पद्धति की ाोर रुझान अधिक रहता है। 15 मई 2023 को ाचिकित्सालय में तैनात प्रभारी का स्थानांतरण ानीखेत हो गया।

# उत्तराखंड में नए साल पर खूब छलकेंगे जाम, होटलों और रिजॉर्ट्स को मिले लाइसेंस, होगा जबरदस्त मुनाफा

**रामनगर, एजेंसी।**
न्यू इयर की पार्टी में होटल रिजॉर्ट में खूब जाम से जाम टकराएंगे। इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। करीब 90 होटलों और रिजॉर्ट्स को शराब पिलाने की आबकारी विभाग से अनुमति ली गई है। शराब के महंगे से महंगे ब्रांड तक पर्यटकों के लिए मंगाए गए हैं। न्यू इयर के दिन हालांकि मंगलवार है। ऐसे में माना जा रहा था कि इस बार होटल रिजॉर्ट में कम शराब पिलाई जाएगी। इसके बावजूद इस बार सबसे ज्यादा शराब पीने व पिलाने की अनुमति होटल रिजॉर्ट संचालकों ने ली हुई है।

पिछले साल करीब 50 होटल रिजॉर्ट ने शराब पिलाने के लाइसेंस लिए थे। जबकि इस बार 70 से 75 लोगों ने शराब के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। इसके अलावा 15 ऐसे होटल रिजॉर्ट हैं, जहां पूरे साल शराब पिलाने का लाइसेंस लिया हुआ है। लाइसेंस लेने के लिए आबकारी विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन किया जा रहा है। जिसमें शराब के ब्रांड व उसकी बोतल आदि की संख्या की जानकारी देनी जरूरी है।

आबकारी निरीक्षक उमेश पाल ने बताया कि



लगभग 75 लाइसेंस के लिए आवेदन हुआ है। सभी होटल रिजॉर्ट ने 30 व 31 दिसंबर यानी दो दिन के लिए अस्थाई लाइसेंस लिया हुआ है। दो दिन का लाइसेंस लेने में सभी मिलाकर कुल करीब 15 हजार रुपये का खर्चा है। चेकिंग के दौरान बिना लाइसेंस के शराब पिलाने वाले होटलों और रिजॉर्ट्स पर कार्रवाई की जाएगी।

थर्टी फर्स्ट पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने सभी थाना और चौकियों को चौकस रहने के निर्देश दिए हैं। इंटरनेट मीडिया पर कड़ी नजर रखने को कहा है। थर्टी फर्स्ट पर पुलिस सभी प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी कर एल्कोमीटर से चालकों की जांच करेगी। शराब के नशे में मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंटों में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई होगी। रैश ड्राइविंग, ओवर स्पीड और स्टंट ड्राइविंग करने वाले चालकों को बख्शा नहीं जाएगा। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा।

फायर यूनिट को सक्रिय व तत्पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य स्थानों पर पिकेट तैनात की जाएगी। बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पैदल गश्त, चीता मोबाइल और हाईवे पेट्रोल यूनिट को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने अराजक तत्वों और शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों पर कड़ी नजर रखने और सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कठोर कार्यवाही होगी। पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। पुलिस कर्मी कंट्रोल कक्ष से सीसीटीवी से निगरानी करेंगे।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कोतवाली डोईवाला क्षेत्र के लालतप्पड़ में देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। सूचना मिलते ही देहरादून एसएसपी अजय सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

शनिवार की देर रात कोतवाली डोईवाला की लालतप्पड़ पुलिस चौकी को सूचना मिली कि बिना नंबर की काले रंग की बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति रायवाला से डोईवाला की ओर आ रहा है। बाइक सवार व्यक्ति पर थाना क्लेमेंटटाउन में उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है।

चौकी प्रभारी जयवीर सिंह ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस फोर्स के साथ बालकुंवारी कट लालतप्पड़ पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान क्लेमेंटटाउन थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम भी मौके पर पहुंच गई।

चेकिंग शुरू करते ही छिद्दरवाला की ओर से संदिग्ध बाइक सवार आते दिखा। बाइक सवार ने पुलिस चेकिंग देखते ही घबराकर भागने का प्रयास किया और गलत दिशा में बाइक को मोड़ दिया। छिद्दरवाला की ओर काली मंदिर से पहले कच्चे रास्ते पर बदमाश जंगल में घुस गया और अनियंत्रित होकर गिर जाने के बाद भागने लगा।

इसी बीच उसने पुलिस टीम पर दो फायर झोंक दिए। जिस पर पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में गोली आरोपी के दाहिने पैर के घुटने के नीचे जा लगी और उसके लड़खड़ा कर गिर जाने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया।

प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाईं ने बताया कि आरोपी की पहचान शाहनवाज उर्फ सोनी निवासी कुरेशियान मोहल्ला, गंगोह, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। आरोपी को सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। आरोपी के कब्जे से एक देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। आरोपी के पैर में गोली लगने पर डोईवाला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट रेफर किया गया है। पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बताया कि आरोपी के खिलाफ कई थानों में गो तस्करी और गोकशी के मुकदमे दर्ज हैं।

## कोहरे में बाईपास पर एक साथ भिड़ीं तीन कारें, बाल-बाल बचे सवार

**रूड़की, एजेंसी।** कोहरे के चलते बाईपास पर तीन कारें आपस में भिड़ गईं। गनीमत रही कि किसी को भी चोटें नहीं आईं। इस दौरान कुछ देर के लिए बाईपास पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों कारों को बाईपास से हटवाया और कोतवाली ले आई। तीनों कार सवारों ने कार्रवाई से इन्कार कर दिया। सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस के अनुसार, रविवार रात तीन कारें मंगलौर से हरिद्वार की ओर बाईपास से गुजर रही थीं। जैसे ही वह बाईपास ढंडेरी ख्वाजगीपुर गांव के सामने पहुंची तो कोहरे के कारण आगे चल रही एक कार के चालक ने ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे आ रही दो कार भी भिड़ गईं। भिड़ंत से तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। कार सवारों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथ ही बाईपास पर जाम लगने पर तीनों कारों को क्रेन से हटवाया। तीनों कारों को कोतवाली में लाकर खड़ा कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि एक परिवार मथुरा से अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार जा रहा था। एक कार में कुछ लोग हरियाणा से हरिद्वार जा रहे थे। इसके अलावा रुड़की निवासी एक कार सवार भी बाईपास से होते हुए हरिद्वार जा रहा था। तीनों कार सवारों में सुलह हो गई और कार्रवाई से इन्कार किया है।

# बाल संरक्षण योजना से जरूरतमंद बच्चों को जोड़ने पर जोर



**गोपेश्वर, एजेंसी।** जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को समेकित बाल संरक्षण योजना के अंतर्गत जिला बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें बाल संरक्षण योजना का लाभ जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने कहा कि अनाथ और पीड़ित किसी भी बच्चे का प्रमाण पत्र बनाने में समस्या आ रही हो तो तत्काल संज्ञान में लाया जाए, ताकि तहसील स्तर से उसका त्वरित निराकरण किया जा सके। जिला बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने आगे भी पीड़ित एवं अनाथ बच्चों त्वरित राहत एवं मदद पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने मानसिक रोग से पीड़ित एक बच्चे को उपचार के लिए देहरादून ले जाने और वहां रहने की समस्या का समाधान भी किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए।चाइल्ड हेल्पलाइन की परियोजना समन्वयक रजनी भंडारी ने बताया कि जनपद में अब तक 208 पीड़ित एवं अनाथ बच्चों के मामले दर्ज किए गए है, जिसमें से 190 बच्चों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष हेमलता भट्ट, सदस्य राजेन्द्र सिंह नेगी, पान सिंह रावत, ऊषा रावत, किशोर न्याय बोर्ड के एडवोकेट बलवीर सिंह राणा, बाल संरक्षण इकाई के सह विधि अधिकारी प्रदीप सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन की परियोजना समन्वयक रजनी भंडारी आदि मौजूद थे।

## वर्ष के अंतिम दिन हरिद्वार पुलिस ने दोहराया नशामुक्त एवं सजग हरिद्वार का संकल्प



**हरिद्वार, एजेंसी।**
जनपद वासियों को नशे से दूर करने एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल के प्रयासों से आज देहात क्षेत्र से सटे हरिद्वार के एजुकेशन हब के तौर पर विख्यात रुड़की में रैली का आयोजन किया गया। रैली में 100 से अधिक दोपहिया वाहनों एवं 30 के करीब चारपहिया वाहनों के माध्यम से पुलिस कर्मियों ने आमजन को नशे के खिलाफ जागरुक किया।

रैली से पूर्व एसएसपी डोबाल ने आमजन को निशुल्क हेलमेट व रिफ्लेक्टिंग बैल्ट वितरित की व नशामुक्त देवभूमि हस्ताक्षर अभियान के लिए बनाए गए बोर्ड पर हस्ताक्षर कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की।

एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने हरी झंडी दिखाने के उपरांत नेहरु स्टेडियम रुड़की से शुरु हुई रैली नये पुल, पटियाला लस्सी चौक, रुड़की टॉकिज, मिलिट्री चौक, रामपुर चुंगी, बीएसएम तिराहा तथा गौशाला तिराहा होते हुए पुनः नेहरु स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई।

कार्यक्रम के दौरान एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, एसपी सिटी पंकज कुमार गैरोला, एएसपीध्सीओ सदर जितेन्द्र मेहरा, सीओ सिटी जूही मनराल, सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर, सीओ रुड़की नरेन्द्र पंत, सीओ मंगलौर विवेक कुमार, सीओ लक्सर निहारिका सेमवाल, सीओ ट्रैफिक नताशा सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस कुश मिश्रा सहित सभी थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया।

## प्रभारियों के सहारे शिक्षा विभाग के कार्यालय

**काशीपुर, एजेंसी।** शासन और विभाग की उदासीनता के चलते जिले के अधिकतर शिक्षा विभाग के कार्यालय प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं। प्रधानाचार्यों पर जिम्मेदारी होने से बोर्ड परीक्षा परिणाम पर भी असर पड़ सकता है। विभाग शीघ्र ही रिक्त पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति की संभावना जता रहा है।

जिला ऊधमसिंह नगर में सात बीईओ और सात उप शिक्षाधिकारी के पद स्वीकृत हैं। रुद्रपुर और खटीमा में ही बीईओ कार्यरत हैं और उप शिक्षाधिकारी एक भी नहीं है। डीईओ माध्यमिक का पद भी रिक्त है। जिले भर के कार्यालयों का बोझ प्रभारी संभाल रहे हैं। बता दें कि काशीपुर में मई 2022 को उपशिक्षाधिकारी गीतिका जोशी पदोन्नति पाकर रामगढ़ नैनीताल बीईओ बनाई गई हैं। इसके बाद कार्य का जिम्मा यहां तैनात बीईओ आरएस नेगी पर आ गया। वह काशीपुर समेत जसपुर, बाजपुर के छह पदों का कार्य देख रहे थे। मार्च 2024 को पदोन्नति पाकर वह भी पौड़ी के जिला शिक्षाधिकारी बनाए गए हैं। तब से यहां दोनों पद खाली हैं। कार्य की जिम्मेदारी राइंका बांसखेड़ा के प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार साहू को सौंपी गई है। नौ महीने से वह तीन पदों की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। विद्यालयों का निरीक्षण, पठन पाठन कार्य, पत्राचार का जवाब, बैठक आदि कार्यों के बोझ से प्रभारी परेशान हो रहे हैं।

## एसएसपी ने पुलिस बल को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के दिए निर्देश

**नैनीताल, एजेंसी।** नववर्ष पर शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएसपी पीएन मीणा ने रविवार को नैनीताल, रूसी, मंगोली, भवाली, भीमताल और कैंची धाम क्षेत्र में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पुलिस बल को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने मुख्य चौराहों और यातायात ड्यूटी में लगे पुलिस बल को प्रभावी यातायात व्यवस्था बनाने के लिए निर्देशित किया। संदिग्धों, हुड़दंग मचाने वालों पर पैनी नजर रखने, पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार कर नैनीताल पुलिस की बेहतर छवि का संदेश देने को कहा। थर्टी फर्स्ट की रात और नए साल के जश्न को लेकर सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने रविवार को रिजॉर्ट व होटल कारोबारियों के साथ बैठक की। होटल कारोबारियों से कहा गया कि न तो रात 10 बजे के बाद डीजे बजाएं और न ही बिना बार लाइसेंस के शराब नहीं पिलाएं। सीओ ने कहा कि थर्टी फर्स्ट की रात को पुलिस की टीमें ढिकुली, क्यारी, छोई, पाटकोट, भलौन, ढेला, सांवल्दे, पीरूमदारा में बने होटल व रिजॉर्ट में चेकिंग करेंगी। हुड़दंग मचाने वालों, रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों और बिना बार लाइसेंस के शराब परोसने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बैठक में भड़के पुलिस कप्तान : कहा- आप लोगों की आत्मा मर चुकी है, लेकिन मेरी नहीं, तुम तमाशा देख रहे हो

**नैनीताल, एजेंसी।**
पिछले दिनों जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ की गई बैठक में समाज में बढ़ते नशे को लेकर एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा काफी खफा हुए और जमकर भड़के। कप्तान ने कहा कि नशे के मामले में लगाम लगाई जाए।

आप लोगों की आत्मा मर चुकी है, लेकिन मेरी नहीं, कम से कम नशे के मामले में तो बिल्कुल भी नहीं... नशे के सौदागर दूसरों का घर खराब कर रहे हैं। वह किसी परिवार की नस्ल खराब कर पैसा कमा रहे हैं, और तुम सब लोग तमाशा देख रहे हो।

पिछले दिनों जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ की गई बैठक में समाज में बढ़ते नशे को लेकर एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा काफी खफा हुए और जमकर भड़के। कप्तान ने कहा कि नशे के मामले में लगाम लगाई जाए। हमारे



समाज का युवा सोच रहा है कि बड़े होकर हम अपना, परिवार समेत देश का नाम रोशन करेंगे, लेकिन नशे के सौदागर इन्हीं युवाओं को टारगेट कर नशा परोसकर कारोबार कर रहे हैं। नशे की गिरफ्त में आ चुके बच्चों के परिजन परेशान है।

कप्तान ने कहा कि मैं चाहता हूं कि जिले की पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले। पीड़ित परिवार को बताएं कि हम उनके साथ हैं। कप्तान ने पुलिस अधिकारियों का आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ तत्परता से जुड़ जाएं और साबित करें कि हम नशे को जड़ समेत नष्ट करने में सक्षम हैं। नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई में यदि कोई दिक्कत है तो अधिकारी उनसे सीधे संपर्क करें। एसएसपी ने मातहतों से आह्वान किया कि अभी से इस अभियान में जुट जाएं और सकारात्मक परिणाम के साथ नजीर पेश करें। एसएसपी की ओर से दिए गए निर्देश जिला पुलिस के फेसबुक पेज पर वायरल हो रहे हैं।

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने सैलानियों और यात्रियों से अपील की है कि ऑनलाइन होटल बुक करते समय सावधानी बरतें। अग्रिम आरक्षण से पहले होटल की अच्छे से जांच-पड़ताल करें। पेमेंट के लिए सेफ गेटवे का इस्तेमाल करें।

## जनता के अधिकार और न्याय दिलाने के लिए लड़ती रहेगी लड़ाई भाकपा

**हरिद्वार, एजेंसी।** लुंबा नागर मैमोरियल हॉल सेक्टर-5 बी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हरिद्वार का 12वां जिला सम्मेलन में हुआ। सर्वसम्मति से मुनरिका यादव को तीन वर्षों के लिए भाकपा हरिद्वार का जिला सचिव चुना गया।

सम्मेलन में वक्ताओं ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सिद्धांतों पर चर्चा की। कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने 100 वर्षों की यात्रा में शोषित, वंचित, दबे कुचले लोगों के जीवन स्तर को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भाकपा के अनेक कुर्बानियों और संघर्षों की वजह से देश में कल कारखाने खुले और देश की जनता को जीवनयापन के लिए जमीन और रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए।

आज की भाजपा सरकार हिंदू, मुस्लिम, जाति-धर्म, नफरत और उन्माद की राजनीति कर रही है, राष्ट्रवाद से उसका कोई मतलब नहीं है। लोगों को आपस में लड़ाकर देश के भाई-चारे और मिली-जुली संस्कृति को चोट पहुंचा रही है। मोदी सरकार एक भ्रष्ट सरकार है, जो, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है । ऐसी जनविरोधी सरकार के खिलाफ भाकपा देश की जनता के हक अधिकार हो और न्याय दिलाने के लिये लड़ती आई है और भविष्य में भी लड़ती रहेगी।

इस मौके पर कॉमरेड एमएस त्यागी, कॉमरेड एमएस वर्मा, कॉमरेड जगदीश कुलियाल, कॉमरेड केके लाल, कॉमरेड भगवान जोशी, सुभाष त्यागी, कॉमरेड दीपक शांडिल्य, कॉमरेड एके दास, कॉमरेड बीके सिंहा, कॉमरेड जयपुरिया, कॉमरेड साकेश वशिष्ठ, कॉमरेड भीम पटेल, कॉमरेड विक्रम सिंह नेगी, कामरेज पवन कुमार शर्मा, कॉमरेड आईसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को जल्द उपलब्ध कराएं पेयजल कनेक्शन : कैड़ा

**भीमताल, एजेंसी।** विधायक राम सिंह कैड़ा ने रविवार को चांफी, अलचौना, धारी, मनाघेर, पहाड़पानी और जोनपोखरा और मज्यूली गांव का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन योजना में पेयजल कनेक्शन नहीं मिलने और बिजली का बिल अधिक आने के सड़क बदहाल होने की समस्या से अवगत कराया।

विधायक ने जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों से जेजेएम योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के साथ ग्रामीणों को पेयजल कनेक्शन देने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### नए साल की पूर्व संध्या पर राजीव चौक मेट्रो खुली रहेगी, दो गेट बंद रहेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो ने मंगलवार को कहा कि नए साल की पूर्व संध्या पर राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर गेट नंबर पांच और छह को छोड़कर सभी निकास द्वार यात्रियों के लिए खुले रहेंगे। इससे पहले सोमवार को डीएमआरसी ने कहा था कि मंगलवार को नए साल की पूर्व संध्या पर सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से रात 9 बजे के बाद बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बहरहाल, मंगलवार को इसने कहा कि पुलिस अधिकारियों से प्राप्त नवीनतम निर्देशों के अनुसार, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन नए साल की पूर्व संध्या पर सेवाओं के अंत तक यात्रियों के लिए खुला रहेगा, सिवाय गेट नंबर पांच और छह को छोड़कर। डीएमआरसी ने कहा कि यह पहले जारी की गई अधिसूचना में संशोधन है।

### केजरीवाल का वादा राजनीतिक छलावा: भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बांसुरी स्वराज ने आज अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल सिर्फ चुनावी जुमलों के ही नहीं बल्कि चुनावी छलावों के साथ जनता के बीच जा रहे हैं। बांसुरी स्वराज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक तरफ आज पुजारियों के लिए चुनावी वायदे कर रहे हैं और पहले से जिन इमामों को वेतन देते आए हैं, उन्हें पिछले 17 महीनों से वेतन नहीं मिला है और जब इमाम उनके घर के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे तो उनकी समस्या का निदान नहीं किया बल्कि अपनी सुरक्षा में लगी पंजाब पुलिस का डंडा उनके आगे कर दिया। स्वराज ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले अरविंद केजरीवाल ऑनरेरियम कहकर इमामों को टालते रहे हैं लेकिन अगर पुजारियों और ग्रंथियों की चिंता है तो आज तो दिल्ली में कोई चुनाव भी नहीं है और ना ही कोई आचार संहिता लागू है। मुख्यमंत्री आतिशी को सीधा कैबिनेट बैठक नोट करके तुरंत इसे लागू कर देना चाहिए लेकिन अरविंद केजरीवाल ऐसा नहीं करेंगे उन्हें तो सिर्फ चुनावी छलावा करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से धर्म और धार्मिक स्थलों का अपमान करने वाले केजरीवाल को आज चुनाव आते ही पुजारी और ग्रंथी याद आने लगे। अरविंद केजरीवाल बताएं कि आखिर वह चर्च के पादरियों को क्यों भूल गए।

### चोरी के आई-फोन के पार्ट्स को खुले बाजार में बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। बुराड़ी थाना पुलिस टीम ने चोरी किए गए आई-फोन खरीद कर उनके पार्ट्स को खुले बाजार में बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी लक्ष्मण है। पुलिस ने इसके पास से 6 मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की है। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बाँठिया ने बताया कि एसीपी नीरव पटेल, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय सिंह और एसआई नवीन कुमार (प्रभारी चौकी सरकारी अस्पताल, बुराड़ी) की देखरेख में गठित टीम गश्त के दौरान झंडा चौक, बाबा कॉलोनी बुराड़ी पुस्ता रोड पर पहुंची, एक व्यक्ति स्कूटी पर आता हुआ देखा। पुलिस को आता देख उसने स्कूटी को वापिस मोडे का प्रयास किया, संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उसे स्कूटी सहित पकड़ लिया, पूछताछ के दौरान लक्ष्मण ने खुलासा किया कि वह जामा मस्जिद क्षेत्रों से चोरी के केवल आई-फोन खरीद कर उनके पार्ट्स को गफ्फार मार्केट, करोल बाग में ग्राहकों को बेचता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दिल्ली सरकार कॉलेजों के लिए फंड जारी करे : डूटा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित 12 कॉलेजों का फंड जारी करने की मांग सरकार से की है। इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। डूटा का कहना है कि दिल्ली सरकार को फंड जारी करना चाहिए ताकि कॉलेजों के कर्मचारियों और अन्य बकायों आदि का भुगतान हो सके। डूटा ने बिना किसी देरी के इन कॉलेजों में नियमितीकरण शुरू करने की भी मांग की है। यूजीसी वित्त पोषित कॉलेजों में नियमितीकरण पूरा हो गया है, लेकिन फंड में कटौती और स्व वित्तपोषण नीति के कारण दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित इन 12 कॉलेजों में नियमितीकरण नहीं हो सका है। डूटा के मुताबिक इन कॉलेजों के पास दिसंबर के वेतन का भुगतान करने के लिए कोई अनुदान उपलब्ध नहीं है, जबकि दिल्ली सरकार का दावा है कि दिसंबर तक का वेतन चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही का पैसा जारी करके दिया गया है। डूटा ने इन कॉलेजों के वित्तीय घाटे का एक चार्ट तैयार किया है।

# नए साल की पूर्व संध्या पर कानून व्यवस्था बनाए रखने को 20 हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से, कनॉट प्लेस समेत राष्ट्रीय राजधानी में सभी जगह यातायात के व्यापक प्रबंध किए हैं और साथ ही कुछ प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। नववर्ष के स्वागत के लिए जश्न मनाने के मकसद से लोगों के बड़ी संख्या में एकत्र होने के मद्देनजर दिल्ली में करीब 20 हजार पुलिस एवं अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई के मकसद से प्रमुख स्थानों पर एल्कोमीटर से लैस 50 टीम तैनात की जाएंगी। पुलिस के अनुसार, दिल्ली में यातायात कर्मी भारी संख्या में तैनात रहेंगे और वह मुख्य रूप से कनॉट प्लेस, हौज खास तथा इंडिया गेट जैसे लोकप्रिय स्थलों पर नजर रखेंगे। अधिकारी ने बताया कि कनॉट प्लेस के आसपास रात आठ बजे के बाद यातायात प्रतिबंधित रहेगा और रात आठ बजे के बाद पुलिस ने वहां प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए ह्यस्टिकरह्न वितरित किए हैं। कनॉट प्लेस में 10 स्थानों पर वाहनों के साथ प्रवेश पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा इंडिया गेट के आस-पास 14 स्थानों पर कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा जो हुड़दंगियों पर नजर रखेंगे। पुलिस ने बताया कि गुंडागर्दी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम लगाने के मकसद से यातायात पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों




सहित करीब 20 हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) देवेश कुमार महला ने कहा कि दो जोन में बांटी गई व्यवस्था की पूरी निगरानी डीसीपी नई दिल्ली द्वारा की जाएगी। डीसीपी ने कहा, जोन-ए की निगरानी संसद मार्ग और कनॉट प्लेस जैसे स्थानों पर अतिरिक्त डीसीपी-1 द्वारा की जाएगी और जोन-बी की निगरानी चाणक्य पुरी, बाराखंभा रोड तथा तुगलक रोड जैसे स्थानों पर अतिरिक्त डीसीपी-2 द्वारा की जाएगी। वहां चार एसीपी, 23 निरीक्षक, 648 पुलिस कर्मचारी, 100 होमगार्ड, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 11 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

पुलिस ने बताया कि दो एंबुलेंस वैन, दमकल की दो गाड़ियां, दो जेल वैन, बम निरोधक दस्ते की दो टीम, 28 डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, एसडब्ल्यूएटी की दो टीम, पराक्रम वाहनों की तीन टीम, 33 एमपीवी, 30 मोटरसाइकिल गश्ती दल, 43 पैदल गश्ती दल, 29 सीमा चौकियां, पार्किंग स्थलों पर 30 वाहन जांच दल, सादे कपड़ों में सात निगरानी दल और पांच गिरफ्तारी दल तैनात किए जाएंगे। पुलिस के अनुसार, 31 दिसंबर को शाम सात बजे से कनॉट प्लेस की ओर जाने वाली बसों का मार्ग बदल दिया जाएगा और रात नौ बजे के बाद राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के निकास द्वार बंद कर दिए जाएंगे। महला ने बताया कि विभिन्न क्लबों, होटलों, रेस्तरां, पब, मॉल, और पार्कों में बड़ी भीड़ इकट्ठा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही कनॉट प्लेस/कनॉट सर्कस, खान मार्केट और पांच सितारा होटलों द ललित, इंपीरियल, पार्क, रॉयल प्लाजा, शांगरी-ला, ली मेरिडियन, ताज महल, ताज विवांता, मेट्रोपॉलिटन, क्लैरिजिज, अशोका, सम्राट, आईटीसी मौर्य और ताज पैलेस, इंडिया गेट, सी हेक्सागन और कर्त्तव्य पथ, मंदिरों और गुरुद्वारों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए यातायात जांच केंद्र तथा बैरिकेड्स के साथ 27 निर्दिष्ट जांच केंद्र स्थापित किए गए हैं। डीसीपी (पूर्व) अभिषेक धानिया ने बताया कि प्रीत विहार, लक्ष्मी नगर, मयूर विहार और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है तथा विकास मार्ग, एनएच-24 और पुश्ता रोड सहित सात संवेदनशील मार्गों और सड़कों पर गश्त बढ़ा दी गई है। नोएडा में नववर्ष के जश्न की तैयारियों के लिए तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के विभिन्न सेक्टर और सोसाइटी में पार्टी आयोजित होंगी। नोएडा की 22 सोसाइटी समेत कुल 54 जगह के लिए अस्थाई लाइसेंस जारी किया गया है। बिना अनुमति या फिर अस्थाई लाइसेंस के बगैर पार्टी में शराब का सेवन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली : आज पर्यटकों के लिए चिड़ियाघर के सभी प्रवेश द्वार खुलेंगे

**स्मारकों के बाहर ऑनलाइन टिकट खरीद के लिए क्यूआर कोड स्कैनर के बोर्ड की संख्या को बढ़ाया गया है। ऑफलाइन टिकट की बिक्री के लिए सभी टिकट काउंटर खोले जाएंगे। साथ ही चिड़ियाघर में प्रवेश के लिए सभी प्रवेश द्वार खुलेंगे। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। चिड़ियाघर में आम दिनों में प्रवेश के लिए छह द्वार खोले जाते हैं, लेकिन एक जनवरी को सभी द्वार खुलेंगे, जिससे पर्यटकों को प्रवेश में कोई दिक्कत ना हो।**

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। नए साल पर चिड़ियाघर और ऐतिहासिक स्मारकों में पर्यटकों को सुविधाजनक प्रवेश देने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्मारकों के बाहर ऑनलाइन टिकट खरीद के लिए क्यूआर कोड स्कैनर के बोर्ड की संख्या को बढ़ाया गया है। ऑफलाइन टिकट की बिक्री के लिए सभी टिकट काउंटर खोले जाएंगे। साथ ही चिड़ियाघर में प्रवेश के लिए सभी प्रवेश द्वार खुलेंगे। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। चिड़ियाघर में आम दिनों में प्रवेश के लिए छह द्वार खोले जाते हैं, लेकिन एक जनवरी को सभी द्वार खुलेंगे, जिससे पर्यटकों को प्रवेश में कोई दिक्कत ना हो।

ऑनलाइन टिकट आसानी से उपलब्ध होगी। इसके लिए सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। क्यूआर कोड स्कैन करके भी टिकट बुक कर सकेंगे। चिड़ियाघर के अंदर और बाहर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। बाड़ों के बाहर सुरक्षा का घेरा रहेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के



एक अधिकारी ने बताया कि स्मारकों के प्रवेश द्वार के बाहर ऑनलाइन टिकट के लिए क्यूआर कोड स्कैनर के बोर्ड की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षाकर्मियों की तादाद को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

**दर्शन के बाद मिलेगा प्रसाद**

नए साल के मद्देनजर ज्यादातर मंदिरों के कपाट दर्शन के लिए भोर में खुल जाएंगे। परिसर को फूलों से सजाया जाएगा। झंडेवालान देवी मंदिर के प्रचार-प्रसार विभाग प्रमुख नंद किशोर सेठी के अनुसार श्रद्धालुओं को रानी झांसी मार्ग, देशबंधु गुप्ता मार्ग और फलेटिड फैक्टरी परिसर की तरफ से प्रवेश मिलेगा। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद मिलेगा।

**माता की चौकी आयोजित हो रही**

कालकाजी मंदिर के पुजारी दीपक भारद्वाज ने बताया कि मंदिर के कपाट भोर में खुल जाएंगे। सुगम दर्शन के लिए श्रद्धालु पुजारी से संपर्क कर सकते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए सभी उचित इंतजाम किए गए हैं। छतरपुर मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किशोर चावला के मुताबिक भीड़ प्रबंधन के लिए ढाई हजार सेवादारों की तैनाती की जा रही है। दर्शन के लिए मंदिर सुबह छह बजे से लेकर रात दस बजे तक खुलेगा। नव वर्ष के आगमन पर माता की चौकी आयोजित की जा रही है।

**भोर में खुल जाएंगे कपाट**

कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के महासचिव महंत सुरेश शर्मा ने बताया कि मंदिर के कपाट भोर में खुलेंगे। सर्दी को देखते हुए कतार में खड़े होने वाले श्रद्धालुओं को चाय वितरित करेंगे। यमुना बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर(मरघट वाले बाबा) के पंडित वैभव शर्मा ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए सेवादार और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज, दिन में ठंड बढ़ने के आसार



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार की सुबह मौसम सर्द रहा और मौसम विभाग ने ठिठुरन भरा दिन रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक है और सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विभाग ने अधिकतर स्थानों पर सुबह घने कोहरे के साथ ह्यठंडा दिनह्न रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने कहा कि इसके बाद आसमान साफ रहने की संभावना है, जबकि शाम और रात में धुंध या हल्का कोहरा छाया रह सकता है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

न्यूनतम तापमान के 10 डिग्री सेल्सियस से कम होने और किसी निश्चित अवधि के लिए तापमान के उच्चतम या न्यूनतम तापमान से कम से कम 4.5 डिग्री गिरावट की स्थिति पर इसे ठंडा दिन कहा जाता है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान के चार डिग्री सेल्सियस से कम होने पर भी इसे ठंडा दिन कहा जाता है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में भी इसी प्रकार की सर्दी रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता 248 पर खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

समीर ऐप के आंकड़ों के अनुसार, 31 निगरानी केंद्रों में से पांच केंद्रों ने मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में दर्ज किया। इन केंद्रों में जहांगीरपुरी, नेहरू नगर, पटपड़गंज, विवेक विहार और वजीरपुर शामिल हैं।

दिल्ली में सोमवार शाम चार बजे 24 घंटे का एक्यूआई मध्यम श्रेणी में 173 रहा। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# आप सरकार के भ्रष्टाचार के चलते दिल्लीवासियों की सभी उम्मीदें तार-तार हुईं: विजेंद्र गुप्ता

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की विफलताओं का हवाला देते हुए आज कहा कि आप सरकार के भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के चलते बीत रहा 2024 का साल दिल्ली की जनता के लिए वादाखिलाफी, झूठे दिलासे और धोखाधड़ी से भरा रहा। उन्होंने कहा कि यह साल आप आदमी पार्टी के शासनकाल का आखिरी साल होने के कारण लोगों को सरकार से नई-नई योजनाओं और सुख सुविधाओं की उम्मीद थी, लेकिन पूरा साल यूं ही बीत गया।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस साल की शुरूआत में दिल्ली की जनता से आम आदमी पार्टी ने बड़े-बड़े वादे किए। 10 हजार बस मार्शलों को सरकार पूरे साल धोखा देती रही और विधानसभा से लेकर उपराज्यपाल कार्यालय तक उनकी




पुनर्नियुक्ति पर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति खेलती रही। उपराज्यपाल के आदेश के बावजूद सरकार ने एक भी मार्शल को आज तक नियुक्ति पत्र नहीं दिया।

उन्होंने बताया कि मानसून की बारिश के बाद राजधानी की सारी सड़कें टूट गईं और गड्ढों से पट गईं। भाजपा टूटी सड़कों की जगह नई सड़कें बनाने की मांग बराबर करती रही, लेकिन केजरीवाल लोगों को आपका बेटा आ गया है, अब सारे काम होंगे जैसे जुमलों से बहलाते रहे। लोगों के काम करने की बजाय केजरीवाल अपने शीश महल को बचाने का प्रपंच करते रहे। उनके भ्रष्टाचार की कहानी खुलने के बाद विजिलेंस और अन्य जांच एजेंसियों को जांच की कार्रवाई शुरू करनी पड़ी।

गुप्ता ने कहा कि एक्यूआई का एक हजार का आंकड़ा पार होने के बावजूद लोग दमघोंटू हवा में सांस लेने को मजबूर होते रहे लेकिन सरकार ग्रैप तीन- चार लागू करके अपने भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को छुपाने में व्यस्त रही। आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने कुशासन के 10 साल का काला चिट्ठा खुलने के डर से कैग की 14 रिपोर्ट्स को पिछले दो साल से दबा कर रखा हुआ है। विपक्ष के भारी दबाव, उपराज्यपाल के आदेश और हाई कोर्ट के दखल के बावजूद सरकार ने अभी तक इन 14 पेंडिंग रिपोर्ट्स को विधानसभा में प्रस्तुत नहीं किया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हालांकि इस सरकार की वादाखिलाफी पिछले 10 सालों से लगातार चल रही है लेकिन 2024 में सरकार ने सभी सीमाएं लांघ दी।

इस सरकार ने न तो दिल्ली के 90 हजार गरीबों को अंत्योदय योजना के तहत राशन कार्ड जारी किया, न सीनियर सिटीजंस को पेंशन दी और न ही यमुना को साफ करने का वादा केजरीवाल ने पूरा किया। 24 घंटे बिजली पानी देने का वादा भी हवा हवाई हो गया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार ने मार्च में दिल्ली की महिलाओं को एक हजार रुपये देने का वादा किया जो वक्त की आंधी में हवा हवाई हो गया। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाकर जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार बैठी है।

## दस साल के शासन में केजरीवाल को पुजारियों और ग्रंथियों की याद क्यों नहीं आई : दीपक गाबा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनावों की घोषणा के चंद दिन पूर्व आम आदमी पार्टी को कभी महिला सम्मान योजना की याद आ रही है तो कभी 60 साल से ऊपर के लोगो के लिए संजीवनी योजना बनाने की तो आज उन्हें ग्रंथियों और पुजारियों की याद आ रही है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री दीप गाबा का। दीपक गाबा कहते है अरविन्द केजरीवाल को यह अच्छे से एहसास हो चुका है दिल्ली की जनता अब उनकी पार्टी की विदाई करने जा रही है और इसलिए वे अपनी बौखलाहट में ऐसी योजनाओं की घोषणा करने में लगी हैं जिन्हें वे पूरी ही नहीं कर सकते। दीपक गाबा कहते है अरविन्द केजरीवाल बहुत बड़ी गलतफहमी में ही ऐसी लोक लुभावनी घोषणाएं कर वे दिल्ली की जनता को भ्रमित कर फिर से सरकार बना लेंगे। दीपक गाबा कहते है दिल्ली की जनता नें अरविन्द केजरीवाल और उनके मंत्रियों को भ्रस्टाचार करते देखा है, खुद मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल जाते देखा देखा है। दिल्ली के लोग केजरीवाल और उनकी टीम की असलियत पहचान चुके ही लिहाजा अब लोग इनके बहकावे में नहीं आने वाले। दीपक गाबा ने आम आदमी पार्टी द्वारा पुजारियों और ग्रंथि को वेतन देने के वादे को चुनावी स्टंट करार दिया है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर चुनाव से पहले धर्म को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। दीपक गाबा कहते है जब हार सामने दिख रही है, तब केजरीवाल को पुजारियों की याद आ रही है। पिछले 10 सालों में उन्होंने केवल मस्जिदों के मौलवियों को वोट बैंक के लिए तवज्जो दी, उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार ने करदाताओं के पैसे से मस्जिद के मौलवियों और उनके सहायकों पर करोड़ों रुपये खर्च किए।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिणी पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के पांच बदमाशों को पंजाब और जम्मू से गिरफ्तार किया है। आरोपी चीन सहित अन्य देशों में बैठे ठगों को फर्जी कंपनी बनाकर उनको बैंक खाते बेचते थे। इसके अलावा खुद भी ठगी करते थे। बेचे गए खातों में ठगी की रकम को ट्रांसफर कराया जाता था। इस गिरोह को दो भारतीय नागरिक और एक चीनी नागरिक मिलकर दुबई से चला रहे हैं। आरोपियों रवित कुमार, स्वर्णप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, जसपाल सिंह और वंश गुप्ता के पास से छह स्मार्टफोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। आरोपियों के खातों में ढाई करोड़ रुपये का लेन-देन सामने आया है। पुलिस ने सभी खाते सीज करा दिए हैं। आरोपियों के खिलाफ गृह मंत्रालय के पोर्टल पर 68 शिकायतें दर्ज मिली हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि 18 अक्तूबर को पालम कॉलोनी साधनगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि उनसे व्हाट्सऐप पर एक महिला ने संपर्क किया था। महिला ने पीड़ित से कहा कि वह शेयर मार्केट में ऑनलाइन निवेश कर मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। फिर महिला ने पीड़ित से मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड कराया। उसके माध्यम से निवेश पर 100 प्रतिशत रिटर्न देने का झांसा दिया। इस तरह जालसाजों ने निवेश के बहाने पीड़ित से 19.27 लाख रुपये ठग लिये थे। पुलिस जांच में पता चला कि पीड़ित की रकम का बड़ा हिस्सा पंजाब के लुधियाना स्थित बैंक खाते में ट्रांसफर किया गया है। यह खाता मेसर्स रवि रियल एस्टेट फर्म के नाम से पंजीकृत था। यह खाता रवित कुमार का था। पता चला कि संबंधित खाते से कई खातों में रकम ट्रांसफर की गई है। फिर पुलिस ने पंजाब में छापेमारी कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे सभी विदेश में बैठे ठगों को बैंक खाते बेचते थे। पुलिस पूछताछ में जालसाजों ने बताया कि वह फर्जी फर्म खोलकर उनके नाम से बैंक में खाते खुलवाते थे। फिर इन्हें विदेश में बैठे ठगों को 10 से 15 हजार रुपये में बेच देते थे। आरोपी वंश गुप्ता ने बताया कि जम्मू के रहने वाले अमनदीप सिंह और प्रबसिमरन सिंह दुबई में रहकर धोखाधड़ी सिंडिकेट चला रहे हैं।

**तैयारी** -एडीसी हितेश कुमार ने ऋण योजना की बुकलेट का किया विमोचन, नाबार्ड ने तैयार किया है वर्ष 2025-26 का पोटेंशियल क्रेडिट प्लान

# गुरुग्राम के विकास को नाबार्ड देगा 51 हजार करोड़ का ऋण

प्रात : किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। नाबार्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 51 हजार 914 करोड़ रुपये की जिला स्तरीय संभावित ऋण योजना तैयार की है। एडीसी हितेश कुमार ने नाबार्ड के इस क्रेडिट प्लान की बुकलेट का विमोचन किया। नाबार्ड गुरुग्राम संभाग के प्रमुख विनय कुमार त्रिपाठी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण व आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने के लिए जिला में अगले साल प्राथमिक क्षेत्र को बैंकों द्वारा 51 हजार 914 करोड़ रुपए के ऋण प्रदान किए जा सकते हैं। नाबार्ड द्वारा हर साल बैंक अधिकारियों, कृषि, शिक्षा, पशुपालन विभाग, एमएसएमई व अन्य विभागीय अधिकारियों से विचार-विमर्श करने के




बाद हरियाणा व केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को सफल बनाने के उद्देश्य से संभावित ऋण योजना तैयार की जाती है। इस साल की संभावित ऋण योजना का विमोचन एडीसी हितेश कुमार द्वारा किया गया। जिसमें वर्ष 2025-26 के दौरान बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र जैसे कृषि, पशु पालन, मत्स्य पालन, एमएसएमई और अन्य प्राथमिक क्षेत्र जैसे शिक्षा, निर्यात, स्वास्थ्य, स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप), संयुक्त दायित्व समूह (जॉइंट लायबिलिटी ग्रुप) को ऋण दिए जाने की संभावना जताई गई है। नाबार्ड के क्लस्टर हैड ने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने प्राथमिक क्षेत्र के ढांचागत विकास के लिए सरकारी विभागों के माध्यम से अनेक योजनाएं शुरू की हुई हैं। जिनमें हर साल युवाओं, कामकाजी महिलाओं, विद्यार्थियों, किसानों, अनुसूचित वर्ग, अंत्योदय परिवारों को स्वरोजगार, विद्या प्राप्त करने, औद्योगिक एवं व्यावसायिक विकास, उन्नत खेती, दुग्ध उत्पादन, उत्पादों का निर्यात आदि के लिए बैंक से लोन दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के पोटेंशियल क्रेडिट प्लान के अनुसार कृषि क्षेत्र को तीन हजार 287 करोड़ रुपये, एमएसएमई अर्थात लघु व सूक्ष्म उद्योगों को स्थापित करने के लिए 45 हजार 491 करोड़ रुपये तथा अन्य प्राथमिक क्षेत्र (ओपीएस) यानि स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्यात आदि के लिए तीन हजार 135 करोड़ रुपए के ऋण दिए जा सकते हैं। अब इस प्लान के अनुसार एलडीएम अशोक कुमार की ओर से सभी बैंकों को प्राथमिक क्षेत्र की योजनाओं के अंतर्गत लोन करने के लक्ष्य दिए जाएंगे।

## पर्यावरण मंत्री ने नए साल में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पंच प्रण संकल्प का किया आह्वान

गुरुग्राम। उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने मंगलवार को सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। कैबिनेट मंत्री ने अपनी शुभकामनाओं में कहा कि नववर्ष-2025 सभी के लिए आशा, खुशी व सफलता से भरा हो व सकारात्मक सोच व ऊंचे लक्ष्य के साथ आगे बढ़े।

उन्होंने सुख, समृद्धि, शांति, उल्लास और सभी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। कैबिनेट मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना को, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश को समृद्धि एवं विकास के रास्ते पर ले जाने के राज्य सरकार के प्रयासों को नए वर्ष में और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिनसे प्रदेश की जनता का जीवन स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। उन्होंने नए वर्ष में प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि और मंगल कामना करते हुए सभी से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करने की अपील की है। पर्यावरण मंत्री ने नववर्ष की पावन बेला पर आमजन से पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पंच प्रण संकल्प का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पंच प्रण के तहत सभी नागरिक पॉलीथीन का उपयोग ना करके कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही इस पूरे वर्ष में जब भी अवसर मिले तो पौधारोपण अवश्य करें। साथ ही किसी भी प्रकार का आयोजन हो उसमें गिफ्ट के रूप में फलदार पौधा जरूर भेंट करें।

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 01 जनवरी, 2025



# भारत ने मेक इन इंडिया से मेड इन इंडिया में तब्दील होकर स्थिति बदल दी

यह ऐसी छलांग है जो इसके धैर्य और दृढ़ संकल्प के बारे में बहुत कुछ बताती है। विचारों की भूमि से लेकर नवाचार के केंद्र तक, भारत अब विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, जिससे साबित होता है कि जब चलना कठिन हो जाता है, तो मजबूत ही आगे बढ़ते हैं। 2014 में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने के साहसिक दृष्टिकोण के साथ मेक इन इंडिया पहल शुरू की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करना, रोजगार सृजन को बढ़ाना और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना था। अब, 27 क्षेत्रों को शामिल करने वाले ह्लमेक इन इंडिया 2.0ह्व चरण के साथ, यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण उपलब्धियों और नए जोश के साथ आगे बढ़ रहा है। इससे वैश्विक विनिर्माण परिदृश्य में प्रमुख देश के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हो रही है। मेक इन इंडिया से बड़े पैमाने पर एफडीआई आया है जो 2014-15 में $45.14 बिलियन से शुरू होकर 2021-22 में रिकॉर्ड $84.83 बिलियन तक पहुंच गया है। अप्रैल 2014 और मार्च 2024 के बीच, भारत ने 667.41 बिलियन डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया, जो पिछले 24 वर्षों में प्राप्त कुल एफडीआई का लगभग 67% है। 1 अपनी शुरूआत के एक दशक बाद, 2024 तक तेजी से आगे बढ़ते हुए, मेक इन इंडिया ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए, और भारत की सबसे प्रभावशाली आर्थिक पहलों में से एक के रूप में अपनी सफलता को मजबूत किया। विनिर्माण क्षेत्र में सफलताओं से लेकर डिजिटल नेतृत्व तक, मेक इन इंडिया लचीलापन, नवाचार और प्रगति का प्रतीक बन गया है मेक इन इंडिया को सक्षम करने के लिए प्रमुख पहल उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना मेक इन इंडिया 2.0 नए जोश और ऊर्जा के साथ 27 श्रेणियों में मजबूत विनिर्माण क्षेत्र विकसित कर रहा है। अगस्त 2024 तक 1.46 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ, इसने उत्पादन में 12.50 लाख करोड़ रुपए, निर्यात में 4 लाख करोड़ रुपए और 9.5 लाख नौकरियां उपलब्ध कराई हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों द्वारा संचालित, निर्यात में भी पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जो 4 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। 2 इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना की बदौलत भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र ने शुद्ध आयातक से मोबाइल फोन के शुद्ध निर्यातक के रूप में उल्लेखनीय परिवर्तन का अनुभव किया है। यह उल्लेखनीय बदलाव मेक इन इंडिया जैसी पहल का प्रमाण है। यह सफलता मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उद्देश्य से एक दशक की केंद्रित नीतियों को दशार्ती है, जो भारत को वैश्विक बनने के अपने दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करती है। 2014-15 में, घरेलू मोबाइल फोन का उत्पादन 5.8 करोड़ यूनिट था, जो 2023-24 में बढ़कर 33 करोड़ यूनिट हो गया, साथ ही आयात में काफी गिरावट आई। निर्यात 5 करोड़ इकाइयों तक पहुंच गया, और एफडीआई में 254% की वृद्धि हुई, जो विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा देने में योजना की भूमिका को उजागर करता है। 3 वित्त वर्ष 2015 के पहले सात महीनों में, भारत में आईफोन का उत्पादन प्रभावशाली $10 बिलियन तक पहुंच गया, जिसमें $7 बिलियन का निर्यात हुआ, जो नया रिकॉर्ड है। पिछले चार वर्षों में, ऐप्पल इकोसिस्टम ने 1,75,000 नई प्रत्यक्ष नौकरियाँ भी उपलब्ध कराई हैं, जिनमें से 72% से अधिक महिलाओं द्वारा भरी गई हैं। फार्मा सेक्टर पीएलआई योजना ने वैश्विक फार्मास्यूटिकल्स बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत किया है, जिससे यह मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए लगभग एक दशक पहले शुरू की गई मेक इन इंडिया जैसी पहल के दीर्घकालिक प्रभाव को दशार्ती है। परिणामस्वरूप, उत्पादन का 50% अब निर्यात की ओर निर्देशित है, जो वैश्विक फार्मा उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करता है।

# सभ्यता के संदर्भ में वर्ष 2024 कैसे जागृति का वर्ष साबित हुआ?

मोदी सरकार के दस वर्षों में, भारत ने एक उल्लेखनीय सांस्कृतिक पुनरुत्थान का दौर देखा है, जिसने अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व की भावना को फिर से जागृत किया है। जम्मू-कश्मीर में प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार से लेकर भव्य काशी विश्वनाथ धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्रों को पुनर्जीवित करने और देश भर में मंदिरों के पुनर्निर्माण तक, इन प्रयासों ने हमें अपनी जड़ों से फिर से जोड़ा है। आधुनिक वक्त में मीरा बाई जैसे बिसराए हुए संतों और भगवान बिरसा मुंडा जैसे आदिवासी नायकों को सम्मानित किया गया है, जबकि महाकुंभ जैसी परंपराओं को विश्व स्तर पर बढ़ावा दिया गया है, जो जाहिर तौर पर भारत की आध्यात्मिक भव्यता को दशार्ता है। अयोध्या में दिवाली जैसे रिकॉर्डतोड़ने वालेभव्य उत्सव और संसद में पवित्र सेनगोल की स्थापना, सभ्यतागत मूल्यों के प्रति हमारे गहरे सम्मान को दशार्ती है। इस वर्ष भी यह सुनिश्चित करने के प्रयासों की एक दशक लंबी यात्रा जारी रही है कि भारत की विरासत भावी पीढ़ियों को इसकी शाश्वत भावना को संजोने और बनाए रखने के लिए प्रेरित करे। इस वर्ष की शुरूआत अयोध्या में श्री राम लला के ऐतिहासिक अभिषेक के साथ हुई, जिससे लाखों लोगों का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ और इतना ही नहीं, अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का भी उद्घाटन हुआ, जो सीमाओं के परे,भारत की आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इसमें मोइदामको मिली यूनेस्को मान्यता और 297 चोरी हुए पुरावशेषों की वापसी भी इस साल को यादगार बनाती है। श्री राम लौटे अपनी जन्मस्थली 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व ने भारत की सभ्यतागत विरासत और सांस्कृतिक गौरव का बेहतरीन कायाकल्प किया। अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्री रामलला का अभिषेक एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पल था, जिसने दुनिया भर के हिंदुओं की सदियों पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। इस एतिहासिक घटना ने भारत की सभ्यतागत कथा में अयोध्या के स्थायी महत्व को रेखांकित किया। पीएम मोदी द्वारा अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन, भारत की सांस्कृतिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक क्षण था। यह मंदिर मध्य पूर्व में पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर है और इसे प्राचीन हिंदू वास्तुशिल्प सिद्धांतों के अनुसार डिजाइन किया गया है, जिन्हें शिल्पा शास्त्र के नाम से जाना जाता है। इसके जरिए न केवल भारतीय प्रवासियों के योगदान का जश्न मनाया गया, बल्कि यह वैश्विक अंतरधार्मिक सद्भाव का भी प्रतीक बना। घरेलू स्तर की बात करें तो, असम में प्रतिष्ठित मां कामाख्या मंदिर की पवित्र विरासत को संरक्षित करते हुए उस तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी गलियारा परियोजना, मां कामाख्या दिव्य परियोजना की आधारशिला रखी गई। ये पहल भारत की विरासत को पुनर्जीवित करने और इसके गौरवशाली अतीत पर गर्व पैदा करने की पीएम मोदी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। सांस्कृतिक विरासत का पुनर्जीवन वर्ष 2024 मेंपीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने अपनी सभ्यतागत विरासत को संरक्षित करने और उसे मनाने में सराहनीय प्रगति की। मोदी सरकार के प्रयासों से असम में मोइदाम को भारत के 43वें यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता मिली, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक महत्व को दशार्ता है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र में ह्लअनुभव केंद्रह्व के उद्घाटन ने महाभारत और भगवद् गीता जैसे प्राचीन ग्रंथों को एक बार फिर जीवंत कर दिया, जो भारत की विरासत को सुलभ और अनुभव करने योग्य बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसके अलावा, गुजरात में ऐतिहासिक कोचरब आश्रम के पुनर्विकास ने गांधीवादी मूल्यों को संरक्षित करने के सरकार के समर्पण की पुष्टि की, साथ ही संभल में श्री कल्कि धाम की आधारशिला ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। ये प्रयास भविष्य के लिए एक प्रगतिशील पाठ्यक्रम तैयार करते हुए भारत के प्राचीन ज्ञान को संरक्षित करने पर मोदी सरकार के फोकस को दशार्ते हैं। वित्त वर्ष 2024 में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने 1.5 लाख करोड़ रुपए के टर्नओवरको पार करते हुए आत्मनिर्भर भारत को मूर्त रूप देते हुए 10 लाख नौकरियां पैदा कीं।

# नववर्ष है कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का

**ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसल्लों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरुआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है। जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं।**






**ललित गर्ग**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। ह्लआजह्ल, ह्यअभीह्ल, ह्यइसी क्षणह्ल को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये। नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है- ह्यपूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते। ह्ल पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, ह्यमैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना। ह्ल नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि ह्यअभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है। ह्ल मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निमार्ता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है। दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है। आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नही, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं-पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये। नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है।

# नए साल में पुराने जख्म न कुरेदें

**हमें सोचना है कि कितने अजंता हम को और सजाने हैं। हमें तय करना है अभी कितने दरियाओं का रुख पलटना है, और कितने पर्वतों को राहों से हटाना है। हमें अपनी मेहनत को अपना ईमान बनाना है। हमें किसी अवतार की जरूरत नहीं है, हमें अपने हाथों से अपना भगवान बनाना है। हमें राम, कृष्ण और गौतम की इस पुण्य भूमि पर ही सपनों से भी प्यारा हिंदुस्तान बनाना है, न ही कोई हिन्दू राष्ट्रहमें नहीं भूलना चाहिए की हमने दाग गुलामी का धोया है जान लुटा के, हमें याद रखना ह।**






**राकेश अचल**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

नया साल हो या रूमाल तभी तक नया है जब तक कि वो आपके पास आया नहीं। नया होना पुराने का वजूद समाप्त नहीं करता, बल्कि नयेपन की खुशबू बिखेरता आता है। नए का अहसास पुराने को मुकाबिल रखकर किया जा सकता है। नई कोंपल हो, नया अंकुर हो, नया पैगाम हो या नया जाम हो सभी आल्हादित कर देते हैं। नया आखिर नया ही होता है, लेकिन यदा रखिये कि नया भी पानी केरा बुदबुदा ही है, पलक झपकते प्रभात के तारे की तरह छिप जाता है या पुराना हो जाता है।

आज हमारे पास जो है वो कल पुराना हो जाएगा और कल जो हमारे पास आएगा वो नया कहलायेगा। नए और पुराने के बीच एक महीन सी लकीर होती है। अदृश्य लकीर। नया अल्पजीवी होता है फिर भी सभी को नए की दरकार होती है। जड़ हो या चेतन नयेपन को लेकर सदैव उत्सुक रहता है। नया स्वाद, नया कपड़ा, नया मौसम, नयी जगह, नया घर, नयी गाडी, नयी नौकरी, नया -नया-नया। सब कुछ नया। किन्तु प्रकृति में एक तारीख और वर्ष संख्या ही ऐसी है जो नई कही जाती है, बाकी सब 365 दिन में नया नहीं हो पाता। मनुष्यों को छोड़ शायद ही कोई नया साल मानता हो। आज जो 31 है कल वो 1 हो जाएगा। आज जो 2024 है, कल से वो 2025 हो जाएगा, लेकिन बाकी सब कुछ पुराना होगा, फिर भी सब नए साल का जश्न मानकर स्वागत करेंगे। नए संकल्प लेंगे, नए सपने देखेंगे, नए ठिकाने तलाशेंगे, हालाँकि होगा सब कुछ पुराना है। जैसे नयी बोतल में पुरानी शराब। ये जुमला केवल जुमला नहीं है बल्कि एक हकीकत है। हम सनातनी तो जीवन और मृत्यु को भी इसी सिद्धांत के तहत लेकर चलते है। हमारी आत्मा अजर, अमर है। वो केवल देह बदलती है। हमेशा नई देह चाहिए आत्मा को। नए की तलाश ही हमें गतशील बनाये रखती है। मजे की बात ये है कि हम एक तरफ नए की और भागते हैं और दूसरी तरफ पुराने के प्रति हमारी आशक्ति समाप्त नहीं होती। हम नया स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं और पुराने को लगातार गले से लगाए रखना चाहते हैं। यादें इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। विरासत दूसरा बड़ा उदाहरण है। दुनिया में कोई ऐसा है जिसे नए के मुकाबिले पुराना अप्रिय लगता हो ! हम पुराने रिश्ते मरने नहीं देत। पुरानी तस्वीरें उठाकर फेंक नहीं देते। फिर आखिर क्यों हमें पुराने जख्म कुरेदने में मजा आता है। आखिर हम क्यों पुराने और गड़े हुए मुर्दे उखड़ते हैं? ये बात अलग है कि हम पुराने से ऊबने लगते हैं। इसी ऊब से नयेपन की चाहत जन्म लेती है। नए साल में भी हमारे साथ अधिकांश चीजें पुरानी ही रहने वाली है। न हम बदलेंगे और न हमरे आसपास के लोग। हम उसी घर में रहेंगे जहां वर्षों से रहते आए हैं, लेकिन हम नयेपन का अहसास करने के लिए हफ्ते -दस दिन के लिए अपने ठिकाने बदल सकते हैं वो भी तब जब हमारे पास इसकी सामर्थ्य हो, अन्यथा झोपडी में रहने वाला किसान, मजदूर नयेपन से हमेशा वंचित रहता है, नया सभी को चाहिए किन्तु कुछ नया हो तब न ! ! बुधवार को जब नया साल आएगा तब भी हमारे पास न सरकार नई होगी और न अखबार, न टीवी चैनल नया होगा और न कोई स्वाद। हाँ हमारे पास नए कपड़े हो सकते हैं, नया घर हो सकता है, नया वाहन हो सकता है, नया मोबाईल सेट हो सकता है, लेकिन अलप समय के लिए। हम नए दौर में प्रवेश जरूर करते हैं किन्तु ये नयापन टिकाऊ नहीं होता। आप याद करके देखिये और बताइये कि आपके पास नया क्या है? नए केवल संकल्प हो सकते है। नया केवल सपना हो सकता है। नया केवल व्यवहार हो सकता है। नयी केवल शैली हो सकती है। नया केवल स्वाद हो सकता है हालाँकि हर नए के गर्भ में पुराना ही छिपा होता है। यानि नयापन एक मृग मरीचिका है। जो कभी हाथ नहीं आती और यही वो चीज है जो हमें निरंतर गतिशील बनाये रखती है। नया साल आप सभी को मुबारक हो ये कामना हम भी करते हैं, क्योंकि आने वाले दिनों में कुछ तो नया हो। नए रिश्ते बनें, नयी सियासत शुरू हो। नया नेतृत्व सामने आये। नया भारत बने जिसमें संकीर्णता , साम्प्रदायिकता, वैमनस्य की दुर्गन्ध न आती हो। एक ऐसी नई दुनिया हमारा सपना है जिसमें युद्ध न हो, केवल और केवल शांति हो। एक ऐसी दुनिया और एक ऐसा देश हो जहाँ भूख, गरीब। गैर बराबरी न हो कोई नया अवतार न हो। लेकिन ये सब कैसे हो, कोई नहीं जानता। आप अपने लिए अपना नया खुद तलाशिये, कोई सरकार आपको कुछ भी नया नहीं दे सकती। दुनिया में हादसे और खुशियां समान रूप से नई और पुरानी होती आयीं है और होती रहेंगी। मुझे हर साल नए साल के वक्त प्रेम धवन याद आते है। हम हिंदुस्तानी फिल्म याद आती है। मुकेश याद आते है। उषा खन्ना याद आतीं हैं क्योंकि उन्होंने जो आव्हान, जो सलाह हम हिन्दुस्तानियों को दी है वो कोई और दे नहीं सकत। प्रेम धवन जी लिख गए हैं -

छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी नए दौर में लिखेंगे, मिल कर नई कहानी हम हिंदुस्तानी, हम हिंदुस्तानी हम अपनी पुरानी जंजीरों को तोड़ चुके हैं, इसीलिए क्या देखें उस मंजिल को जो छोड़ चुके हैं? क्योंकि चांद के दर पर जा पहुंचा है आज जमानानए जगत से हम भी नाता जोड़ चुके हैं। अब हमारे पास नया खून है नई उमंगें है, नई जवानी है। हममें सोचना है की हम को कितने ताजमहल और बनाने हैं। हमें उन्हें खोदने की बात नहीं सोचना।

# अमेरिका के राष्ट्रपति पर 43 करोड़ का जुमार्ना

सनत जैन

अमेरिका की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप पर यौन शोषण के मामले में दोष मुक्त करने के लिए 5 मिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया है। जो भारतीय मुद्रा में लगभग 43 करोड रुपए होता है। कुछ दिनों के बाद ही अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप पर संघीय अदालत ने मानहानि और यौन शोषण के आरोप में मुआवजे के रूप में यह आदेश जारी किया है। 1996 में एक स्टोर की ड्रेसिंग रूम में यह यौन अपराध हुआ था। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया था, उन्होंने मुकदमे में भाग नहीं लिया। अदालत ने इस मामले में 712 करोड रुपए का मुआवजा पीड़िता को देने का आदेश दिया था। इस निर्णय के बाद अमेरिका और भारत की न्यायपालिका को लेकर सारी दुनिया में चर्चा होने लगी है। अमेरिका में अदालतें सरकार और राजनीति से दूर रहते हुए अपने स्वतंत्र निर्णय करने के लिए आज भी स्वतंत्र हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद भी अमेरिका की अदालत में सबूतों और गवाहों के आधार पर यह निर्णय किया है। अमेरिका का राष्ट्रपति दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्रपति होता है। न्याय के मामले में अमेरिका के न्यायालय कोई भेदभाव नहीं करती हैं। जिसके कारण अमेरिका की न्यायपालिका पहले भी सर्वोच्च थी, आज भी सर्वोच्चता के साथ सारी दुनिया में अपना स्थान बनाकर रखा है। भारतीय न्यायपालिका संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए, नागरिकों के संवैधानिक मौलिक अधिकार एवं सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार फैसला करने के लिए सारी दुनिया में जानी जाती थी। तत्कालीन सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में जाकर अपनी गवाही देनी पड़ी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनके चुनाव को अवैध घोषित किया था। जिसकी अपील सुप्रीम कोर्ट में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ शर्तों के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को मान्य किया। भारतीय न्यायपालिका और न्यायाधीशों की साख को सारी दुनिया के देशों में बढ़ाया था। न्यायपालिका को संविधान ने सर्वोच्चतम स्थान दिया है। विधायिका और कार्यपालिका द्वारा बनाए गए नियम एवं कानून तथा संविधान प्रदत नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का दायित्व, भारतीय न्यायपालिका पर है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय न्यायपालिका न्यायप्रियता के लिए सारी दुनिया में जानी जाती थी। न्यायपालिका ने स्वतंत्रता के 6 दशक बाद तक, न्याय के मामले में सरकार का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया। जिसके कारण नागरिकों को न्यायपालिका पर हमेशा विश्वास रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय न्यायपालिका पर आम आदमी को वह विश्वास नहीं रहा, जो पहले हुआ करता था। पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका सरकार और सत्ता में बैठे हुए लोगों के साथ विशेष बर्ताव कर रही है। न्यायपालिका में आम आदमियों के लिए अलग कानून और खास आदमियों के लिए अलग कानूनी व्याख्या देखने को मिलने लगी है। भारतीय न्यायपालिका द्वारा जो आदेश दिए जाते हैं, उनका पालन विधायिका और कार्यपालिका द्वारा नहीं किया जा रहा हैं। इसके बाद भी न्यायपालिका कोई कार्यवाही नहीं करती है। अब सरकार के खिलाफ समन जारी करने से भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट कोताही बरतने लगी है। जिससे सीधा संदेश जाता है, न्यायपालिका के ऊपर सरकार का दबाव है। 2014 के पहले की तत्कालीन सरकार के खिलाफ न्यायपालिका का अलग रुख था। 2014 से लेकर अभी तक न्यायपालिका का रुख पूरी तरह से बदला हुआ है। तब भी संविधान वही था, आज भी संविधान वही है। नियम कानून भी वैसे ही बने हुए हैं। संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार भी वही हैं। कानून बनाकर नागरिकों के मौलिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। बिना चार्ज सीट के विचाराधीन कैदी के रूप में आरोपियों को कई महीने और वर्षों तक जेलों में बंद रखा जा रहा है। जिस तरह के कानून बनाए जा रहे हैं। उसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों का अप्रत्यक्ष रूप से खत्म हो रहे है। पेगासस का सॉफ्टवेयर तथा ईड़ी के लिये बने विशेष कानून संविधान प्रदत नागरिक अधिकारों पर कैंची चलाई जा रही है। संघीय व्यवस्था में निर्वाचित राज्य सरकारों के ऊपर राज्यपाल शासन कर रहे हैं। संविधान प्रदत्त संघीय व्यवस्था पर केंद्र सरकार आधिपत्य बना रही है। इन सभी कारणों से भारतीय न्यायपालिका की साख देश और विदेश में खत्म होती जा रही है। 2014 के पहले की न्यायपालिका तत्कालीन सरकारों के खिलाफ निर्णय और टिप्पणी करने में कभी पीछे नहीं रही। यही न्यायपालिका 2014 के बाद सरकार का पल्लू पकड़कर आधे अधूरे आदेश देकर या मामलों की सुनवाई को टालकर सरकार की मदद कर रही है। सरकार में बैठे हुए लोग, यह कहने से नहीं चूकते हैं। यदि आपको सरकार अथवा कार्यपालिका का निर्णय पसंद नहीं है, तो आप अदालत चले जाएं। इससे एक संदेश जाता है, सरकार को पता है, भारतीय अदालतें सरकार की मदद करेंगी।

# गोरखपुर में नवीनीकृत राजकीय कृषि विद्यालय का लोकार्पण करेंगे योगी

प्रात: किरण संवाददाता



गोरखपुर। कृषि क्षेत्र की प्रगति के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के चरगांवा में नव वर्ष के दूसरे दिन (दो जनवरी) नवीनीकृत राजकीय कृषि विद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन और छात्रावास, किसान हॉस्टल, का लोकार्पण करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इस कृषि विद्यालय में कृषि से जुड़े मास्टर ट्रेनरों, कर्मचारियों और प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि राजकीय कृषि विद्यालय के नए प्रशासनिक भवन के निर्माण पर 9.88 करोड़ रुपये तथा किसान हॉस्टल के निर्माण पर 9.08 करोड़ रुपये की लागत आई है। इन दोनों निर्माण कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी ने 21 मार्च 2021 को किया था। गोरखपुर के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना के मुताबिक इस राजकीय कृषि विद्यालय के नवीनीकृत हो जाने से अधिक संख्या में किसानों को खेती किसानी की नवीनतम जानकारियों से रूबरू कराया जा सकेगा। पूर्व के भवन में मात्र 80 लोग ही प्रशिक्षण प्राप्त कर पाते थे। नई बिल्डिंग में 200 लोग प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि चरगांवा में स्थित राजकीय कृषि विद्यालय की स्थापना 1932 में की गई थी तब इस विद्यालय से कृषि डिप्लोमा की पढ़ाई होती थी। प्रदेश में कृषि स्नातकों की संख्या पर्याप्त हो जाने के कारण 1984 में यहां कृषि डिप्लोमा कोर्स बंद कर दिया गया। डिप्लोमा कोर्स बंद होने के बाद राजकीय कृषि विद्यालय द्वारा कृषि विभाग के कर्मचारियों प्रगतिशील किसानों तथा किसान विद्यालय के मास्टर ट्रेनरों को अद्यतन कृषि तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में इस राजकीय कृषि विद्यालय के कार्यक्षेत्र में गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी और विंध्याचल मंडल के 17 जिले सम्मिलित हैं।

## सनातन धर्म की अलख जगाने प्रयागराज महाकुंभ आ रही है पवित्र छड़ी यात्रा



महाकुंभ नगर। प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालु सनातन की अलख जगाने निकली पवित्र छड़ी का भी दर्शन कर सकेंगे। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के सैकड़ों महात्मा इस पवित्र छड़ी को लेकर प्रयागराज पहुंच रहे हैं। हरिद्वार से यह पावन छड़ी यात्रा शुरू हो चुकी है। छड़ी यात्रा की अगुवाई प्रयागराज महाकुंभ में आवाहन अखाड़े के दादा जी धुनी वाले श्री महंत गोपाल गिरी कर रहे हैं। उनका कहना है कि अखाड़े के निर्देशानुसार छड़ी के चार श्री महंत चुने गए हैं जो उनके साथ चल रहे हैं। आवाहन अखाड़े के साधुओं का जत्था भी साथ है। यह पवित्र छड़ी यात्रा 1 जनवरी को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेगी, जहां विभिन्न पड़ावों पर इस यात्रा का अखाड़ों के साधु संत और श्रद्धालु स्वागत करेंगे। इस छड़ी यात्रा की शुरुआत के इस साल 1220 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा की अगुवाई कर रहे आवाहन अखाड़े के श्री महंत गोपाल गिरी का कहना है कि आदिगुरु शंकराचार्य जी के नेतृत्व में आज से 1220 वर्ष पूर्व अखाड़ा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी के 550 महात्माओं और श्री महंत द्वारा इस छड़ी को देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर भ्रमण के लिए यह छड़ी यात्रा शुरू की गई थी। इस बार प्रयाग महाकुंभ में अखाड़ा श्री शंभु पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी को 1478 वर्ष हो रहे हैं और 2025 में आवाहन अखाड़ा 123वां महाकुंभ स्नान करने जा रहा है। उनके साथ यह पवित्र छड़ी भी स्नान करेगी। एक जनवरी 2025 से 27 फरवरी तक यह पवित्र छड़ी प्रयागराज महाकुंभ में आवाहन अखाड़े के छावनी में दर्शन के लिए रखी जाएगी।

## वढ के इन 49 जिलों में नए साल से शुरू होगी प्राकृतिक खेती, जानिए कैसे मिलेगा किसानों को फायदा

2025 तक लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के 49 जिलों में प्राकृतिक खेती होगी। देसी गाय आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गंगा-गोमती के किनारे पांच किमी की परिधि के गांवों के किसानों का चयन पूरा हो चुका है। प्राकृतिक खेती शून्य लागत वाली खेती है जिसकी खाद की फैक्ट्री देसी गाय और दिन-रात काम करने वाला मित्र केंचुआ है। वढ में लखनऊ सहित 49 जिलों में होगी प्राकृतिक खेती। जितेंद्र उपाध्याय, लखनऊ। देसी गाय आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की प्रदेश सरकार की मंशा के सापेक्ष इस पर अमली जामा पहनाने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। नए साल में गंगा-गोमती के किनारे पांच किमी की परिधि के गांवों के किसानों का चयन पूरा हो चुका है। कई स्थानों पर काम युद्ध गति से जारी है। लखनऊ सहित प्रदेश के 49 गांवों का चयन किया गया है। 26 जिलों में केंद्र सरकार और 23 जिलों प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगी। 60 गांवों को किया गया शामिल लखनऊ के बख्शी का तालाब और मलिहाबाद ब्लॉक को प्राकृतिक खेती के लिए चुना गया है। दोनों ब्लॉकों को प्राकृतिक खेती के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए गोमती के किनारे के 60 गांवों को शामिल किया गया है। किसानों के चयन के साथ ही एक हजार हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। किसानों का समूह बनाकर 1,200 किसानों को इसमें शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरफराज बने भाकियू मातृभूमि के प्रदेश अध्यक्ष

अमरोहा। भाकियू मातृभूमि के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर खचेडू सिंह ने सरफराज को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। कैलसा रोड पर समर्थकों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए समाधान कराने की बात कही।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

अमरोहा। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सेवानिवृत्त हुए चार पुलिसकर्मियों को शॉल व उपहार भेंट कर विदाई दी। गौरतलब है कि जिले में तैनाती के दौरान मंगलवार को निरीक्षक प्रभाकर शर्मा, उपनिरीक्षक मुनीश कुमार, फायर सर्विस चालक मोहम्मद उस्मान व वर्कशॉप हैड अमीन अहमद का सेवाकाल पूरा हो गया। पुलिस कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन के दौरान एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शॉल, उपहार, स्मृति चिन्ह देकर आगामी सुखमयी व समृद्ध जीवन की शुभकामना संग विदाई दी। इस दौरान एएसपी राजीव कुमार सिंह, आरआई लाइन धनश्याम, पीआरओ राजेश कुमार तिवारी आदि रहे।

### डिडौली पुलिस ने खोली आठ अपराधियों की हिस्ट्रीशीट

डिडौली।अपराधियों के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान की कड़ी में अब डिडौली पुलिस ने आठ अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलते हुए सभी की निगरानी शुरू कराई है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि अपराधिक रिकार्ड के आधार पर गांव ककराली निवासी वसीम पुत्र यामीन, गांव सैंतली निवासी मोहम्मद कसीम पुत्र नसीम, गांव असगरीपुर निवासी मोहसिन पुत्र शमीम, गांव हटव्वा निवासी मोहम्मद उमर पुत्र जहीर अहमद, गांव नसीरपुर निवासी रोहित पुत्र देशराज, डिडौली कस्बे के मोहल्ला मंदिर वाला निवासी राजकुमार उर्फ एमपी पुत्र मनोज ठाकुर, गांव श्यामपुर निवासी राशिद पुत्र साजिद, गांव फराशपुरा निवासी कुक्कु उर्फ पप्पू उर्फ सुनील पुत्र राकेश पर कार्रवाई की गई है। इन सभी पर गोवध, लूट, चोरी व शराब तस्करी से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है। हिस्ट्रीशीट खोलते हुए सभी की निगरानी शुरू कराई गई है। अपराध पर अंकुश लगाने को अभियान लगातार जारी रखा जाएगा।

### शिविर में 120 मरीजों का निशुल्क नेत्र परीक्षण

हसनपुर।रोटरी क्लब हसनपुर आस्था के संयोजन में डा. विनोद हास्पिटल द्वारा नगर के डा. सिरोही अस्पताल पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर हुआ। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. प्रांजल अग्रवाल ने 120 से ज्यादा मरीजों की आंखों की जांच की। 30 से ज्यादा मरीजों को मोतियाबिंद एवं नाखूने के ऑपरेशन की सलाह दी। शुगर पीड़ित रोगियों को नियमित तौर पर आंखों के पर्दे की जांच कराने के विषय में अवगत कराया। शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच भी की गई। 80 से ज्यादा मरीजों को मुफ्त दवा दी गई। सभी मरीजों के ऑपरेशन रियायती दरों पर अथवा आयुष्मान योजना से निशुल्क किए जाएंगे। इस दौरान डा. तीर सिंह सिरोही, ब्रह्मदत्त त्यागी, विनोद सक्सेना, सुनील भटनागर आदि रोटेरियन रहे।

# अखाड़ों-कल्पवासियों के लिए खुशखबरी, योगी सरकार ने महाकुंभ में राशन की दरों में की कटौती

**कल्पवासियों को मात्र 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है**



प्रात: किरण संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ में योगी सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों के लिए बड़े पैमाने पर अन्न भंडार की व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार है, जब महाकुंभ में इतने बड़े पैमाने पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को नाम मात्र की कीमत पर राशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अखाड़ों-संस्थाओं और कल्पवासियों को मात्र 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध कराया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार महाकुंभ को दिव्य, भव्य के साथ साथ नव्य रूप देने में लगे हैं। इसके लिए उन्होंने अफसरों को सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। खासकर श्रद्धालुओं के भोजन के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में आने वालों के लिए अन्न भंडार खोल दिया है। यहां मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है।

इस बार कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को राशन के लिहाज से बेहद कम कीमत पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा हैं। महाकुंभ में अखाड़ों-कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जाना है। इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी। अखाड़ों और संस्थाओं को 800 परमिट की व्यवस्था है।

राशन देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रीफिल करा सकते हैं। तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुंभ में की गई है। इनमें 5 किलो, 14.2 किलो और 19 किलो के सिलेंडर भरे जा सकेंगे।

महाकुंभ में अखाड़ों-कल्पवासियों और संस्थाओं को भोजन के लिए किसी प्रकार की समस्या न आने पाए, इस लिहाज से मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम किया गया है। साथ ही अन्न भंडार के पांच गोदाम भी तैयार किए गए हैं। इन गोदामों पर 6,000 मीट्रिक टन आटा और 4,000 मीट्रिक टन चावल और 2,000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी।

मेला क्षेत्र में दी जा रही इस विशेष सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। जनवरी से फरवरी अंत तक राशन की यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही वन नेशन वन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त होगी। 100 कुंतल सामान हर दुकान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज में कर्मचारी को दी गई सेवानिवृत विदाई




प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। बिड़ला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज स्योहारा (बिजनौर)में सेवानिर्वित्त हुए कर्मचारी के सम्मान में विदाई पार्टी दी गई। बिड़ला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज में विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मनोज कुमार को विद्यालय में उनकी सेवा निवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला ने कहा कि उन्होंने विद्यालय को अपने जीवन के 33 वर्ष ( सन 1991 से दो सन 2024 तक का) का बहुमूल्य समय दिया। जिस दौरान उनका कार्य एवं व्यवहार उत्कृष्ट रहा। उनके विद्यालय में इस योगदान के लिए समस्त विद्यालय परिवार सदैव उनका आभारी रहेगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉक्टर रंजना शुक्ला जी ने उन्हें सम्मान सूचक अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह के प्रतीक के रूप में कुछ उपहार देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक एवं भावुक कर देने वाले कार्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस उपलक्ष्य में उनके स्वजनों सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

### यूपी के स्कूलों के लिए कैलेंडर जारी, साल में 119 दिन रहेगी बच्चों की छुट्टी; कब से शुरू होगा समर वेकेशन?

यूपी के स्कूलों के लिए साल 2025 का कैलेंडर जारी हो गया है। इस साल बच्चों को 119 दिन की वढ 2025 छुट्टियां मिलेंगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश 21 मई से 30 जून तक रहेगा। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होकर 12 कार्य दिवस में पूरी हो जाएंगी। इस दौरान 234 दिन पढ़ाई होगी। माध्यमिक स्कूलों में बढ़ी बुद्ध पूर्णिमा की छुट्टी, 234 दिन होगी पढ़ाई 12 दिनों में यूपी बोर्ड परीक्षा, 119 दिन होगा अवकाश 21 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश, कैलेंडर हुआ जारी राज्य ब्यूरो, लखनऊ। राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों में बुद्ध पूर्णिमा का अवकाश नए वर्ष से बढ़ाया गया है। इन स्कूलों में 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा का अवकाश रहेगा। वर्ष 2025 की छुट्टियों का कैलेंडर सोमवार को जारी कर दिया गया। माध्यमिक स्कूलों में 21 मई से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।

# ऑनलाइन जमा हो सकेगा हाउस टैक्स: ईओ

प्रात: किरण संवाददाता




स्योहारा। नगर पालिका परिषद के कार्यालय में नगर पालिका अधीशासी अधिकारी ने सभासदों के मध्य स्वकर प्रणाली के अन्तर्गत ऑन लाईन कर जमा करने के संबंध में जानकारी दी गई। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने सभासदों से वार्ता करते हुए बताया कि वह सभी अपने अपने वार्डो से नगर पालिका की बेबसाइट ल्लस्त्रस्त्रशेङ्कँ९.ङ्क९ पर जाकर नगर पालिका से जारी डिमांड बिल पर 17 डिजिट के नम्बर से अपना हाउस टैक्स ऑनलाईन जमा कर सकतें है। इसके अलावा नये टैक्स को लेकर आ रही समस्याओं को भी सभासदों द्वारा अधिशासी अधिकारी के समक्ष रखा गया। जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा बिन्दुवार समाधान बताया गया। साथ ही सम्बन्धित कर्मचारी को भी टैक्स में आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु निंदेशित किया गया। बकाया और वर्तमान मॉग को अलग अलग दशार्ने पर सहमति बनी। लगभग 40 वर्षो से पालिका में टैक्स सर्वे न होने के कारण गृह स्वामियों और पालिका को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जीआईएस सर्वे स्वकर निर्धारण प्रणाली से इन समस्याओं का सटीक निस्तारण हो पाया है। अगर नये टैक्स को लेकर किसी को भी कोई समस्या हो तो वह बेझिझक पालिका कार्यालय में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। अधिशासी अधिकारी ने करो के भुगतान के लिये कर ऑनलाईन जमा किये जाने की सुविधा से भी समस्त सदस्यों को अवगत कराया गया है। सभी लोग घर बैठे अपना कर ऑनलाईन जमा करायें और पालिका की इस सुविधा का लाभ उठायें।इस मौके पर सभासदो में खुर्शीद अहमद, मौहम्मद यूसुफ, मौहम्मद अकरम, सतेंद्र कुमार, श्वेत रस्तौग, विनोद तोमर ,मौहम्मद दिलशाद, जब्बार अंसारी,इकरामुद्दीननईम कुरैशी आदि सहित प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, लिपिक मोहम्मद शान, चांदनी अदनान, शाहब आलम, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश कुमार ने किया श्री वासुदेव तीर्थ स्थल पर चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। उपनगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा डॉ. बृजेश कुमार द्वारा शासन की महत्वपूर्ण वंदन योजना के अंतर्गत पालिका द्वारा नगर के प्रमुख धार्मिक आध्यात्मिक/ पर्यटन स्थल श्री वासुदेव तीर्थ पर करवाये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर उपस्थित अधीनस्थ स्टॉफ एवं कार्य दायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिए गए। बता दें की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चयनित नगरो के प्रमुख धार्मिक/ पर्यटन स्थलों पर विकास कार्य कराये जाने हेतु वंदन योजना का आरम्भ किया गया है। नगर पालिका वंदन योजना मे चयनित पालिका है। योजना मे विकास कार्य कराये जाने हेतु नगर के श्री वासुदेव तीर्थ का चयन किया गया है। अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यो का धरातलीय परीक्षण करने हेतु आज श्री वासुदेव तीर्थ का औचक निरीक्षण किया गया। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया की शासन की इस महत्वपूर्ण योजना मे पालिका द्वारा प्रेषित विकास कार्यों के प्रस्तावो पर 2 करोड़ रुपया जारी किया गया है, जिससे श्री वासुदेव तीर्थ मे विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे हैं जिनमे श्री वासुदेव तीर्थ मे स्थापित हनुमान जी की मूर्ति की बेस को अधिक वृहद कर सौंदर्यकरण का कार्य, श्री वासुदेव परिसर अंतर्गत आधुनिक केंटीन का निर्माण जिसमे उच्च गुणवत्ता के खाद पदार्थ एवं सामग्री आदि की बिक्री की जाएगी, परिसर मे सुन्दर योगा प्लेटफॉर्म का निर्माण, फसाड़ लाइट की स्थापना फोटोजेनिक प्लेटफॉर्म, परिसर मे फुटपाथ का निर्माण जिसमे सुन्दर इंटरलोकिंग का प्रयोग किया जायेगा, परिसर मे मुरादाबाद स्मार्ट सिटी की तर्ज पर सुन्दर जालीदार लाइटो की स्थापना का कार्य सहित अनेको कार्य करवाये जा रहे हैं, उक्त कार्य पूर्ण होने के उपरांत श्री वासुदेव तीर्थ परिसर वर्तमान से कहीं अधिक सुन्दर व मनोहारी छटा से सुशोभित होगा। मौके पर उपस्थित अधीनस्थ स्टॉफ को कार्य की गुणवत्ता शत प्रतिशत रखते हुए, समय बद्ध किये जाने के निर्देश दिए गए।

# यूपी DGP प्रशांत कुमार की फर्जी इंस्टाग्राम ID बनाकर ठग मांग रहे रुपये, यूट्यूब चैनल भी बनाया; मुकदमा दर्ज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार के नाम से जालसाजों ने फर्जी यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम आइडी बनाकर जालसाजी की। ठग जयपुर में हुए हादसे में घायल लोगों के लिए आर्थिक सहायता की मांग कर रहे हैं। इसके लिए लोगों को क्यूआर कोड भी भेज रहे हैं। मामला सामने आने के बाद दारोगा गुलाम हुसैन ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दारोगा गुलाम हुसैन ने बताया कि साइबर ठगों ने डीजीपी प्रशांत कुमार के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया है। इसमें प्रशांत कुमार की फोटो लगाई गई है। इस अकाउंट से ठग जयपुर में हुए हादसे में घायल लोगों के लिए आर्थिक सहायता मांग रहे हैं। इसके लिए उन्होंने क्यूआर कोड भी जारी किया है। साइबर ठगों ने फर्जी यूट्यूब चैनल और वेबसाइट भी बनाई है। ठगों ने डीजीपी के नाम से नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई है। जिसमें उनकी फोटो भी लगी हुई है। वहीं, फर्जी यू-ट्यूब चैनल नाम से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जालसाजों में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसे भी पढ़ें- दिल्ली में डिजिटल अरेस्ट होने से बची महिला, दैनिक जागरण की खबरें पढ़कर पहले से थीं अलर्ट डीजीपी के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा डीजीपी के निर्देश पर साइबर क्राइम थाने के दारोगा गुलाम हुसैन ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, जयपुर में 21 दिसंबर को एलपीजी के टैंकर में ब्लास्ट हुआ था। इस भीषण हादसे में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसा इतना भयानक था कि 200 मीटर के एरिया में कई गाड़ियां जल गईं। बसों में बैठे यात्री झुलस गए। इनमें से कई ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। इसी हादसे को आधार बनाकर ठगी की जा रही है। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर के मुताबिक जालसाजों ने डीजीपी के नाम से स्त्र१ऱ्ँल्ल३ ्स्त्रि.४स्त्र नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई है। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो का प्रयोग किया गया है। वहीं, फर्जी यू-ट्यूब चैनल के नाम से चलाया जा रहा है। फोटो और नाम दोनों का गलत प्रयोग किया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम को लगाया गया है। क्यूआर कोड भेजकर मंगाई रकम दारोगा गुलाम हुसैन के मुताबिक जालसाजों डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो लगाई है।

# यूपी में कड़ाके की ठंड के साथ होगा New Yer का स्वागत, अगले दो दिनों के लिए IMD का अलर्ट

लखनऊ। दिसंबर के अंतिम दिनों में ठंड ने पूरे प्रदेश को अपनी चपेट में ले लिया है। सोमवार को लखनऊ समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में शीत दिवस (कोल्ड डे) की स्थिति बनी रही। कई जिलों में दिन और रात के तापमान का अंतर लगभग खत्म हो गया, जिससे लोगों ने दिनभर कड़ाके की ठंड महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार, एक जनवरी तक शीत दिवस का असर जारी रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम साफ होने की संभावना है।

# उप्र के धार्मिक स्थलों में नए साल के जश्न के लिए श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता



अयोध्या/मथुरा/वाराणसी। नए वर्ष के आगमन में अब कुछ ही घंटे शेष हैं और इसके जश्न के लिए उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलोंङ्घ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुरक्षा उपायों और विस्तृत भीड़ प्रबंधन योजनाओं के साथ, भगवान राम की जन्मभूमि से जुड़ा पवित्र शहर अयोध्या 2025 की आध्यात्मिक शुरूआत के लिए मंदिरों और पवित्र स्थलों पर आने वाले तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को समायोजित करने के लिए तैयार हैं। नए साल से पहले अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, खासकर नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए हजारों लोग आ रहे हैं।

अयोध्या और पास के फैजाबाद में होटल पूरी तरह से आरक्षित हो चुके हैं और मंदिर ट्रस्ट ने अपेक्षित भीड़ को प्रबंधित करने के लिए दर्शन का समय बढ़ा दिया है। एक होटल के मालिक अंकित मिश्रा ने कहा, ह्यहम श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार हैं और हमारे सभी कमरे 15 जनवरी तक आरक्षित हैं।

हिंदू नववर्ष मार्च-अप्रैल के आसपास मनाया जाता है, लेकिन कई श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष के पहले दिन रामलला के दर्शन करते हैं।

स्थानीय पुजारी रमाकांत तिवारी ने बताया, ह्यकई लोग भगवान राम के आशीर्वाद के साथ वर्ष की शुरूआत करना चाहते हैं। राम मंदिर में भगवान राम के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद, 2025 पहला नववर्ष है, जो इसे महत्वपूर्ण अवसर बनाता है। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरण नैयर ने राम मंदिर, हनुमानगढ़ी और गुप्तार घाट जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की पुष्टि की है। भगवान शिव की आध्यात्मिक नगरी वाराणसी में इस नववर्ष में बड़ी संख्या में आगंतुकों के आने की उम्मीद है। इसे ध्यान में रखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर ने 31 दिसंबर से एक जनवरी तक ह्यस्पर्श दर्शनह्ण पर प्रतिबंध लगा दिया है। आगंतुकों को दूर से ही भगवान के दर्शन करने की अनुमति होगी। शहर की पुलिस ने व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किए हैं, जिसमें अस्सी घाट और संकट मोचन मंदिर सहित प्रमुख स्थानों पर 45 ड्यूटी पॉइंट बनाए गए हैं। काशी जोन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसल ने पुष्टि की कि प्रमुख स्थानों पर एनडीआरएफ, जल पुलिस और पीएसी की टीमें तैनात की गई हैं। अनुमानित पांच से सात लाख आगंतुकों के साथ, मंदिर क्षेत्र को पाँच सेक्टरों में विभाजित किया गया है, और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 12 त्वरित प्रतिक्रिया दल तैयार हैं।

मथुरा-वृंदावन में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। मंदिर के अधिकारियों ने बुजुर्गों, बीमारों और बच्चों से भीड़भाड़ वाले समय में मंदिर में आने से बचने का आग्रह किया है। बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधक मुनीश शर्मा ने कहा, ह्यहम श्रद्धालुओं को असुविधा से बचने के लिए दर्शन करने से पहले भीड़ का आकलन करने की सलाह देते हैं। मंदिर ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सख्त वन-वे प्रवेश और निकास प्रणाली लागू की है। सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है और वृंदावन में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंदिरों तक दर्शनार्थियों को ले जाने के लिए ई-रिक्शा शुरू किए गए हैं।`पुलिस ने सुगम आवागमन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बैरियर लगाए हैं और अधिकारियों को तैनात किया है। साथ ही विभिन्न मार्गों से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए विशेष पार्किंग व्यवस्था की गई है।



# नए साल में यूपी में शुरू होगा SCR का काम, इन सेक्टर्स को सीधा फायदा; युवाओं को मिलेंगे 5 लाख

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ। नए वर्ष पर लखनऊ शहर को काफी कुछ मिलने वाला है। विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर के नए आयाम गढ़ने की कोशिशें तो जोर पकड़ेंगी, साथ ही इंडस्ट्री के लिए नए वर्ष काफी बेहतर रहने वाला है। करीब दस हजार करोड़ की लागत से कानपुर रोड पर अशोक लीलैंड के प्लांट में अगस्त-सितंबर तक इलेक्ट्रिक बसें बनने लगेंगी। कंपनी का लक्ष्य प्रत्येक माह ढाई सौ से तीन सौ बसें बनाना है, जिसे हासिल करने के लिए प्लांट पर तेजी से काम चल रहा है। इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण से दस से 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। सैकड़ों लघु, छोटे और मझले उद्योगों को फायदा होगा, जिससे पूरे इलाके की आर्थिकी बदलेगी। प्रतिदिन होगा दस बसों का निर्माण अशोक लीलैंड के प्लांट मैनेजर शक्ति सिंह का कहना है कि कंपनी का लक्ष्य प्रतिदिन दस बसों के निर्माण का है। हम लक्ष्य को हासिल करने के करीब हैं। अशोक लीलैंड की तरह ही सीतापुर रोड पर करीब तीन सौ करोड़ की लागत से निजी विश्वविद्यालय बनने जा रहा है। जमीन खरीदने का काम करीब-करीब पूरा हो चुका है नए वर्ष में विश्वविद्यालय का शिलान्यास होगा। रक्षा सेक्टर में भी लखनऊ में संभावनाएं बनती दिख रही हैं। सरोजनीनगर में ही ब्रह्मोस मिसाइल की यूनिट बन रही है, जो 2026 में उत्पादन शुरू कर देगी। ब्रह्मोस मिसाइल के बनने एमएसएमई सेक्टर को काफी फायदा मिलेगा। लखनऊ को ही पीटीसी इंडस्ट्री साढ़े तीन सौ करोड़ की लागत से डिफेंस कारीडोर में प्लांट लगा रही है, जिसमें उड्डयन और रक्षा सेक्टर के लिए कलपुर्जे तैयार किए जाएंगे। छोटी इकाइयां की जाएंगी स्थापित जीआइएस के बाद दो लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए थे। प्रस्तावों को नए वर्ष में धरातल पर उतारने की कोशिश होगी। जिला प्रशासन प्रत्येक गांव में छोटी इकाइयां स्थापित करने के लिए पहल कर रहा है। लखनऊ में करीब नौ सौ गांव है और प्रशासन की कोशिश है कि प्रत्येक गांव में कम से कम दस इकाइयां स्थापित की जाएं। इनमें से अधिकांश इकाइयां एग्रीकल्चर, फार्मिंग, डेयरी और सूक्ष्म इकाइयां स्थापित की जाएंगी। तहसील लेवल पर कमेटियां गठित की गई हैं, जो प्रत्येक गांव में ऐसे लोगों की सूची तैयार कर रहे हैं जो इकाइयां लगाने के इच्छुक हैं। गांवों में इकाइयां कैसे संचालित होंगी, फंड कैसे आएगा, बाजार कहां होगा इसके लिए उद्यमियों की मदद ली जा रही है। बैंकों को भी तैयार किया जा रहा है। युवाओं को मिलेगा बिना ब्याज लोन इकाइयां लगाने को सीएम युवा उद्यम अभियान के तहत बिना ब्याज के लोन सरकार युवाओं को छोटी इकाइयां लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यम विकास अभियान के तहत सरकार बिना ब्याज और गारंटी के कारोबार के लिए लोन दे रही है। इस वर्ष करीब साढ़े तीन हजार लोगों को इसके लिए चुना जाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि प्रशिक्षित युवा अपना कारोबार शुरू करना चाहते हैं, लेकिन उनके पास पैसा नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर चोर गिरफ्तार

नोएडा, । थाना कासना पुलिस ने बीती रात एक मुठभेड़ के दौरान एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके पास से अवैध हथियार और चोरी की दो बैटरी बरामद की है। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात को सिरसा गोल चक्कर के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी तभी एक बाइक सवार को पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो वह रुकने की बजाय पुलिस टीम पर गोली चलाकर भागने लगा। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो दीपक के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसके पास से चोरी की दो बैटरी, एक मोटरसाइकिल, देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश के साथ साथियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

### नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती बुजुर्ग ने जहर खाकर जान दी

ग्रेटर नोएडा, । सेक्टर 142 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर 145 स्थित ए टू जेड फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक बुजुर्ग द्वारा खुदकुशी किए जाने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नशा मुक्ति केंद्र में एक बुजुर्ग सोनू भर्ती थे। मानसिक तनाव के चलते उन्होंने चार दिन पूर्व जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि बुजुर्ग मानसिक रूप से बीमार थे।

### सब्जी लेने गए युवक की बाइक चोरी

ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के देवला गांव स्थित सब्जी मंडी से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। बाइक सवार सब्जी खरीद रहा था। इसी बीच किसी ने बाइक चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। मूल रूप से मैनपुरी का रहने वाला गोविंद सिंह देवला गांव में किराए के मकान में रहता है। पीड़ित ने बताया कि वह सोमवार को देवला स्थित बाजार में सब्जी लेने गया था। उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की और दुकान से सब्जी खरीदने लगा। इसी बीच किसी ने बाइक चोरी कर ली। पीड़ित दुकान से वापस लौटा तो बाइक चोरी का पता चला। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। कोतवाली प्रभारी का कहना के मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी। चोरों का पता लगाकर बाइक बरामद की जाएगी।

### फर्जी दस्तावेज से लोन लेने के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज

नोएडा, । नामी कंपनी के गोल्ड लोन को चुकाने के लिए दूसरी फाइनेंस कंपनी से फर्जी पेपर के आधार पर 8 लाख रुपये से अधिक का लोन लेने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज हुआ है। केस न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कुल छह धाराओं में केस दर्ज किया गया है। न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में धनवर्षा फिनवेस्ट के रीजनल हेड रवि कुमार ने बताया कि दिल्ली के गोविंदपुरी निवासी जगजीत सिंह उसकी कंपनी में दिल्ली की टीम को लीड करता था। उसने सेक्टर-53 के रहने वाले सागर चौहान को अपना परिचित बताया था और उसके दो अन्य कंपनी के साथ चल रहे गोल्ड लोन को क्लियर कर कंपनी से गोल्ड लोन करवाने की बात कही । इसमें कंपनी सागर को पहले लोन देगी, जिससे वह अपनी जूलरी को वहां से लेकर कंपनी में जमा करेगा। इस मामले में बात बनने पर कंपनी ने सागर के नाम पर 8 लाख 30 हजार रुपये का लोन पास किया। लोन खाते में क्रेडिट होने के बाद सागर ने उससे संबंधित जूलरी को जमा नहीं करवाया। इस मामले में गोल्ड कंपनी में नहीं आने के बाद जब टीम ने नोएडा सेक्टर-53 के दिए हुए पते पर जाकर जांच की तो वहां सागर नहीं मिला। वहीं जगजीत भी दिल्ली के गोविंदपुरी में अपने दिए पते पर नहीं था। सागर और जगजीत से कंपनी के कर्मचारियों ने मोबाइल पर भी संपर्क करने का प्रयास किया पर उससे बात नहीं हो सकी। सागर न तो कंपनी के कर्मचारियों की कॉल उठा रहा है और न ही अन्य माध्यमों से भेजे गए मैसेज का जवाब दे रहा है।

# फरीदाबाद में साल के अंतिम दिन छह पुलिस कर्मी सेवानिवृत्त



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । फरीदाबाद पुलिस परिवार के छह सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21सी में किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, भलाई निरीक्षक सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर कमरुद्दीन, जलालुद्दीन, योगेन्द्र,सब इंस्पेक्टर हसन ईक्बाल, मुख्य सिपाही विजय सिंह व कुक राम दुलारे की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने अपना सारा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना विशेष योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़ चढकर हिस्सा लिया। इनकी कड़ी मेहनत और तपस्या के लिए इनका धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी रिटायर्ड पुलिसकर्मी पुलिस परिवार का हिस्सा रहेंगे और यदि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो बेझिझक अपने पुलिस परिवार से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस विभाग उनकी सहायता के लिए हमेशा तैयार रहेगा। सहायक पुलिस आयुक्त ने सभी सदस्यों को भेंट स्वरूप उपहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# जिला अस्पताल के बेसमेंट में 70 वर्षीय महिला का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण, संवाददाता



नोएडा, । नोएडा के सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल के बेसमेंट में सोमवार की शाम को एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। बताया जाता है कि बुजुर्ग महिला का बेटा शव को घसीट कर ले जा रहा था। जब वहां मौजूद कर्मचारियों ने देखा तो महिला के बेटे के अलावा उसकी बेटी भी रैंप के पीछे छुप गई। कर्मचारियों के आवाज लगाने के बाद बेटा और बेटी बाहर आए। इस घटना से सनसनी फैल गई। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त को सौंप गई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के कार्यालय ने बताया कि सोमवार की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि जिला अस्पताल के बेसमेंट में एक महिला का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि रामवती नामक महिला क्षय रोग से ग्रसित थी। उसका बेटा और बेटी सोमवार दोपहर को उनका उपचार करवाने के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे। अस्पताल में एक्स-रे और ब्लड प्रेशर जांच की गई। इसके बाद करीब 2:30 बजे जिला अस्पताल के कर्मचारियों ने बेसमेंट में महिला के शव को देखा। उन्होंने अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों को इसकी सूचना दी। अस्पताल कर्मियों के अनुसार बुजुर्ग महिला का बेटा उसके बाल पकड़ कर शव को खींच रहा था। वहीं बुजुर्ग महिला की बेटी शर्मिला का कहना है कि मां को डॉक्टर को दिखाने के बाद उसका भाई उसे लेकर बेसमेंट में पहुंच गया। वह रास्ता भटक गया था। इसी दौरान उसकी मां की मौत हो गई। शर्मिला ने बताया कि इस दौरान वह दवाई लेने गई थी। उसके भाई के फोन करने पर उसे ढूंढते हुए बेसमेंट में पहुंची। इस मामले में जिला अस्पताल की सीएमएस रेनू अग्रवाल का कहना है कि मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, महिला का बेटा शव उठा नहीं पा रहा था इसलिए उसे खींचने लगा। पुलिस ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम प्रवीण कुमार सिंह को सौंप गई है।

# फरीदाबाद : शार्ट सर्किट से किराने की दुकान में लगी आग

फरीदाबाद, । ओल्ड फरीदाबाद की भूड़ कॉलोनी में किरयाने की दुकान में मंगलवार अल सुबह शॉर्ट सर्किट होने की वजह से दुकान के अंदर आग लग गई। जिसकी खबर पड़ोसियों द्वारा दुकान मालिक को दी गई। दुकान मालिक ने मौके पर पहुंचकर दुकान का शटर खोल सामान को निकालने की कोशिश की, लेकिन अंदर आग बहुत ज्यादा फैल चुकी थी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाडिने आग पर काबू पाया। इस आगजनी में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। स्टोर के मालिक बिजेंद्र झा ने बताया सुबह पड़ोसियों ने फोन करके बताया कि दुकान के अंदर से तेज धुआं निकल रहा है। जब मौके पर आकर शटर खोला, तो देखा दुकान की अंदर आग लगी हुई थी। फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुलाया, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती दुकान में आग फैलती चली गई और परचून का लगभग सारा सामान जल चुका था। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाडि ने आग पर काबू पाया। उन्होंने कहा दुकान में आग किस कारण लगी है, यह स्पष्ट नहीं है। जहां तक महसूस हुआ है, यह शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है, क्योंकि गली में बिजली का खंभे लगे हुए है, उन पर बिजली की बहुत सारी तार दुकान की तरफ से जा रही है। आए दिन यहां पर तारों में शॉर्ट सर्किट होता ही रहता है, उसी कारण दुकान के अंदर भी आग लगी होगी। पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

# फरीदाबाद : बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । रक्षा मंत्रालय से सेवानिवृत्त बुजुर्ग व उनकी पत्नी को घर में बंधक बनाकर मारपीट व लूटपाट करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को मंगलवार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार चन्द्र मोहन निवासी सैक्टर-21सी, फरीदाबाद ने पुलिस चौकी अनखीर में अपनी शिकायत में बताया कि बीती रात दो लड़के उनके मकान में घुस गए, जो चोरी कर रहे थे, जब उन्होंने देखा तो उनपर हमला कर दिया। आरोपी सोने के जैवरात, नकदी 15,000 रुपये, एटीएम कार्डस, मोबाइल फोन इत्यादि सामान चोरी करके ले गए। इसके अलावा यूपीआई अकाउंट का सिक्योरिटी पिन भय दिखाकर ले लिया तथा यूपीआई के माध्यम से 70,001 रु ट्रांसफर कर लिए। जिस शिकायत पर थाना सुरजकुण्ड में मामला दर्ज किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस उपायुक्त अपराध को मामले को सफल बनाकर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया। जिसपर पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने मोहित व विशाल निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद को एसजीएम नगर से तथा आरोपी हितेश वासी अलमोरा चंदोली उत्तर प्रदेश हाल खानपुर दिल्ली को देवली रोड खानपुर दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि मोहित और हितेश ने मिलकर 28 दिसम्बर की रात के समय सेक्टर-21सी में इस वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के समय आरोपियों ने बुजुर्ग दंपतियों के साथ मार पीट की थी तथा घर में चोरी की थी इसी दौरान बुजुर्ग दंपति का फोन लेकर विशाल के खाते में 70001/-रु भेजे थे। आरोपी नशे के आदी है। आरोपियो को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# पुलिस पर गोली चलाकर भागे दो शातिर बदमाश घायल

प्रात: किरण, संवाददाता



नोएडा, । थाना सेक्टर-49 पुलिस ने आज सुबह को एक सूचना के आधार पर सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास से एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। इस बदमाश ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन लेकर उसके खाते से रकम निकाल लिया था। आरोपी पूर्व में कई बार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा थाना कासना पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पैर में भी गोली लगी है। पुलिस ने इसके पास से अवैध हथियार और चोरी की दो बैटरी बरामद की है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-49 पुलिस आज तड़के सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक व्यक्ति बाइक पर सवार होकर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो वह पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाता हुआ भागने लगा। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली नदीम निवासी सलारपुर के पैर में लगी है। इसके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, एक मोबाइल फोन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाश ने पुलिस को बताया है कि उसने एक व्यक्ति से धोखे से उसका मोबाइल फोन ले लिया था, तथा मोबाइल फोन की सहायता से उसके खाते से रकम निकाल ली थी। इसके अलावा थाना कासना पुलिस ने देर रात को एक मुठभेड़ के दौरान एक चोर को गिरफ्तार किया है। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सिरसा गोल चक्कर के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर एक बदमाश आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह रुकने की बजाए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाकर भागने लगा। उन्होंने बताया कि जबाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली सुमित उर्फ दीपक निवासी जनपद अलीगढ़ के पैर में लगी है। इसके पास से चोरी की दो बैटरी, एक मोटरसाइकिल, देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

# रोड सेफ्टी काउंसिल ने मॉडल संस्कृति स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशानुसार व प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फरीदाबाद के डीटीओ मनीष सहगल एवं डिप्टी कमिश्नर ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद जसलीन कौर के निर्देशनुसार, सरदार देवेंदर सिंह सदस्य स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार के मार्गदर्शन में मोटर व्हीकल एक्ट 2019 जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान मंगलवार को मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-55 में चलाया गया। सेक्टर-55 औद्योगिक नगरी के बीच में बसा हुआ हैं। जहां अधिकतर छोटे बच्चें स्कूटी व बाइक चलाते हुए नजर आते रहते हैं। इसी वजह से अधिकांश हादसे यहीं होते रहते हैं। अब शीतकालीन अवकाश होने वाले हैं। इसलिए आज रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन ने स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया ताकि वह बच्चे अपने घरों में या पड़ोस में सभी को भी बता सके कि सड़क पर लापरवाही न करें और कोहरे में अधिक सावधानी से सड़क पर चलें। रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट बिजेंद्र सैनी ने बच्चों को रिफ्लेक्टर टेप के बारे में बताया कि रिफ्लेक्टर टेप किसी हीरे से कम नहीं है। क्योंकि यह कोहरे और अंधेरे में चमक कर आपकी जान बचाता है। उन्होंने बच्चों की 170 साइकिलों पर रिफ्लेक्टर टेप भी लगाई गई और 150 से ज्यादा रिफ्लेक्टर टेप बच्चों में बांटे गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ने भी बच्चों को सड़क पर सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल डॉ कुलदीप सिंह, शालू , रोड सेफ्टी नोडल अधिकारी ज्योति, स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल देवेंद्र सिंह एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन से बिजेंद्र सैनी, जसबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रेनो वेस्ट में दो पक्षों के बीच मारपीट, सात के खिलाफ मुकदमा

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेनो वेस्ट की करन एन्कलेव कॉलोनी में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। एक महिला ने दूसरे पक्ष पर दुकान में घुसकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष ने आरोपी दम्पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट में तीन लोगों को चोटें आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक करन एन्कलेव में रानी और उसका पति अवधेश दुकान चलाते हैं। इनकी दुकान के सामने कर्मवीर का मकान है। कर्मवीर ने पुलिस को बताया कि उसके दफ्तर में आकाश नाम का एक युवक काम करता है। आरोप है कि दुकानदार रानी, अवधेश, देव, कुलदीप और दो अज्ञात व्यक्तियों ने आकाश पर हमला कर दिया। उसे घेरकर सभी आरोपियों ने लाठीं डंडे से पीटा। शोर सुनकर मौके पर आकाश की बहन प्रीति, छोटा भाई विकास पहुंच गए। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। उधर रानी का आरोप है कि आरोपी कर्मवीर व उसकी पत्नी अंजना ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि मैसेज भेजकर धमकी दी गई। आरोप है कि कर्मवीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिससे वह लगातार वापस लेने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि मुकदमे को वापस न लेने पर रविवार को आकाश, विकास और प्रीति ने उनपर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# निगम चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग ने दिए दिशा निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । नगर निगम फरीदाबाद के आम चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार मतदाता सूचियां तैयार की जा रही हैं। इस संबंध में राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा ने हरियाणा नगर निगम चुनाव नियम, 1994/ हरियाणा नगर निगम नियम, 1978 के नियम 14 और नियम-14ए पर स्पष्टीकरण भेजा है। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम रूप से प्रकाशित वार्डवार मतदाता सूची में नामों को शामिल करना, हटाना और सुधार करना, कोई भी व्यक्ति जिसका नाम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची के संबंधित भाग में मौजूद था और नगर निगम/नगर पालिका की अंतिम रूप से प्रकाशित वार्डवार मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका, वह नाम शामिल करने, किसी प्रविष्टि में सुधार या किसी अन्य वार्ड में नाम स्थानांतरित करने के लिए उपायुक्त को फॉर्म ए में आवेदन कर सकता है और नाम शामिल करने या हटाने की आपत्ति के लिए फॉर्म बी 14 ए में आवेदन किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि निर्वाचन अवधि के दौरान अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करना या कोई व्यक्ति जिसका नाम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग में विद्यमान था तथा वह अपना नाम नियम 4 एवं 14 के अंतर्गत नगर निगम/नगर पालिकाओं की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं करा सका था तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है, तो ऐसे व्यक्ति को केवल निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि तक रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने से लेकर नामांकन करने की अंतिम तिथि तक निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए रिटर्निंग अधिकारी ही सक्षम प्राधिकारी होगा। ऐसे आवेदनों पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा। यदि किसी आवेदक का नाम इस नियम के अन्तर्गत सम्बन्धित नगर निगम/नगर पालिकाओं के किसी वार्ड की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो गया है तथा वह निर्वाचन लड़ना चाहता है, तो उसे अपना नामांकन दाखिल करने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भी प्रावधान है कि इस नियम के तहत उस नगर निगम/नगर पालिकाओं में चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तारीख के बाद मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि का संशोधन, स्थानांतरण या विलोपन नहीं किया जाएगा और किसी वार्ड की मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए कोई निर्देश नहीं दिया जाएगा।

# विवाहिता समेत दो लोगों ने पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

प्रात: किरण, संवाददाता



नोएडा, । नोएडा के थाना सेक्टर-39 तथा थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में रहने वाले दो लोगों ने मानसिक तनाव के चलते अपने-अपने घरों पर पंखे से फंदा लगा लिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या करने वालों में एक विवाहिता भी शामिल है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के छलेरा गांव में रहने वाली एक 25 वर्षीय महिला ने मानसिक तनाव के चलते आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुमन पत्नी अनिल अग्रवाल उम्र 25 वर्ष छलेरा गांव में रहती थी। उन्होंने बताया कि आज सुबह को महिला ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके घर वालों ने अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मृतका के पति से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि उसके मायके वालों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी। इसके अलावा थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि अगस्त शाह पुत्र कपिल देव उम्र 43 वर्ष चोटपुर कॉलोनी में रहता था। उन्होंने बताया कि मानसिक तनाव के चलते उसने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोबाइल फोन चोरी कर खाते से रुपये निकालने वाला दबोचा

## आरोपी ने बैंक खाते से निकाल लिए थे एक लाख 16 हजार रुपये

नोएडा, । थाना फेज-तीन पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के सदस्य को मंगलवार को गिरफ्तार किया है, जो मोबाइल फोन चोरी करके उनके बैंक खातों से धनराशि निकाल लेता है। आरोपी ने 12 दिन पहले एक व्यक्ति को मोबाइल फोन चोरी कर एक लाख 16 हजार रुपये निकाल लिए थे। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 30 दिसंबर को गांव मामूरा निवासी रोहित ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 10 दिसंबर को वह ऑफिस से अपने पीजी पर आ रहे थे।

# फरीदाबाद में कंपनी से स्क्रैप चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

## 8 फर्जी पहचान पत्र, 12 फोन व छह हजार की नकदी बरामद

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । कंपनी से स्क्रैप चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से चोर को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि पूछताछ कर अन्य जानकारी हासिल की जा सके। वहीं आरोपी से अलग-अलग नाम के 8 फर्जी पहचान पत्र, 12 फोन व 6 हजार की नकदी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार विष्णु वासी सेक्टर-9 ने पुलिस चौकी संजय कॉलोनी सेक्टर-23 फरीदाबाद में शिकायत दी, कि उसका सरुरपुर फ्रेंड्स काम्प्लैक्स में एल्यूमीनियम स्क्रैप का गोदाम है। 16 दिसंबर को गोदाम में करीब 42 टन स्क्रैप खाली हुआ था, 17 दिसम्बर को देखा, तो गोदाम से 15 से 20 टन एल्यूमीनियम स्क्रैप चोरी हुआ मिला। जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में मामला दर्ज किया। मामले में अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने कार्रवाई करते हुए सागर सिंह वासी गांव उतरोली जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश हाल गांव गोच्छी को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गोच्छी एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी से अलग-अलग नाम के 8 फर्जी पहचान पत्र, 12 फोन व छह हजार की नकदी बरामद की है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 16 दिसम्बर को सरूरपुर स्थित फ्रेंड्स काम्प्लैक्स में बने एक गोदाम से एल्यूमीनियम स्क्रैप की चोरी की थी। आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड से पाया कि उसके खिलाफ थाना सेक्टर-58, डबुआ में चोरी के मामले दर्ज है, साथ ही एक मामला स्नेचिंग का बिहार में दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### यूनीमेक एयरोस्पेस का शेयर निर्गम मूल्य से करीब 90 प्रतिशत उछाल के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली, । यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 785 रुपये से करीब 90 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 89.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,491 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 85.98 प्रतिशत चढ़कर 1,460 रुपये पर शुरूआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,956.20 करोड़ रुपये रहा। यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के आखिरी दिन गत बृहस्पतिवार को 174.93 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ 250 करोड़ रुपये के नए शेयर और 250 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए मूल्य दायरा 745-785 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।

### एनएसओ ने सर्वेक्षण संस्थाओं को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू की

नई दिल्ली,। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर नमूना (सैंपल) सर्वेक्षण करने के लिए सर्वेक्षण संस्थानों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की सर्वेक्षण शाखा समूचे भारत में विविध क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण करती है। प्राथमिक डेटा विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विषयों पर राष्ट्रव्यापी घरेलू/उद्यम सर्वेक्षणों के जरिये एकत्र किया जाता है। एनएसओ ने अपनी पहुंच और अपने सर्वेक्षणों का दायरा बढ़ाने के लिए निजी सर्वेक्षण संस्थानों या एजेंसियों को शामिल करने के लिए 12 दिसंबर 2024 को प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) लेने शुरू कर दिए। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण करने के लिए एनएसओ की क्षमता को बढ़ाना है। एनएसओ निजी एजेंसियों के साथ साझेदारी कर अतिरिक्त विशेषज्ञता तथा संसाधनों का इस्तेमाल करना चाहता है, जिससे सर्वेक्षण निष्पादन अधिक कुशल हो सके। अनुरोध दाखिल करने की अंतिम तिथि छह जनवरी 2025 है।

### आईआईएमसी ने 200 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे के साथ शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण परिदृश्य को दिया बढ़ावा

नई दिल्ली,। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) ने अपने शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण परिवेश को मजबूत करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास में करीब 200 करोड़ रुपये के निवेश सहित कई कदम उठाए हैं। आईआईएमसी के रजिस्ट्रार निमिष रुस्तगी ने बताया कि संस्थान ने नए कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। अपनी सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया है और मीडिया शिक्षा एवं प्रशिक्षण में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अगस्त में 80 विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ दो एम.ए. कार्यक्रम ह्यमीडिया बिजनेस स्टडीज और स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन शुरू किए। संस्थान को मानद विश्वविद्यालय घोषित किया गया है। रुस्तगी ने कहा,वर्ष 2024 में संस्थान के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण तथा उसे बेहतर बनाने पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के महाराष्ट्र के अमरावती में आईआईएमसी के अपने परिसर के निर्माण और यहां परिसर के विस्तार के लिए करीब 200 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी देने से बड़ी मदद मिली। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं अगले दो वर्षों में पूरी हो जाएंगी, जिससे देश में मीडिया शिक्षा को और बढ़ावा मिलेगा।

### विश्व बैंक की बी-रेडी रिपोर्ट में अच्छी रैंकिंग पाने के लिए भारत के सामने चुनौतियां: जीटीआरआई

नई दिल्ली, । भारत को विश्व बैंक की बिजनेस रेडी (बी-रेडी) रिपोर्ट में व्यापार की शुरूआत, श्रम विनियमन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार जैसे मापदंडों पर अच्छे अंक हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह आशंका जताई। जीटीआरआई के अनुसार चूंकि भारत बी-रेडी ढांचे में शामिल होने की तैयारी कर रहा है, इसलिए इसका ध्यान स्थानीय सुधारों को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक अंतर्दृष्टि का लाभ उठाने पर होना चाहिए। बिजनेस रेडी विश्व बैंक की एक नई प्रमुख रिपोर्ट है, जो दुनिया भर की ज्यादातर अर्थव्यवस्थाओं में कारोबारी माहौल और निवेश के माहौल का मूल्यांकन करती है। रिपोर्ट में कंपनियों के लिए बने नियामक ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं का आकलन किया जाता है।

# भारतीय बैंकों का ग्रॉस एनपीए रेश्यो 12 महीने के निचले स्तर पर पहुंचा

प्रात: किरण/एजेंसी




मुंबई,। भारत के शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों का नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (जीएनपीए) सितंबर 2024 में गिरकर 2.6 प्रतिशत हो गया है। यह पिछले 12 वर्षों में जीएनपीए का सबसे न्यूनतम स्तर है। आरबीआई की ताजा फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। आरबीआई की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट (एफएसआर) में नेट एनपीए रेश्यो 0.6 प्रतिशत के करीब था। रिपोर्ट में बताया गया कि स्लीपेज के कम होने, अधिक राइट-ऑफ और स्थिर क्रेडिट डिमांड के कारण 37 शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों का जीएनपीए कई वर्षों के निचले स्तर 2.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो वर्षों में बैंकों के जीएनपीए में बड़े उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आई है। बैंकों के बड़े उधारकर्ता पोर्टफोलियो की एसेट्स क्वालिटी में काफी सुधार हुआ है, जीएनपीए अनुपात मार्च 2023 में 4.5 प्रतिशत से गिरकर सितंबर 2024 में 2.4 प्रतिशत हो गया है। बड़े उधारकर्ता सेगमेंट में, कुल फंडिंग राशि में स्टैंडर्ड एसेट्स की हिस्सेदारी पिछले दो वर्षों में लगातार सुधरी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ह्वबड़े उधारकर्ताओं के समूह में शीर्ष 100 उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी सितंबर 2024 में घटकर 34.6 प्रतिशत रह गई है, जो मध्यम आकार के उधारकर्ताओं के बीच बढ़ती ऋण की मांग को दर्शाता है ह्व विशेष रूप से सितंबर 2024 में शीर्ष 100 उधारकर्ताओं में से किसी को भी एनपीए के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। इसमें आगे कहा गया है कि शेड्यूल कमर्शियल बैंकों के मुनाफे में 2024-25 के दौरान सुधार आया है और कर के बाद लाभ में सालाना आधार पर 22.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) और प्राइवेट बैंकों ने क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 20.2 प्रतिशत की मुनाफे में वृद्धि दर्ज की है, जबकि विदेशी बैंकों का मुनाफे में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसेट्स पर रिटर्न (आरओए) और इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) दशक के उच्चतम स्तर पर हैं। इसके कारण जीएनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर आ गया है। आरबीआई ने कहा कि बैंकिंग स्थिरता संकेतक (बीएसआई), जो घरेलू बैंकिंग प्रणाली की मजबूती का आकलन प्रदान करता है, ने 2024-25 की पहली छमाही के दौरान और सुधार दिखाया है।

# 2024 के आखिरी दिन शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली,। साल 2024 के आखिरी कारोबारी दिन आज घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना नजर आ रहा है।

आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में तेजी आने की उम्मीद बनी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए।

पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कोल इंडिया और कोटक महिंद्रा के शेयर 1.76 प्रतिशत से लेकर 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजी और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 2.35 प्रतिशत से लेकर 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,085 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,011 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,074 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 265.56 अंक की कमजोरी के साथ 77,982.57 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में मामूली तेजी आती हुई दिखी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक ने दोबारा गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 651.92 अंक की गिरावट के साथ 77,596.21 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 84.30 अंक लुढ़क कर 23,560.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।

बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक मामूली रिकवरी करते हुए 23,584.50 अंक तक पहुंचा, लेकिन पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद ही बाजार में जोरदार बिकवाली शुरू हो गई। बिकवाली के कारण इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ती चली गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 183.10 अंक टूट कर 23,461.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 450.94 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,248.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 168.50 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,644.90 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

# रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 85.61 डॉलर पर

**रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर बंद हुआ था**

मुंबई,। विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार नौ पैसे की गिरावट के साथ 85.61 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख तथा घरेलू शेयर बाजारों में नरमी का असर स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोरी के साथ 85.54 प्रति डॉलर पर खुला और फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.61 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.97 पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,893.16 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# चाय के दाम में बढ़ोतरी की संभावना

**2024 में उत्पादन में 10 करोड़ किलो की गिरावट का अनुमान**

नई दिल्ली,। चायपत्ती के दाम में बढ़ोतरी होने की संभावना है। नवंबर के बाद चाय के बागान बंद होने से उत्पादन में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि इस साल का प्रदर्शन अत्यंत शानदार नहीं है। उत्पादन में कमी के चलते, मामूली लाभ हो सकता है। चाय उत्पादन की गिरावट के पीछे विभिन्न कारण हैं, जैसे मौसम की अनियमितता, फसल उत्पादन में अस्थिरता, और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव। चाय उत्पादन क्षेत्रों में तापमान की ऊँचाई और वर्षा की अनियमितता ने उत्पादन पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है। भारतीय चाय संघ के एक अधिकारी ने इसे भारतीय चाय उत्पादन के लिए एक चुनौती कहा। उन्होंने कृषि विज्ञान के माध्यम से मृदा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। भारत की चाय निर्यात क्षमता में वृद्धि के लिए व्यापारियों को अपनी जोखिम क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए उद्योग को नवाचार और पर्यावरणीय संरक्षण पर बल देने की आवश्यकता है। चाय के दाम में बढ़ोतरी इस साल उत्पादकों के लाभ को कम कर सकती है और इससे चाय प्रेमियों को भी बढ़ा सकता है। उत्पादन में गिरावट को दूर करने के लिए, उद्योग को सुस्त भागते नहीं बल्कि पर्यावरणीय कार्रवाई और सरलता में नवाचार करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

# आरबीआई की ओर से सुर क्षित बैं किंग के लिए नए निर्देश

**और अधिक सुरक्षित होगा आरटीजीएस और एनईएफटी से लेनदेन**

नई दिल्ली, । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में सभी बैंकों को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि वे आरटीजीएस या एनईएफटी प्रणाली का उपयोग करते समय पैसा भेजने वाले खाताधारकों का नाम वैरिफाई करने की सुविधा प्रदान करें। इस सुविधा की शुरूआत करने के लिए, आरबीआई ने सभी बैंकों को 1 अप्रैल, 2025 तक की डेडलाइन दी है। आरबीआई के इस कदम से धन भेजने वाले लाभार्थी के खाते का नाम और ब्रांच आईएफएससी कोड इनपुट करने के बाद उनकी पहचान किया जा सकेगा। इस तरह गलत क्रेडिट और धोखाधड़ी की संभावना कम हो जाएगी और ग्राहकों के लिए सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित होगा। रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) पेमेंट सिस्टम और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) सिस्टम के माध्यम से पैसा भेजने पर, लाभार्थी का नाम वैरिफाई करना आसान हो जाएगा। यह सुविधा ग्राहकों के बीच विश्वास और आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। आरबीआई द्वारा यह निर्णय लिया गया है क्योंकि इससे ग्राहकों को ऑनलाइन लेनदेन के दौरान अधिक सुरक्षा और सहायता मिलेगी। इस प्रक्रिया को माध्यम से बैंक और उपभोक्ता दोनों को होने वाले किसी भी जोखिम को कम किया जा सकेगा। यह सुरक्षा की नई कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके इम्पलीमेंटेशन से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। यहां तक कि भारतीय बैंकिंग सेक्टर में भुगतान प्रणालियों की दिशा में यह एक बड़ा और पहले से ही कीमती कदम साबित हो सकता है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिलाजुला कारोबार

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला कारोबार होता दिख रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान चौतरफा बिकवाली होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक कमजोरी के साथ बंद हुए। पिछले सत्र के दौरान डाउ जॉन्स 400 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,906.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 238.44 अंक यानी 1.21 प्रतिशत टूट कर 19,483.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,550.89 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,121.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,313.56 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.38 प्रतिशत फिसल कर 19,909.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 4 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। जापान, कोरिया और थाईलैंड के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से निक्केई इंडेक्स, कोस्पी इंडेक्स और सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई हलचल नहीं है। अभी तक के कारोबार में हैंग सेंग इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 20,117.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,079.90 अंक के स्तर तक पहुंच गया है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 144 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,692 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 166.10 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,024.10 के स्तर तक पहुंच गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.20 प्रतिशत फिसल कर 3,788.24 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.60 प्रतिशत टूट कर 3,387.15 अंक के स्तर पर कारोबार करते नजर आ रहे हैं।

# साल के आखिरी दिन सराफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी चमक बढ़ी




प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । साल 2024 के आखिरी दिन आज घरेलू सराफा बाजार में आज तेजी नजर आ रही है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये से लेकर 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती नजर आ रही है। इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# नए साल के स्वागत में शिमला में पर्यटकों की संख्या में इजाफा

**बर्फबारी का मजा लेने के लिए शहर के होटल और रिसॉर्ट्स में बुकिंग हुई**



शिमला,। नए साल के आगमन का स्वागत करने के लिए शिमला में पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। बर्फबारी का मजा लेने के लिए शहर के होटल और रिसॉर्ट्स में बुकिंगें हो गई हैं और होटल मालिकों का कहना है कि 31 दिसंबर तक होटल शायद पूरी तरह से भरे जा सकते हैं। यहां पर्यटक नए साल के मौके पर बर्फबारी का मजा लेने आ रहे हैं, लेकिन कुछ उपरोक्त पर्यटकों को बर्फबारी में देरी की खबर थोड़ा निराश कर रही है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन से आए एक पर्यटक ने बताया कि हम शिमला न्यू ईयर मनाने के लिए आए थे और जब यहां पहुंचे थे, तो बर्फबारी हो रही थी। हम यहां क्रिसमस का जश्न नहीं मना पाए, लेकिन अब न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए आए हैं। माल रोड पर बहुत भीड़ है, लोग यहां घूमने आ रहे हैं। बर्फबारी की उम्मीद अगले दो-तीन दिन में जताई जा रही है, लेकिन फिलहाल हमें कोई आस नजर नहीं आ रही। हम 2-3 जनवरी तक यहां रुकेंगे, फिर दिल्ली लौट जाएंगे। हरिद्वार से शिमला पहुंचे पर्यटक ने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम अपने दोस्तों के साथ यहां आनंद ले रहे हैं। बर्फबारी की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक नहीं हो रही। हम बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही यह देखने को मिले। शिमला का माहौल इस समय बेहद उत्साहपूर्ण है, और पर्यटक यहां के ठंडे मौसम, ताजगी और खूबसूरत दृश्य का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। होटल और रिसॉर्ट्स के मालिकों का मानना है कि अगर पर्यटकों का तांता इसी तरह जारी रहा, तो शिमला के प्रमुख पर्यटन स्थल जल्द ही पूरी तरह से भरे होंगे।

# भारत ने केले के निर्यात का लक्ष्य मूल्य 1 बिलियन डॉलर रखा

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली,। केंद्र के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अनुसार, भारत ने पिछले एक दशक में केले के निर्यात में दस गुना वृद्धि दर्ज की है। इसी के साथ अब समुद्री मार्ग से नीदरलैंड को सफल ट्रायल शिपमेंट के बाद अगले पांच वर्षों में 1 बिलियन डॉलर के केले के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। समुद्री मार्ग खुलने के साथ, भारतीय केले के निर्यात के लिए रूस एक प्रमुख बाजार के रूप में उभर सकता है। भारत वर्तमान में हवाई मार्ग पर निर्भर है जो परिवहन का एक उच्च लागत वाला तरीका है और निर्यात किए जा सकने वाले फलों की मात्रा को सीमित करता है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के केले का निर्यात किया, जो 2022-23 की तुलना में शानदार रहा। 2022-23 में हमने 176 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक केले के निर्यात में देश की हिस्सेदारी बढ़ी है। 2013 में जो 0.21 प्रतिशत थी वह बढ़कर 2023 में 1.74 प्रतिशत पहुंच गई। एपीडा निर्यात मात्रा बढ़ाने के लिए केले, आम, अनार और कटहल के साथ ताजे फलों और सब्जियों के लिए समुद्री प्रोटोकॉल विकसित कर रहा है। इन प्रोटोकॉल का उद्देश्य समुद्री परिवहन को सुविधाजनक बनाना है, जिससे भारतीय किसानों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच संभव हो सके। भारत सरकार किसानों के लिए वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचे में सुधार और बाजार तक पहुंच बढ़ाने सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से केले की खेती और निर्यात का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है। जैसे-जैसे घरेलू किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपना रहे हैं, वे बेहतर गुणवत्ता वाले केले की अधिक मात्रा में पैदावार कर रहे हैं, जिससे भारत वैश्विक केला उद्योग में एक प्रमुख प्लेयर के रूप में स्थापित हो रहा है। इस बीच, राज्यों में, उत्तर प्रदेश भी केले के निर्यातक के रूप में उभरा है। राज्य सरकार केले की खेती को बढ़ावा देने में सक्रिय रही है और इसके तहत कुशीनगर को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) जिला घोषित किया गया है। इससे राज्य में केले के उत्पादकों को काफी लाभ पहुंचेगा। प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें बाजार की मांग को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता वाले केले की खेती करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीर नगर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, अमेठी और बाराबंकी जैसे जिले बड़े पैमाने पर केले की खेती कर रहे हैं। बयान के अनुसार, पिछले डेढ़ दशक में केले की खेती का रकबा बढ़ा है।

# वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज को दो गीगावाट की सौर परियोजना का मिला ठेका



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (डब्ल्यूआरटीएल) ने जिंदल रिन्यूएबल्स की विशेष इकाई (एसपीवी) सनब्रीज रिन्यूएबल्स नाइन प्राइवेट लिमिटेड से दो गीगावाट सौर परियोजना का अब तक का सबसे बड़ा ठेका मिलने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, यह परियोजना राजस्थान के बीकानेर में क्रियान्वित की जाएगी जिसमें ऊर्जा दक्षता बढ़ाने तथा उत्पादन को अधिकतम करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों व टिकाऊ समाधानों का इस्तेमाल किया जाएगा। बयान के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी सौर पीवी मॉड्यूल निमार्ता कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी डब्ल्यूआरटीएल ने जिंदल रिन्यूएबल्स की विशेष इकाई (एसपीवी) सनब्रीज रिन्यूएबल्स नाइन प्राइवेट लिमिटेड से दो गीगावाट सौर परियोजना के लिए अपना सबसे बड़ा इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण (ईपीसी) ठेका हासिल किया है। जिंदल रिन्यूएबल्स के अध्यक्ष भारत सक्सेना ने कहा, कम उत्सर्जन वाले इस्पात उत्पादन के लिए वारी के साथ साझेदारी केवल शुरूआत महज है। जैसे-जैसे हम अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने में आगे बढ़ेंगे ऐसे कई और कदम उठाए जाएंगे। डब्ल्यूआरटीएल के निदेशक वीरेन सी दोशी ने कहा, हम इस ऐतिहासिक दो गीगावाट सौर ईपीसी परियोजना पर जिंदल रिन्यूएबल्स के साथ सहयोग कर खुश हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 01 जनवरी,2025



# सुधांशु मित्तल ने खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी किया

प्रात: किरण,/ एजेसी

नई दिल्ली,। खो खो विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार कहा कि आगामी 13 जनवरी से भारत और नेपाल के बीच मुकाबले से इस टूनार्मेंट की शुरूआत होगी।

श्री मित्तल ने आज यहां खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि पहला मुकाबला भारत और नेपाल के बीच 13 जनवरी को इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में शाम सात बजे होगा। विश्वकप के लिए पुरुष और महिला टीमों को चार-चार वर्गों में बांटा किया गया। पुरुष वर्ग के ग्रुप ए में भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान है। ग्रुप सी में बंगलादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड है जबकि ग्रुप डी में इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और केन्या को रखा गया है।

वहीं महिला वर्ग के ग्रुप ए में भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया हैं। ग्रुप बी में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया,केन्या, यूगांडा और नीदरलैंड और ग्रुप सी में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, जर्मनी और बंगलादेश तथा ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड,पोलैंड,पेरू और इंडोनेशिया को रखा गया है।

उन्होंने बताया कि विश्वकप में महिला और पुरुष वर्ग में 20 देशों के बीच कुल 90 मुकाबले होंगे। पुरुष और महिला वर्ग में क्वार्टरफाइनल 17 जनवरी को 16 टीमों के बीच होगा। पुरुष और महिला वर्ग के सेमीफाइनल 18 जनवरी को खेले जायेंगे। पुरुष और महिला वर्ग के फाइनल 19 जनवरी को होगा।

उन्होंने बताया कि लीग मैचों में ग्रुप ए में भारत और नेपाल के पुरुष वर्ग का मैच 13 जनवरी शाम सात बजे होगा।

14 जनवरी को विभिन्न ग्रुपों में होने वाले मुकाबले इस प्रकार हैः- ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका और घाना की पुरुष टीमें भिड़ेंगी। इसी दिन ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के महिला टीम के बीच मैच सुबह खेला जायेगा। ग्रुप ए में पेरू और भूटान के पुरुष वर्ग का मैच होगा। ग्रुप डी में पोलैंड और इंडोनेशिया के महिला वर्ग का मैच होगा। ग्रुप डी में मलेशिया और केन्या के पुरुष वर्ग में, ग्रुप डी दक्षिण अफ्रीका और पेरू की महिला टीम के बीच मैच होगा। ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया की महिला टीम भिड़ेंगी। ग्रुप ए में भारत और ब्राजील की पुरुष टीम के बीच मैच होगा।

15 जनवरी को होने वाले मुकाबले में ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया और युगांडा महिला। ग्रुप ए में नेपाल और ब्राजील की पुरुष टीम के बीच खेला जायेगा।

# बुमराह कप्तान, जायसवाल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की 2024 की टेस्ट टीम में शामिल अन्य भारतीय




प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 की पुरुष टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल छह देशों के खिलाड़ियों वाली विविध प्लेइंग इलेवन में शामिल अन्य भारतीय हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलियाई टीम के दो खिलाड़ी हैं जो बहुराष्ट्रीय 11 में शामिल हैं। इंग्लैंड के शानदार बल्लेबाज जो रूट, बेन डकेट और हैरी ब्रुक के साथ-साथ न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और मैट हेनरी को भी टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और श्रीलंका के कामिंडू मेंडिस अपने देशों से एकमात्र प्रतिनिधि हैं। भारत के 22 वर्षीय बल्लेबाज जायसवाल ने 2024 में अनुभवी बल्लेबाजों जैसा धैर्य दिखाया। फरवरी में उनके लगातार दोहरे शतकों ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में जीत सुनिश्चित की, जबकि पर्थ में उनकी शानदार 161 रन की पारी निर्णायक साबित हुई। जायसवाल ने एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय ओपनर द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने और एक साल में दुनिया भर में सबसे ज्यादा छक्के (36) लगाने का रिकॉर्ड बनाया। इंग्लैंड के डकेट ने अपने आक्रामक रवैये से प्रभावित किया, हार के बावजूद राजकोट (153) और मुल्तान (114) में शतक बनाए। 87.04 के उनके स्ट्राइक रेट ने इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति में उनके महत्व को रेखांकित किया। रूट ने 2024 में छह शतक जोड़े, जिसमें लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दोहरे शतक और मुल्तान में नाबाद 262 रन शामिल हैं, जिससे इंग्लैंड को पाकिस्तान पर शानदार जीत हासिल करने में मदद मिली। 11 विकेट सहित उनकी निरंतरता और हरफनमौला योगदान ने एक और शानदार साल को उजागर किया। न्यूजीलैंड के रविंद्र ने भारत में ऐतिहासिक श्रृंखला जीत में केन विलियमसन को पछाड़ दिया, जिसमें पहले टेस्ट में मैच जीतने वाली 134 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोहरा शतक भी बनाया। ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला-निर्णायक शतक और मुल्तान में 317 रन की शानदार पारी खेलकर दबाव में मैच जीतने वाली अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। श्रीलंका के मेंडिस, जिन्होंने वर्ष की शुरूआत एक फ्रिंज खिलाड़ी के रूप में की थी, ने 13 पारियों में 1,000 रन बनाकर ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी की। उनके चार शतकों ने एक बेहतरीन वर्ष को रेखांकित किया। ऑस्ट्रेलिया के कैरी ने 46 शिकार के साथ स्टंप के पीछे असाधारण प्रदर्शन किया, जबकि क्राइस्टचर्च में उनकी नाबाद 98 रन की पारी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ चौथी पारी में से एक थी। हेनरी न्यूजीलैंड के प्रमुख गेंदबाज के रूप में उभरे, जिन्होंने भारत के खिलाफ 5-15 का प्रदर्शन किया। बुमराह का 2024 का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा, जिसमें उन्होंने 13 मैचों में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए, जिससे वे इस साल के सबसे बेहतरीन गेंदबाज बन गए। ऑस्ट्रेलिया के हेजलवुड ने 14 से कम की औसत से गेंदबाजी करते हुए अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी, जबकि दक्षिण अफ्रीका के महाराज ने लगातार सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई, जिससे इस एकादश में उनकी जगह पक्की हो गई। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पुरुष टेस्ट ऑफ द ईयर 2024ः यशस्वी जायसवाल, बेन डकेट, जो रूट, रचिन रवींद्र, हैरी ब्रूक, कामिंडू मेंडिस, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), मैट हेनरी, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), जोश हेजलवुड, केशव महाराज।

# अभिषेक और प्रभसिमरन ने 298 रनों की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी की






प्रात: किरण,/ एजेसी

अहमदाबाद,। पंजाब की ओपनिंग जोड़ी अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने मंगलवार को अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक शानदार साझेदारी करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया।इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 298 रनों की शानदार साझेदारी की और 2022 में बंगाल के सुदीप घरामी और अभिमन्यु ईश्वरन द्वारा टूनार्मेंट की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी की बराबरी है। अभिषेक और प्रभसिमरन की आक्रामक साझेदारी ने पंजाब की पारी के लिए ठोस नींव रखी।प्रभसिमरन ने सबसे पहले अपना शतक पूरा किया, उन्होंने 95 गेंदों पर 125 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल थे।उनके जोड़ीदार अभिषेक ने और भी शानदार प्रदर्शन किया और मात्र 96 गेंदों पर 170 रन बनाए। उनकी पारी में 22 चौके और आठ गगनचुम्बी छक्के शामिल थे, जिसका सौराष्ट्र के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उनकी शानदार पारी ने पंजाब को 32वें ओवर में 300 के पार पहुंचा दिया, जिससे टीम एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी। सलामी बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने अपनी पारी का अंत पांच विकेट पर 424 रन के विशाल स्कोर पर किया। यह स्कोर अब विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में संयुक्त रूप से पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है, जो 2022 में नागालैंड के खिलाफ मध्य प्रदेश के 424 रन की बराबरी करता है। पंजाब टूनार्मेंट के इतिहास में 400 रन का आंकड़ा पार करने वाली नौवीं टीम भी बन गई। प्रतियोगिता में सबसे अधिक स्कोर का रिकॉर्ड अभी भी तमिलनाडु के नाम है, जिसने 2022 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ अभूतपूर्व 506/2 रन बनाए थे। अभिषेक और प्रभसिमरन की साझेदारी भारतीय घरेलू क्रिकेट में साझेदारियों की एक विशिष्ट सूची में शामिल हो गई है।

# ऑकलैंड में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायीं तो संन्यास लेंगी ओसाका

ऑकलैंड,। जापानी की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने कहा कि अगर ऑकलैंड में एएसबी टेनिस क्लासिक में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायीं तो खेल से संन्यास ले लेंगी। ओसाक अक्टूबर में चाइना ओपन में पीठ में आये खिंचाव के बाद से ही टेनिस कोर्ट से दूर हैं। अब वह वापसी करते हुए अपना पहला मुकाबला ऑकलैंड में खेलेंगी। इस टूनार्मेंट में ओसाका का पहला मुकाबला इस्त्राइल की लिना ग्लूश्को से होगा। ओसाका ने कहा कि इस साल उन्होंने अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए लगभग 15 महीने के ब्रेक के बाद अपना पेशेवर करियर फिर से शुरू किया था और वह सत्र के अंत में 58वें स्थान पर रहीं। ओसाका ने कहा, ह्यह्यमुझे नहीं लगता कि मैं ऐसी खिलाड़ी हूं जो उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर खेलती रहूं ह्लह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं टूर पर मौजूद सभी खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करती हूं पर मैं अभी अपने जीवन में जिस जगह पर हूं, उसे देखते हुए अगर मैं एक एक तय स्थानसे ऊपर नहीं पहुंचती तो मैं आगे नहीं खेलना चाहूंगी ह्लह्ल ओसाका ने कहा, ह्यह्यअगर मैं उस रैंकिंग पर नहीं पहुंचती हूं जहां मुझे लगता है कि मुझे होना चाहिए तो मैं उसकी जगह पर अपनी बेटी के साथ समय बिताना अधिक पसंद करूंगी। ह्लह्ल ओसाका का इस जीत हार का एकल रिकॉर्ड 22-17 रहा है।

# भारतीय गेंदबाजों ने कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में खामी को उजागर किया: ओह्लकीफ



नई दिल्ली,। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर केरी ओह्लकीफ ने 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में चिंता जताई है, उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल समाधान नहीं किया गया तो उनके फॉरवर्ड डिफेंस में खामियां उनके होनहार टेस्ट करियर को पटरी से उतार सकती हैं। ओह्लकीफ की आलोचना कोंस्टास के एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ संघर्ष के बाद आई है, जहां इनस्विंगिंग डिलीवरी के खिलाफ उनकी कमजोरी उजागर हुई थी। जबकि इनस्विंगिंग डिलीवरी ने कोंस्टास को परेशान किया है, ओह्लकीफ का मानना है कि असली समस्या उनकी फॉरवर्ड डिफेंस तकनीक में है। फॉक्स क्रिकेट पर बोलते हुए, ओह्लकीफ ने समझाया,भारतीय रणनीतिकारों ने सैम कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में एक समस्या की पहचान की है। यह खामी अब वैश्विक मंच पर उजागर हो गई है और संभवतः दुनिया भर की गेंदबाजी इकाइयों द्वारा इसका लक्ष्य बनाया जाएगा। भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में कोंस्टास दोनों पारियों में इनस्विंग गेंदों पर आउट हुए। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें जल्दी ही परख लिया, हालांकि कोंस्टास बचाव करने के बजाय आक्रमण करके बचने में सफल रहे। हालांकि, दूसरी पारी में बुमराह ने शुरू में आउटस्विंगर फेंकी और फिर कोंस्टास को तैयार किया, लेकिन फिर एक घातक इनस्विंगर फेंकी जिससे उनके स्टंप उखड़ गए। ओह्लकीफ ने कहा, सैम का अगला कंधा पूरी तरह से ढीला हो जाता है और वह सिर्फ अपने हाथों से खेलता है। वह गेंद को अपने शरीर से दूर धकेलता है। गैप बनता है और बुमराह उसमें से निकल जाता है। उसे बहुत ज्यादा आमंत्रण की जरूरत नहीं है।

# कोबोली, पाओलिनी ने इटली को यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया

प्रात: किरण,/ एजेसी



सिडनी, । फ्लेवियो के कगार से वापसी की, यूनाइटेड कप के इटालियन ने फ्रांसीसी 6-2 से हराया। उगो 17 सर्विस प्वाइंट 15/0 पर सर्विस की। टाई-ब्रेक में 8/7 पर रहे और यह महंगा कोबोली ने मैच प्वाइंट बचाकर हार जिससे इटली ने फ्रांस को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। उगो हम्बर्ट को 3-6, 7-6(8), हम्बर्ट ने दूसरे सेट में अपने पहले जीते और मैच के लिए 6-3, 5-4 लेकिन फ्रांसीसी खिलाड़ी आगामी मैच प्वाइंट को बदलने में असमर्थ साबित हुआ। जैस्मीन पाओलिनी और मिश्रित युगल जोड़ी सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जीत के बाद इटली ने टाई को 3-0 से जीत लिया। देश ने अब ग्रुप डी जीत लिया है और मिश्रित टीमों के आयोजन के नॉकआउट चरण में प्रवेश करेगा। फ्रांस को ग्रुप जीतने के लिए इटली को 3-0 से हराना था। एरानी और वावसोरी की मिश्रित युगल जोड़ी ने एडवर्ड रोजर-वेसलिन और एलिक्सेन लेकेमिया को 6-3, 7-6 से हराया। इटली के क्वार्टर फाइनल में सुरक्षित रूप से पहुंचने के बाद, दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी पर कोई दबाव नहीं था, क्योंकि उन्होंने महिला एकल में भाग लिया। 2024 के रौलां गैरो और विंबलडन फाइनलिस्ट शांत और संयमित थीं, क्योंकि उन्होंने क्लो पैक्वेट पर 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की, जिससे मंगलवार को इटली के लिए आधिकारिक रूप से मुकाबला पक्का हो गया। पाओलिनी ने अपने दो ग्रुप-स्टेज मैचों में केवल चार गेम गंवाए हैं। उन्होंने टूनार्मेंट के अपने पहले मैच में पूर्व शीर्ष 5 खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिक को 6-1, 6-1 से हराया।

# भारतीय टीम अंतिम टेस्ट में हारी तो डब्ल्यूटीसी से बाहर होगी

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुम्बई,। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में मिली 184 रनों की बढ़ी जीत के साथ ही आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अपनी दावेदारी और पक्की कर ली है। वहीं अब अगर ऑस्ट्रेलिया अगर 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट को ड्रा करा लेता है या जीत हासिल कर लेता है तो भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी से बाहर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने इस चक्र में अपनी 10वीं जीत के साथ फाइनल खेलने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाया है। उसका अंक प्रतिशत पीसीटी 58.89 से बढ़कर 61.45 पहुंच गया हैं। अब तक केवल एक टीम दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंची है। वहीं चौथे टेस्ट में हार से भारत की डब्लयूटीसी फाइनल की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। इस हार के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद भारत का पीसीटी 55.89 से घटकर 52.77 हो गया। इस चक्र में भारत की ये सातवीं हार है। इससे पहले अपनी धरती पहले घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज में हार और अब ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में दूसरी हार से भारत मुश्किल में आ गया था। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम से बॉक्सिंग डे टेस्ट हारकर भारतीय टीम के सीधे प्रवेश की संभावनएं समाप्त हो गयी हैं और उसे अब अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। सिडनी में अगर भारतीय टीम जीत दर्ज करती है तो उसका पीसीटी 55.26 हो जाएगा, जिससे उसकी उम्मीदें बनी रहेंगी। इसके साथ ही भारतीय टीम को दुआ करनी होगी कि श्रीलंका 1-0 से ऑस्ट्रेलिया को हरा दे।

# पूर्व इंग्लैंड फुटबॉल कोच साउथगेट नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित



प्रात: किरण,/ एजेसी

लंदन,। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष सीनियर फुटबॉल मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 के लिए नए साल की सम्मान सूची में शामिल किया गया है। एफए ने एक विज्ञप्ति में कहा, इंग्लैंड को चार प्रमुख टूनार्मेंटों में ले जाने और दो यूरो फाइनल और एक विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद, साउथगेट को नाइटहुड से सम्मानित किया गया है, इससे पहले 2019 में उन्हें ओबीई बनाया गया था।

गैरेथ ने इस साल की शुरूआत में लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया, स्पेन के खिलाफ यूईएफए यूरो 2024 फाइनल के बाद 102 मैचों में 61 जीत, 24 ड्रॉ और 17 हार के साथ।

यह उनके द्वारा इंग्लैंड के लिए खिलाड़ी के रूप में 57 कैप और दो गोल तथा सीनियर टीम मैनेजर के रूप में नियुक्ति से पहले इंग्लैंड के पुरुष अंडर-21 के प्रभारी के रूप में 37 मैच खेलने के अतिरिक्त है।

एफए अध्यक्ष डेबी हेविट ने कहा, फुटबॉल एसोसिएशन में हम सभी की ओर से, मैं सर गैरेथ को इस अत्यंत योग्य सम्मान के लिए बधाई देता हूं। एक खिलाड़ी, कोच और परिवर्तन-निमार्ता के रूप में खेल में अपने पूरे करियर के दौरान, उन्होंने अंग्रेजी फुटबॉल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, हमारे अब तक के सबसे महान मैनेजरों में से एक, सर गैरेथ की चार प्रमुख टूनार्मेंटों में उल्लेखनीय कोचिंग उपलब्धियों में दो लगातार यूरो फाइनल शामिल हैं, जो हमारे घर से दूर सर्वश्रेष्ठ पुरुष विश्व कप प्रदर्शन की बराबरी करते हैं और पांच साल से अधिक समय तक दुनिया के शीर्ष पांच में स्थान बनाए रखते हैं।

वेस्ट हैम, एवर्टन और मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व मैनेजर डेविड मोयेस को एसोसिएशन फुटबॉल में सेवाओं के लिए ओबीई प्राप्त हुआ, जबकि लिवरपूल और स्कॉटलैंड के पूर्व कप्तान और प्रसारक एलन हैनसेन को एसोसिएशन फुटबॉल और प्रसारण में उनकी सेवाओं के लिए एमबीई से सम्मानित किया गया।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने दी रोहित को संन्यास की सलाह



प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को संन्यास की सलाह दी है। मार्क ने साथ ही कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो रोहित को संन्यास लेने को कह देते। रोहित टी20 विश्व कप के बाद से ही फार्म में नहीं हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी वह रन नहीं बना पाये थे। इससे वह आलोचकों के साथ ही पूर्व क्रिकेटरों के भी निशाने पर हैं। मार्क के इस बयान का कुछ लोगों ने समर्थन किया है। वहीं कुछ ने कहा कि उन्हें पहले अपनी टीक के मिचेल मार्श का रिकार्ड देखना चाहिये। मार्श भी इस सीरीज में विफल रहे हैं। वॉ ने कहा, अगर मैं अभी चयनकर्ता होता तो कहता कि मेलबर्न में जब रनों की जरुरत थी तो वह दूसरी पारी में केवल 9 रन ही बना पाये। ऐसे में सिडनी में आपको नहीं लिया जा सकता। मैं कहता, रोहित आपकी सेवा के हम आभारी हैं। आप एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं पर हम अब जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाने जा रहे हैं और यह आपके करियर का अंत होगा। रोहित के लिएए यह सीरीज किसी खराब सपने से कम नहीं रही है। उन्होंने 5 पारियों में 31 रन बनाए हैं, जबकि कप्तान के तौर पर भी वह बहुत सफल नहीं रहे हैं। वहीं भारत ने पहला टेस्ट बुमराह की कप्तानी में शानदार तरीके से जीता था। रोहित ने एडिलेड टेस्ट में कप्तानी संभाली थी जिसमें टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा था। वहीं तीसरा मैच भारतीय टीम बड़ी मुश्किल से बचा पायी जबकि चौथे टेस्ट में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा।

# मार्श के लिए चोट की कोई चिंता नहीं, उनके सीमित ओवर मैच की स्थिति से संबंधित हैं: मैकडोनाल्ड



प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में सीमित ओवरों के बावजूद ऑलराउंडर मिशेल मार्श के लिए किसी भी फिटनेस चिंता को खारिज कर दिया। मैकडोनाल्ड ने मार्श के सीमित समय को फिटनेस समस्या के बजाय मैच की स्थिति से जोड़ा। मैकडोनाल्ड ने एमसीजी में यादगार जीत के बाद कहा, नहीं, कोई चिंता की बात नहीं है। और मुझे लगता है कि लोग शायद इसे बहुत अधिक पढ़ रहे हैं। हमने उन्हें उतनी बार गेंद के साथ नहीं बुलाया जितना हमने सोचा था। उन्होंने आज फिर से गेंदबाजी की। उनकी गति 120 (किमी प्रति घंटे) के उच्च स्तर पर है। वहां कोई चोट की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस कोण से इस तरह की बात करना थोड़ा अनुचित है। हमें किसी कारण से कुछ समय के लिए उनकी आवश्यकता नहीं पड़ी, इसलिए यह एक सामरिक कार्यान्वयन है, न कि एक शरीर। मुझे लगता है कि हमने श्रृंखला में जितने ओवर गेंदबाजी की है, वह शायद हमारे लिए फायदेमंद साबित होगी। फ्रंटलाइन पेसर मिशेल स्टार्क की फिटनेस संदिग्ध होने के कारण, सिडनी टेस्ट के लिए उस स्थान को भरने के लिए पेसर झाई रिचर्डसन और सीन एबॉट ऑस्ट्रेलिया की टीम में हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और मैकडोनाल्ड को श्रृंखला के अंतिम मैच के लिए स्टार्क की उपलब्धता पर भरोसा था। मैकडोनाल्ड ने कहा, पूरी श्रृंखला में, यह अपेक्षाकृत हल्का रहा है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि दोनों (अंतिम टेस्ट में) दबाव बनाने में सक्षम होने के लिए अच्छी स्थिति में होंगे। तो क्या इसका मतलब है कि आपको पांचवें गेंदबाज की आवश्यकता है? मुझे लगता है कि आपको अभी भी पांचवें गेंदबाज की आवश्यकता है। लेकिन क्या आप पांचवें गेंदबाज पर बहुत अधिक मांग करने जा रहे हैं, संभवतः नहीं। इस सीरीज में उनके सीमित योगदान के कारण मार्श की बल्लेबाजी में संघर्ष और बढ़ गया है। पिछले सीजन में ऑस्ट्रेलिया के सबसे बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाज रहे एलन बॉर्डर मेडलिस्ट ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ छह में से चार जीत में अर्धशतक जड़े थे, लेकिन वे अब 10.42 की औसत से सिर्फ 73 रन ही बना पाए हैं। खास बात यह है कि इनमें से 47 रन पर्थ में दूसरी पारी में आए, जब मैच पहले ही हाथ से निकल चुका था। इसकी तुलना में, चौथे टेस्ट के लिए बाहर किए गए नाथन मैकस्वीनी ने 14.40 की औसत से 72 रन बनाए। एक कठिन सीरीज और आत्म-संदेह के इतिहास के बावजूद, कोच मैकडोनाल्ड ने मार्श की मौजूदा मानसिकता पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, क्या वह बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे? इसमें कोई संदेह नहीं है। चार टेस्ट मैचों में, वह उस स्तर पर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जैसा वह चाहते थे और हम चाहते थे, लेकिन हां , वह आगे बढ़ रहे हैं। हमने अभी-अभी एक टेस्ट मैच जीता है। वह काफी अच्छे मूड में है। ऑस्ट्रेलिया ने रिचर्डसन को नए साल की पूर्व संध्या पर एडिलेड में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए बीबीएल मैच खेलने के लिए रिलीज किया। वह बुधवार को टीम में शामिल होंगे और चोटों के इतिहास के बावजूद, कोच मैकडोनाल्ड ने जरूरत पड़ने पर खेलने के लिए उनके तैयार होने पर भरोसा जताया। बहुत आश्वस्त। वह किसी कारण से यहां है। इसलिए अगर हमें भरोसा नहीं होता, तो वह यहां नहीं होता। उसने हमारे साथ नेट्स में एक बहुत ही कठिन सप्ताह बिताया है। सभी संकेत हैं कि अगर उसे बुलाया जाता है तो वह 40 से ज्यादा ओवर गेंदबाजी करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा, सीन एबॉट भी वहां है। हमें लगता है कि, (एससीजी) उसका घरेलू मैदान है, इसलिए अगर उसे बुलाया जाता है तो वह भी उपयोगी साबित होगा। यह हमारे फ्रंटलाइन के तेज गेंदबाजों का आकलन करने और फिर वहां से निर्णय लेने के बारे में होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में दर्दनाक हादसा, क्रेन गिरने से 2 मजदूरों की मौत

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां के रायपुर के सिलतरा के हिंदुस्तान कॉइल लिमिटेड फैक्ट्री में क्रेन गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, क्रेन गिरने से ऑपरेटर जितेंद्र श्रीवास और सोनू राय हजारों टन लोहे में दब गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची है और मलबा हटाने का काम जारी है। घटना को लेकर जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हिंदुस्तान कॉइल्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री की है। बताया जा रहा है कि हादसा बीती रात को हुआ है। घटना के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम और पुलिस प्रशासन ने मलबा हटाने में जुटे। इधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों और फैक्ट्री के मजदूरों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें प्रबंधन द्वारा दोनों की मौत की सूचना नहीं दी गई बल्कि साथी कर्मचारियों ने हादसे की सूचना दी। रात 2ः00 बजे तक परिजनों को मृतकों को देखने नहीं दिया गया। देर रात तक मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ मलबा हटाने में जुटी थी। नगर पुलिस अधीक्षक अमन झा ने बताया कि हादसा किस कारण से हुआ यह जांच का विषय है। दो लोगों की मौत हुई है। इधर पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बैंकों के ड्रॉप बॉक्स से मोटी रकम के चेक चुराने वाला गैंग पकड़ा, नाम बदलकर निकालते थे पैसा

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद की साइबर थाना पुलिस ने बैंक के ड्रॉप बॉक्स से चेक निकालने के बाद उसमें नाम बदलकर रकम अपने खातों में ट्रांसफर कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में सोमवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी जरूरतमंद और भोलेभाले लोगों को लालच देकर उनके नाम पर बैंकों में खुलवाए खाते भी ठगों को देते थे और खुद भी इनका इस्तेमाल करते थे। यह आरोपी अब तक कई राज्यों के लोगों से करोड़ों की ठगी कर चुके हैं। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को विजयनगर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में जिला नदिया पश्चिम बंगाल के बेलतला बाजार निवासी अमित राय, थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर के गांव बढ़ापुर निवासी विवेक कुमार उर्फ जतिन गुप्ता और सोनिया विहार दिल्ली निवासी राहुल शामिल हैं। अमित राय हाल में थाना रोहिणी दिल्ली के सेक्टर-17 में लक्ष्मी चक्की मिल के ऊपर रह रहा था। कंप्यूटर साइंस से एमएससी पास अमित राय गैंग का सरगना है। विवेक बीएससी और राहुल सातवीं पास है। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से नौ मोबाइल फोन, एक चेकबुक, एक पासबुक और दो एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। एडीसीपी क्राइम के मुताबिक, पश्चिम बंगाल निवासी उत्तम दा, बिजनौर निवासी अनुज कुमार और अतुल, देहरादून निवासी मुकेश चौहान उर्फ प्रधान और दिल्ली निवासी विक्की यादव भी गिरोह में शामिल हैं।

### बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता से रोमांचित हो उठे दर्शक, विजेताओं को मिली बाइक

**पूर्वी गोदावरी, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के एडीबी रोड पर रविवार को राज्य स्तरीय बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रतिभागियों और दर्शकों ने प्रतियोगिता का खूब आनंद लिया. इसमें राज्य भर से कुल 63 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें सीनियर वर्ग के लिए 1,600 मीटर और जूनियर वर्ग के लिए 1,000 मीटर की दौड़ शामिल थी. जीएसएल अस्पताल के अध्यक्ष गन्नी भास्कर राव द्वारा गन्नी सत्यनारायणमूर्ति की छठी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई. आंध्र प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री कंडुला दुर्गेश और पूर्व मंत्री व विधायक एन. चिनाराजप्पा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. जीएसएल अस्पताल के उपाध्यक्ष रघुरामकृष्ण राजू, विधायक आदिरेड्डी वासु और बथुला बलरामकृष्ण, आरयूडीए के अध्यक्ष बोड्डू वेंकटरमण चौधरी और पूर्व आरयूडीए अध्यक्ष गन्नी कृष्णा ने सीनियर वर्ग में विजेताओं को पुरस्कार के रूप में दोपहिया वाहन प्रदान किए. वहीं, विधायक नल्लामिल्ली रामकृष्ण रेड्डी और गन्नी भास्कर राव ने जूनियर विजेताओं को पुरस्कार दिए. इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद मार्गनी भरत के साथ-साथ पूर्व विधायक जक्कमपुडी राजा और आर. सूर्यप्रकाश राव ने भी भाग लिया।

# ईडी अधिकारियों ने गिरफ्तारी का दिखाया डर फिर मांगी 25 करोड़ की रिश्वत

## शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों का आरोप




**शिमला , एजेंसी।**
राजधानी शिमला में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सहायक निदेशक रहे विशाल दीप सिंह पर 181 करोड़ रुपये के बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले से जुड़े मामले में रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप लगे हैं। शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने उन पर 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इन संस्थानों के मालिकों ने सोमवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि विशाल दीप सिंह ने उन्हें ईडी कार्यालय में बुलाकर लगातार प्रताड़ित किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर रिश्वत की मांग की।

दरअसल छात्रवृत्ति स्कैम से जुड़ा यह मामला 2013 से 2017 के बीच हिमाचल प्रदेश में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई छात्रवृत्ति योजना के दुरुपयोग से जुड़ा है। इस योजना को राज्य सरकार के माध्यम से लागू किया गया था। लेकिन 181 करोड़ रुपये का यह फंड निजी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा हड़प लिया गया। वर्ष 2019 में राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने इस मामले की जांच शुरू की। शैक्षणिक संस्थानों के मालिक रजनीश बंसल ने बताया कि शुरू में जांच सामान्य तरीके से चल रही थी। लेकिन जैसे ही ईडी अधिकारी विशाल दीप सिंह नवंबर में ईडी के सहायक निदेशक बने तो उन्होंने संस्थानों के मालिकों को कार्यालय बुलाकर रिश्वत मांगनी शुरू कर दी। प्रत्येक संस्थान से एक-एक करोड़ रुपये की मांग की गई। जब पैसे देने से इनकार किया गया तो उन्होंने गिरफ्तारी की धमकी दी।

मालिकों का कहना है कि रिश्वत की यह मांग इतनी बढ़ गई कि आत्महत्या तक की नौबत आ गई। परेशान होकर उन्होंने सीबीआई को शिकायत की। सीबीआई ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए रिश्वत की रकम का एक हिस्सा जाल बिछाकर बरामद किया। जांच के दौरान जीरकपुर और पंचकूला में रिश्वत की रकम से जुड़े स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें 55 लाख रुपये बरामद किए गए।

शैक्षणिक संस्थान के एक चेयरमैन ने बताया कि 19 दिसंबर को उन्हें ईडी कार्यालय बुलाया गया था। यहां दो अन्य अधिकारियों नीरज गर्ग और सुनील कुमार ने पहले रिश्वत की रकम तय की और बाद में विशाल दीप सिंह ने अलग से और रकम की मांग की। इसके बाद संस्थान मालिकों को पंचकूला और जीरकपुर में बुलाकर रिश्वत देने को कहा गया। सीबीआई पहले से सतर्क थी और उसने इन जगहों पर जाल बिछाया था।

इस मामले में ईडी अधिकारी विशाल दीप सिंह का भाई विकास दीप सिंह भी शामिल पाया गया। सीबीआई ने रिश्वत के तौर पर दी गई रकम उनके ठिकानों से बरामद की। हालांकि विशाल दीप सिंह अभी भी फरार हैं। विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया है, लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने बताया कि ईडी कार्यालय में उन्हें दिनभर बिठाया जाता था और बार-बार रिश्वत की मांग की जाती थी। जब पैसे देने से इनकार किया जाता तो जेल भेजने की धमकी दी जाती थी। उन्होंने कहा कि रिश्वत की मांग से तंग आकर उन्होंने सीबीआई को सूचित किया।

शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने मांग की है कि विशाल दीप सिंह और अन्य आरोपी अधिकारियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि ऐसे अधिकारियों की वजह से जांच प्रभावित हो रही है और शिक्षा जगत की साख को गहरा आघात लगा है। बता दें कि सीबीआई की शिमला स्थित ईडी दफ्तर में रेड के बाद ईडी ने मुख्य आरोपी विशाल दीप सिंह को सस्पेंड कर दिया है, लेकिन वह अब तक फरार है। सीबीआई की टीम उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। छात्रवृत्ति घोटाले में 276 शैक्षणिक संस्थानों में से 29 पर खास तौर से जांच चल रही है। इनमें से अधिकांश संस्थान हिमाचल प्रदेश के हैं। सीबीआई ने पहले भी कई संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस घोटाले में शैक्षणिक संस्थानों के कई लोगों को गिरफ्तार किया था।

# नए साल के पहले दिन हिमाचल में नहीं होगी बर्फबारी, लेकिन 2 जनवरी से बदलेगा मौसम

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने को तैयार है। राज्य के हिल्स स्टेशन पर सैलानियों को नए साल में भी बर्फबारी का नजारा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, हिमाचल में 1 जनवरी के दिन मौसम साफ रहेगा। वहीं दो जनवरी से पांच जनवरी तक बर्फबारी का दौर चलेगा।

नए साल की शुरूआत खुशगवार मौसम के साथ होगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि 31 दिसंबर और पहली जनवरी को पूरे राज्य में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। इससे बर्फबारी के बीच नया साल मनाने की सैलानियों की मुराद पूरी नहीं होगी। लेकिन दो जनवरी से बर्फबारी की संभावना बनी हुई है।

वहीं मौसम विभाग के मुताबिक, 2 जनवरी से 5 जनवरी तक हिमाचल में बर्फबारी का दौर चलेगा। इस दौरान शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और चंबा जैसे जिलों के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। शिमला शहर, मनाली और डल्हौजी में भी बर्फबारी होने का अनुमान है। बर्फबारी के चलते ठिठुरन बढ़ेगी और जनजीवन पर इसका असर पड़ सकता है। हालांकि 1 जनवरी के दिन मौसम साफ रहेगा।

पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी के बाद राज्य में धूप तो खिल रही है। लेकिन जनजीवन सामान्य होने में अभी वक्त लगेगा। सोमवार सुबह तक राज्य में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 300 से अधिक सड़कें अवरुद्ध हैं। इनमें से चंबा जिले में ही 60 सड़कें बंद पड़ी हैं। इसके अलावा 118 बिजली के ट्रांसफार्मर ठप हैं और कई क्षेत्रों में पानी जमने से पाइपलाइनों में पेयजल आपूर्ति



बाधित हुई है। प्रशासन और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) अवरुद्ध मार्गों को बहाल करने में जुटे हैं। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की लाहौल घाटी में सीमा सड़क संगठन की 94 आरसीसी और 70 आरसीसी कंपनियां बर्फ हटाने का कार्य कर रही हैं। तीन दिन से बंद अटल टनल को आपातकालीन वाहनों के लिए खोल दिया गया है। फिलहाल सोलंग नाला से अटल टनल रोहतांग तक फोर बाई फोर चैन युक्त वाहनों को ही अनुमति दी जा रही है। राज्य के कई इलाकों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। लाहौल-स्पीति के ताबो में सीजन की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जहां पारा -15.5 डिग्री तक गिर गया। अन्य प्रमुख स्थानों पर भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही है। किन्नौर के कल्पा में न्यूनतम तापमान -3.3 डिग्री, मनाली में -0.9 डिग्री, कुकुमसेरी में -12.3 डिग्री, सियोबाग में -0.2 डिग्री, भरमौर में -0.5 डिग्री, समधो में -11.7 डिग्री और शिमला में 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# महाराष्ट्र में भाजपा अकेले ही निकाय चुनाव लड़ने का बना रही है प्लान

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 133 सीटों पर जीत हासिल करके करिश्मा कर दिया था। महज 148 पर लड़ने वाली भाजपा ने करीब 90 फीसदी सीटों पर जीत हासिल की और महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा की यह सबसे बड़ी सफलता है। इसके पीछे आरएसएस की प्लानिंग और मेहनत को भी एक वजह माना जाता है। इस बीच आरएसएस और भाजपा ने निकाय चुनाव की तैयारियां भी तेज कर दी हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की राय है कि निकाय चुनाव में अकेले ही उतरा जाए ताकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी के मुकाबले ताकत दिखाई जा सके। आरएसएस के लोगों की भी राय है कि भाजपा को निकाय चुनाव में अकेले ही उतरना चाहिए।

रणनीतिकारों का कहना है कि इससे भाजपा को निचले स्तर तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा मुंबई, पुणे, नागपुर समेत तमाम शहरों में वह अपनी ताकत को भी आंक सकेगी। भाजपा के अलावा अन्य दल भी अकेले ही लड़ने के पक्ष में हैं। खासतौर पर महाविकास अघाड़ी में तो उद्धव सेना कई बार दोहरा चुकी है कि वह निकाय चुनाव में अकेले ही उतरेगी। उद्धव सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, पूरे महाराष्ट्र से शिवसैनिकों की राय सामने आ रही है कि हमें अकेले ही चुनाव में उतरना



चाहिए। हाईकमान तक यह बात पहुंची है। उद्धव सेना का कहना है कि इससे हमें दो फायदे होंगे। पहला, यह कि इससे पूरे राज्य में कार्यकर्ता उत्साहित होंगे। दूसरा, पार्टी के ज्यादा से ज्यादा लोगों को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा।

भाजपा ने तो रणनीति बनाना भी तेज कर दिया है। भाजपा ने अपने सभी आनुषांगिक संगठनों को सक्रिय कर दिया है। हाल ही में भायंदर में भाजपा की एक मीटिंग निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई थी। इस बैठक में सीएम देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। पार्टी के एक लीडर ने कहा कि निकाय चुनाव में आरएसएस भी सहयोग करेगा। भायंदर की मीटिंग में इसे लेकर मंथन भी हुआ है।

# मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति बोले- भारत हमारे लोकतंत्र का समर्थक

### रिपोर्ट में दावा- राष्ट्रपति मुइज्जू को हटाने की साजिश में भारतीय अधिकारी शामिल थे

**माले, एजेंसी।**
मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति और विपक्षी पार्टी के नेता, मोहम्मद नशीद ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग लाने की साजिश और उसमें भारत की भूमिका को खारिज किया है। दरअसल सोमवार को अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था मुइज्जू को पद से हटाने के लिए विपक्ष ने साजिश रची थी। इसके लिए भारत से 51 करोड़ की मदद मांगी जानी थी।

इस रिपोर्ट पर नशीद ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी साजिश की जानकारी नहीं और भारत कभी भी ऐसी साजिश का समर्थन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत कभी ऐसा कदम नहीं उठाएगा, क्योंकि वह हमेशा मालदीव के लोकतंत्र का समर्थन करता है। भारत ने कभी हम पर शर्तें नहीं थोपीं।

दावा- 40 सांसदों को रिश्वत देने का प्लान था वाशिंगटन पोस्ट ने दावा किया है कि उसके पास डेमोक्रेटिक रिन्यूअल इनिशिएटिव नाम के कुछ दस्तावेज मौजूद हैं। इनमें मुइज्जू को सत्ता से हटाने की प्लानिंग है। रिपोर्ट के मुताबिक मुइज्जू को सत्ता से हटाने के लिए 40 सांसदों को रिश्वत देने का प्लान बनाया गया था। इनमें मुइज्जू की पार्टी के



सांसद भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों के अलावा सेना और पुलिस के 10 सीनियर अधिकारियों और कुछ आपराधिक गिरोहों को भी पैसे देने का प्लान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए साजिश करने वालों ने 51 करोड़ रुपए की मांग रखी थी। वॉशिंगटन पोस्ट ने मालदीव के दो अधिकारियों के हवाले बताया है कि ये रकम भारत से मांगी जानी थी। वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि, भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आरएडब्ल्यू) के सीनियर अधिकारी ने मुइज्जू को राष्ट्रपति पद से हटाने की योजना पर बात की थी। वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया उसे मुइज्जू के परिवार के एक सदस्य ने कुछ रिकॉर्डिंग दिए हैं। इनमें आरएडब्ल्यू के एक सीनियर खुफिया अधिकारी और अन्य भारतीय मीडिएटर्स के बीच मुइज्जू को पद से हटाने को लेकर हुई बातचीत रिकॉर्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक इन मीडिएटर्स में एक पूर्व भारतीय पुलिस अधिकारी शिरीष थोराट और गोवा के एक पब्लिशर और क्ख्क्क के पूर्व प्रवक्ता सावियो रोड्रिग्स शामिल थे।

# नौ जनवरी को होगा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का अंतिम संस्कार



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नौ जनवरी को वॉशिंगटन डीसी में होगा। राष्ट्रपति जो बाइडन ने नौ जनवरी को राष्ट्रीय शोक दिवस का एलान किया है। उन्होंने कहा है कि नौ जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति कार्टर के सम्मान में संघीय कार्यालय बंद रहेंगे। वहीं अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भी नौ जनवरी को न्यायालय बंद रखने के लिए कहा है। जिमी कार्टर का रविवार देर रात 100 साल की उम्र में निधन हो गया। जिमी कार्टर अमेरिकी इतिहास के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने जिमी कार्टर के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि आज अमेरिका और दुनिया ने एक असाधारण नेता, राजनेता और मानवतावादी खो दिया है। पूर्व राष्ट्रपति कार्टर को श्रद्धांजलि देने के लिए समारोह चार जनवरी से शुरू होंगे। इस दौरान उनके पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए जॉर्जिया स्थित आवास और जॉर्जिया राज्य कैपिटल में रखा जाएगा। इसके बाद सात जनवरी तक पूर्व राष्ट्रपति के पार्थिव शरीर को अटलांटा स्थित कार्टर प्रेसिडेंशियल सेंटर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। यहां से पार्थिव शरीर को अमेरिकी नौसेना स्मारक और अंतिम यात्रा के साथ वॉशिंगटन डीसी ले जाया जाएगा। सात जनवरी को अमेरिकी सांसद दिवंगत राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि देंगे। नौ जनवरी तक पूर्व राष्ट्रपति का पार्थिव शरीर वॉशिंगटन डीसी में रहेगा। यहां सुबह 10 बजे राष्ट्रीय कैथेड्रल में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। सोमवार को अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति कार्टर के बेटे जेम्स कार्टर तृतीय और कार्टर सेंटर को पत्र लिखकर कहा था कि दिवंगत राष्ट्रपति का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार वॉशिंगटन डीसी में किया जाए। राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को एक बयान में कार्टर को श्रद्धांजलि दी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया। पीएम नरेंद्र मोदी ने उनको महान दूरदर्शी राजनेता बताया। पीएम ने कहा कि उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन से बहुत दुख हुआ। वह एक महान दूरदर्शी राजनेता थे।

# मोहम्मद यूनुस के खिलाफ भी छात्रों ने शुरू किया विद्रोह

**ढाका, एजेंसी।**
मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने घोषणा की है कि उसने जुलाई विद्रोह की घोषणा तैयार करने का फैसला किया है. बता दें कि अंतरिम सरकार ने भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन द्वारा प्रस्तावित घोषणा से खुद को अलग कर लिया है. बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने आधी रात को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संवाददाताओं से कहा कि हमें उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में सभी की भागीदारी और आम सहमति से घोषणा तैयार कर ली जाएगी. देश के सामने पेश की जाएगी. यूनुस के आधिकारिक जमुना निवास के सामने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आलम ने कहा कि घोषणा सभी सहभागी छात्रों, राजनीतिक दलों और



हितधारकों के विचारों पर आधारित होगी, जिसमें भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन भी शामिल है, जिसके कारण 5 अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को सत्ता से बाहर होना पड़ा था. आलम ने कहा कि सरकार ने प्रस्तावित चार्टर तैयार करने की पहल लोगों की एकता, फासीवाद विरोधी भावना और जुलाई के विद्रोह के माध्यम से विकसित राज्य सुधार की इच्छा को मजबूत करने के लिए की है. छात्रों के नेतृत्व वाले एक अन्य समूह नेशनल सिटिजन कमेटी के साथ भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन ने दो दिन पहले एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में कहा कि वे मंगलवार दोपहर को ढाका के सेंट्रल शहीद मीनार में जुलाई के विद्रोह की घोषणा करेंगे. लेकिन सरकार की आधी रात की घोषणा के तुरंत बाद, छात्र मंच ने जल्दबाजी में एक आपातकालीन बैठक बुलाई और लगभग दो घंटे बाद पत्रकारों से कहा कि घोषणा के बजाय वे उसी स्थान और समय पर एकता के लिए मार्च का आयोजन करेंगे. मंच के संयोजक हसनत अब्दुल्ला ने 29 दिसंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुजीबिस्ट 72 संविधान को उसी जगह (घोषणा में) दफना दिया जाएगा, जहां जुलाई के विद्रोह के दौरान एक सूत्री घोषणा की गई थी. उस समय अब्दुल्ला ने कहा था कि भारतीय आक्रमण की शुरुआत 1972 के संविधान के सिद्धांतों के माध्यम से हुई थी (और) यह घोषणा यह स्पष्ट करेगी कि मुजीबिस्ट संविधान ने लोगों की आकांक्षाओं को कैसे नष्ट किया और हम इसे कैसे बदलना चाहते हैं. मंच के नेता ने कहा कि इस घोषणा से बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री की नाजी अवामी लीग को भी अप्रासंगिक घोषित करने की उम्मीद है. भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के नेता और राष्ट्रीय नागरिक समिति के मुख्य आयोजक सरजिस आलम ने उसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम मानते हैं कि जिस तरह से हमारी क्रांति को सभी फासीवाद विरोधियों ने अपनाया था, उसी तरह इस घोषणा में भी सभी की उम्मीदें और आकांक्षाएं शामिल होंगी. 1972 का संविधान स्वतंत्र बांग्लादेश के उदय के एक साल बाद 1970 के चुनावों में चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संविधान सभा के सदस्यों के रूप में उनके जनादेश के अनुरूप तैयार किया गया था।

### साउथ कोरिया में 7 दिन का राष्ट्रीय शोक

**सियोल, एजेंसी।** साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश हादसे के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने सोमवार को देश में 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने सभी एयरलाइन सिस्टम की जांच के आदेश दिया है। रविवार को बैंकॉक से आ रहा जेजू एयर का बोइंग 737-800 प्लेन मुआन एयरपोर्ट पर लैंड कर रहा था, लेकिन गियर में खराबी की वजह से इसके पहिए नहीं खुले। बेली लैंडिंग की कोशिश में प्लेन क्रैश कर गया, जिससे उसमें सवार 181 लोगों में से 179 की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वालों में 84 पुरुष और 85 महिलाएं हैं। जबकि 10 शवों के जेंडर का पता नहीं चल पाया। मरने वालों में से 146 लोगों की पहचान कन्फर्म हो चुकी है, बाकी बचे लोगों की पहचान जानने के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा।

हादसे में जिंदा बचे दोनों क्रू मेंबर का इलाज जारी है। होश में आने के बाद दोनों गहरे सदमें है। उन्हें हादसे को लेकर साफ तौर पर कुछ भी याद नहीं है। क्रू मेंबर को हादसे के बारे में साफ तौर पर कुछ याद नहीं कोरियन टाइम्स के मुताबिक हादसे में बच गए दोनों क्रू मेंबर पैसेंजर्स की मदद के लिए प्लेन के पिछले हिस्से में तैनात थे। इनमें से एक 32 साल के ली सदमे में हैं। वे बार-बार पूछ रहे हैं कि उन्हें क्या हुआ है? और वह यहां क्यों हैं? डॉक्टर का कहना है कि ली के बाएं कंधे में फ्रैक्चर और सिर में चोटें आई हैं, लेकिन उनका स्वास्थ्य स्थिर हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129